चंडीगढ़, शुक्रवार
2 जनवरी, 2026
शिमला
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 12+4=16

# दैनिक जागरण



www.jagran.com
हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और पं. बंगाल से प्रकाशित

तीन माह के सूखे पर राहत की बूंदें 3
अरावली को नष्ट किया तो पीढ़ियों को भुगतना होगा खामियाजा 9

# भारत में 15 अगस्त 2027 से दौड़ने लगेगी बुलेट ट्रेन

नई दिल्ली, आइएएनएसः देश में बुलेट ट्रेन चलाने का सपना जल्द पूरा होने जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नए साल के पहले दिन देशवासियों को बड़ी खुशखबरी दी है। इसकी तारीख की घोषणा करते हुए उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 2027 से देश में बुलेट ट्रेन दौड़ने लगेगी। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि अगले साल के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बुलेट ट्रेन की सवारी करने के लिए अभी से टिकट खरीद लीजिए। पहले चरण में सूरत से वापी के बीच 100 किलोमीटर दूरी में ये ट्रेन चलाई जाएगी।

बुलेट ट्रेन में सफर का सपना संजोए हर भारतीय ट्रेन चलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। ये ट्रेन न केवल गौरव का प्रतीक है, बल्कि बदलते भारत की तस्वीर भी बयां करेगी। बता दें कि देश की पहली बुलेट ट्रेन अहमदाबाद और मुंबई के बीच चलाने की योजना है। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद दोनों मेट्रो शहरों के बीच 508 किमी का सफर दो घंटे 17 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का लगभग 55 प्रतिशत काम पूरा हो जुका है। पिछले साल नवंबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सूरत में प्रोजेक्ट की समीक्षा भी की थी।

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले- अभी से खरीद लीजिए टिकट



बुलेट ट्रेन • जागरण आर्काइव

- 320 किमी प्रतिघंटा होगी बुलेट ट्रेन की अधिकतम रफ्तार
- 2027 में सूरत से वापी के बीच खुलेगा 100 किमी का पहला चरण
- 508 किमी दूरी (अहमदाबाद-मुंबई) केवल दो घंटे 17 मिनट में होगी पूरी
- 55 फीसदी काम बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का हो चुका है पूरा
- 12 स्टेशन होंगे अहमदाबाद मुंबई के बीच, पहला स्टेशन साबरमती होगा
- 2017 में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का हुआ था शिलान्यास
- 2030 के कामनवेल्थ गेम्स से पहले प्रोजेक्ट पूरा होने की उम्मीद

पूरे रूट में 352 किलोमीटर हिस्सा गुजरात और दादरा व नगर हवेली के बीच और 156 किलोमीटर महाराष्ट्र में पड़ता है। प्रोजेक्ट को नेशनल हाई-स्पीड रेल कारपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) जापान के सहयोग से तैयार करा रहा है। ये ट्रेन जापान की शिंकानसेन हाई-स्पीड ट्रेन की तर्ज पर चलेगी। इसकी अधिकतम रफ्तार 320 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। पूरे प्रोजेक्ट में कुल 12 स्टेशन पड़ेंगे, जिसमें अहमदाबाद, वड़ोदरा, भड़ूच, सूरत, वापी, ठाणे और मुंबई प्रमुख हैं। प्रोजेक्ट का 85 प्रतिशत हिस्सा यानी लगभग 465 किलोमीटर एलिवेटेड होगा, जिसमें से 326 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है।

### जापान प्रथम, चीन सबसे आगे

चीन, जापान, स्पेन, फ्रांस, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, इटली, और ताइवान में बुलेट ट्रेनें चलती हैं। इनमें चीन के पास इसका सबसे लंबा नेटवर्क है। जापान ने 1964 में सबसे पहले बुलेट ट्रेन की शुरुआत की थी। वहीं फ्रांस और जर्मनी भी हाई-स्पीड रेल के मामले में प्रमुख देश हैं। वहीं अमेरिका, इंडोनेशिया और मोरक्कों में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है।

### गुवाहाटी-कोलकाता के बीच चलेगी पहली वंदे भारत स्लीपर



अश्विनी वैष्णव • जागरण आर्काइव

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल रन पूरा कर लिया गया है। ये ट्रेन 18-19 जनवरी से गुवाहाटी और कोलकाता के बीच चलाई जा सकती है। ट्रायल रन के दौरान ट्रेन ने 16 कोचों के साथ अधिकतम 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ी। इसे जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरी झंडी दिखाएंगे। वैष्णव ने बताया कि गुवाहाटी-हावड़ा के बीच स्लीपर वंदे भारत के तृतीय एसी का किराया लगभग 2300 रुपये हो सकता है। उन्होंने कहा कि हवाई किराए की बात करें तो ये छह से आठ हजार के बीच होता है और कभी-कभी 10 हजार तक भी पहुंच जाता है। द्वितीय एसी कोच का किराया तीन हजार रुपये और फर्स्ट एसी का किराया 3600 रुपये तक जा सकता है। उन्होंने बताया कि साल के अंत तक देश में 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें चलने के लिए तैयार हो जाएंगी।

# स्विट्जरलैंड के रिजार्ट में आग, 40 मरे

## मृतकों में विदेशी भी, नए साल के जश्न के दौरान हुआ हादसा, लगभग 100 लोग घायल

क्रैंस मोंटाना (स्विट्जरलैंड), रायटर : स्विट्जरलैंड के दक्षिण-पश्चिम शहर क्रैंस मोंटाना में बुधवार-वीरवार रात स्विस स्की रिजार्ट में लगी आग में नए वर्ष का जश्न मना रहे लगभग 40 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कुछ विदेशी भी शामिल हैं। लगभग 100 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकतर की हालत गंभीर है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, हालांकि शुरू में आग लगने का कारण धमाके को बताया गया था। अधिकारियों का कहना है कि यह हमला नहीं, बल्कि हादसा लग रहा है।

जानकारी के अनुसार, रिजार्ट के "ली कांस्टेलेशन" नामक बार में स्थानीय समयानुसार रात करीब 1.30 बजे आग लग गई। स्विस पुलिस के अनुसार इसमें दसियों लोगों के मारे जाने की आशंका है। पुलिस ने मृतकों की संख्या बताने से इन्कार कर दिया। लेकिन पड़ोसी देश इटली के विदेश मंत्रालय ने स्विस पुलिस के हवाले से करीब 40 लोगों के मारे जाने की बात कही है। घायलों की संख्या इतनी अधिक थी कि क्षेत्रीय अस्पताल का आइसीयू और आपरेशन थियेटर जल्द ही भर गया था।

एम्मा और अल्बेन नामक दो फ्रेंच युवतियों ने बताया कि वे बार में थीं। रिजार्ट के बेसमेंट में आग तब लगी जब "बर्थडे कैंडल्स" लगी एक बोतल लकड़ी से बनी छत के बहुत नजदीक पहुंच गई। उन्होंने बताया, आग बहुत तेजी से फैल गई। घबराहट में वे एक संकरी सीढ़ी से भूतल पर चढ़ पाईं और इमारत से बाहर निकल गईं। कुछ मिनट बाद आग भूतल तक भी पहुंच गई। स्थानीय बीएफएम टीवी ने एक वीडियो दिखाया जिसमें एक वेट्रेस बार में जलती हुई 'फाउंटेन कैंडल' के साथ शैंपेन की बोतल ले जा रही थी, लेकिन वीडियो में आग फैलती हुई नहीं दिखी। स्विट्जरलैंड में इटली के राजदूत जियान लोरेंजो कोर्नाडो ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि बार के अंदर पटाखे छोड़ने से बार की छत में आग लगी थी। वह क्रैंस-मोंटाना में थे, जहां कई इतालवी लोग लापता रिश्तेदारों या दोस्तों के बारे में जानकारी लेने के लिए इकट्ठा हुए थे। राजदूत ने यह बताने से इन्कार कर दिया कि क्या कोई इतालवी भी पीड़ितों में शामिल है।

घटना के घंटों बाद वीरवार सुबह के फुटेज में दिखा कि इलाके को घेर लिया गया है और वहां फोरेंसिक टीम के टेंट लगाए गए हैं। मृतकों की पहचान का काम जारी है। अधिकारियों ने बताया कि बुरी तरह जले हुए शवों की पहचान करने में काफी समय लगेगा। स्थानीय अभियोजक बीट्राइस पिलौड ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने स्विस कंपनी के रिकार्ड के हवाले से बताया कि बार एक फ्रांसीली युगल का था। उन्होंने कहा कि आग लगने की वजह के बारे में बता पाना अभी जल्दबाजी होगी। विशेषज्ञ अभी तक मलबे के अंदर नहीं जा पाए हैं। साथ ही स्पष्ट किया कि किसी भी तरह के हमले का कोई सवाल ही नहीं है। पुलिस ने बताया कि क्रैंस मोंटाना के ऊपर नो-फ्लाई जोन लागू कर दिया गया है, जहां अगले साल अल्पाइन वर्ल्ड स्की चैंपियनशिप होने वाली है।

स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति जी. पारमेलिन ने एक्स पर पोस्ट में कहा, "जो खुशी का पल होना चाहिए था, वह क्रैंस-मोंटाना में वर्ष के पहले दिन मातम में बदल गया, जिसने पूरे देश और लोगों को दुखी कर दिया है।" पड़ोसी देश इटली और जर्मनी के विदेश मंत्रियों ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया। गुरुवार को पारमेलिन का कार्यालय में पहला दिन था, क्योंकि स्विट्जरलैंड की सरकार के सात सदस्य बारी-बारी से एक वर्ष के लिए राष्ट्रपति पद संभालते हैं। पीड़ितों के परिवारों के प्रति सम्मान में उन्होंने देश के नाम पारंपरिक नए वर्ष का संबोधन भी टाल दिया।



स्विट्जरलैंड के क्रैंस मोंटाना में स्विस स्की रिजार्ट में लगी आग के बाद राहत एवं बचाव कार्य के लिए पहुंचे कर्मी • एपी

### नववर्ष का जश्न मना रहे लोगों पर यूक्रेन का हमला, 24 मरे

मास्को, रायटर : रूस के कब्जे वाले खेरसान के एक गांव पर बुधवार-गुरुवार रात यूक्रेन के ड्रोन हमले में 24 लोग मारे गए हैं। यह हमला तब हुआ जब गांव में स्थित होटल और उससे जुड़े कैफे में आसपास के लोग नववर्ष का जश्न मना रहे थे। जबकि यूक्रेनी सेना ने कहा है कि रूसी सेना यूक्रेन के शहरों पर हमले कर निर्दोष लोगों को मार रही है, ताजा हमला भी उनमें से एक है। लेकिन इस खास हमले के बारे में समाचार एजेंसी के पूछे सवाल का यूक्रेनी सेना ने कोई जवाब नहीं दिया है। रूस के नियंत्रण वाले खेरसान क्षेत्र के गवर्नर व्लादिमीर साल्दो ने यूक्रेनी ड्रोन हमले के बारे में जानकारी दी है। गवर्नर साल्दो द्वारा मीडिया को उपलब्ध कराई गई तस्वीरों में हमले से जल रही होटल की इमारत दिखाई दे रही है और उसकी जमीन पर खून के निशान दिखाई दे रहे हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने बताया है कि यूक्रेनी हमले 24 लोग मारे गए और 50 लोग घायल हुए हैं।

# आंवले जैसे कड़वे निर्णयों का आने लगा मीठा स्वाद

- भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद कर, 40 वर्ष पुरानी व्यवस्था बदलने से आत्मनिर्भर बनेगा हिमाचल : सुक्खू
- भाजपा ने 76 हजार करोड़ का कर्ज व वेतन आयोग की 10 हजार करोड़ रुपये की देनदारियां छोड़ी
- 75 लाख जनता की संपदा लुटने नहीं दी, 2032 में देश का सबसे समृद्ध राज्य बनेगा हिमाचल

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे बंद करने और 40 वर्ष से चली आ रही व्यवस्था को बदलने से हिमाचल प्रदेश वर्ष 2032 में देश का सबसे समृद्ध राज्य बनेगा। कांग्रेस सरकार के शुरू में लिए कड़े निर्णयों का असर अब तीन वर्ष बाद धरातल पर दिखने लगा है। सरकार के फैसले पहले आंवले की तरह कड़वे थे, जिनका मीठा स्वाद अब आने लगा है। हमारी आर्थिक स्थिरता ही आर्थिक निर्भरता की बड़ी निशानी है।

नववर्ष के उपलक्ष्य पर वीरवार को सरकारी आवास ओकओवर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जिस संपदा को पहले कौड़ियों के भाव लुटाया गया, उसे बचाने से हमारी आर्थिकी में सुधार होगा। कई अर्थशास्त्री चर्चा करते होंगे कि हिमाचल को कैसे आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उसका उत्तर यह है कि सरकार ने 75 लाख जनता की संपदा को लुटने नहीं दिया है। पूर्व भाजपा सरकार प्रदेश पर 76 हजार करोड़ रुपये का कर्ज और छठे वेतन आयोग की 10 हजार करोड़ रुपये की देनदारियां छोड़ गई थी। प्रतिकूल वित्तीय हालात में सरकार ने आम लोगों के हित में नियमों में बदलाव किया। आर्थिकी के पटरी पर आने के बाद रोजगार और महिलाओं को सम्मान देने के रास्ते में आ रही अड़चनें दूर होंगी। लोगों को सुविधाएं देने की दिशा में अड़चन बन रहे नियम-कानून बदलेंगे। प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बढ़ते कदम अब रुकेंगे नहीं।

उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड से आ रहे सेब पर रोक लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखेंगे, ताकि हिमाचल की सेब आर्थिकी प्रभावित न हो। आपदा के दौरान प्रधानमंत्री की तरफ से घोषित 1500 करोड़ रुपये इस वर्ष मिलने की उम्मीद है। प्रदेश में मौसम परिवर्तन के कारण वर्षा और बर्फबारी में देरी हो रही है। नववर्ष पर राहत की बूंदें जरूर गिरी हैं। उम्मीद है कि सर्द मौसम के दौरान आशा के अनुरूप वर्षा एवं बर्फबारी होगी। नशा माफिया की कमर तोड़ दी जाएगी। नालागढ़ में सैनिक विश्राम गृह में हुए विस्फोट मामले में पुलिस जांच में जुटी है। इसमें नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने पत्नी एवं विधायक कमलेश ठाकुर के साथ लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को नववर्ष की शुभकामना दी • सौ. डीपीआरओ

### राज्यपाल से की मुलाकात

सीएम सुक्खू ने वीरवार को पत्नी एवं विधायक कमलेश ठाकुर के साथ लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और लेडी गवर्नर जानकी को नववर्ष की शुभकामना दी। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट किया, वहीं कमलेश ने लेडी गवर्नर को शाल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि नया वर्ष हिमाचल के विकास को नई गति देगा।

## संपादकीय

**कमजोर कड़ियों से मुक्ति आवश्यक** : पीएम मोदी को इस साल केंद्रीय मंत्रिमंडल की संरचना और उन लोगों के संबंध में कुछ कड़े निर्णय करने होंगे, जो भाजपा शासित राज्यों में सरकार चला रहे हैं। ए. **सूर्यप्रकाश** का आलेख।



**आवश्यक है अरावली को बचाना**: अरावली को ऊंचाई से परिभाषित करना न केवल वैज्ञानिक रूप से गलत, बल्कि पारिस्थितिक रूप से खतरनाक भी था। डा. **लक्ष्मीकांत शर्मा** का दृष्टिकोण। • पेज 6

## उम्मीदें 2026

### शिक्षा से सशक्त हो रहा है समाज

वर्ष 2026 की ओर बढ़ते हुए दैनिक जागरण के विशेष समाचारीय अभियान 'उम्मीदें-2026' में स्वस्थ समाज के बाद अब अगली कड़ी में सुशिक्षित समाज की उस तस्वीर को उकेरा जा रहा है।

• जागरण सिटी पर

## दैनिक जागरण सप्तरंग

मनोरंजन की दुनिया का

बड़ा दांव सितारों पर

इसमें टाइगर की क्या गलती : जैकी श्राफ



• पेज 8 पर

जागरण

कर्मजं बुद्धियुक्ता हि फलं त्यक्त्वा मनीषिणः।
जन्मबन्धविनिर्मुक्ताः पदं गच्छन्त्यनामयम्।।

गीता 2:51

भावार्थ : समबुद्धि से युक्त ज्ञानीजन कर्मों से उत्पन्न होने वाले फल को त्यागकर जन्मरूप बन्धन से मुक्त हो निर्विकार परमपद को प्राप्त हो जाते हैं।



**श्रद्धेय पूर्णचन्द्र गुप्त**

संस्थापक : दैनिक जागरण

| जन्म | देहावसान |
|---|---|
| 2 जनवरी 1912 | 16 सितम्बर 1986 |

**114 वें जन्म दिवस पर,**
हम सब श्रद्धा के साथ आज आपका स्मरण करते हैं तथा आपके निर्धारित मार्ग पर चलते रहने का संकल्प लेते हैं।

समस्त दैनिक जागरण परिवार

भरोसा जो हमेशा बना रहे



इसे खोने मत दीजिए

भारतीय जीवन बीमा निगम पेश करते हैं
विशेष पुनर्चलन अभियान
विलंब शुल्क (Late Fee) में छूट के साथ
अवधि 1 जनवरी, 2026 से 2 मार्च, 2026 तक

जल्दी कीजिए! ये मौका कहीं चूक ना जाए.

अपनी कालातीत (lapsed) हो चुकी पॉलिसी की बीमा-सुरक्षा को पुनर्चलित (revive) करें और इसके लाभ उठाते रहें.*
*नियम व शर्तें लागू

| कुल प्राप्य प्रीमियम | विलंब शुल्क में % रियायत | अधिकतम रियायत उपलब्ध** |
|---|---|---|
| ₹ 1,00,000 तक | 30% | ₹ 3,000 |
| ₹ 1,00,001 से ₹ 3,00,000 तक | 30% | ₹ 4,000 |
| ₹ 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹ 5,000 |

** नियम व शर्तें लागू
योजना की शर्तों के अनुसार भुगतान न हुई पहली प्रीमियम की तिथि से 5 वर्ष के भीतर पॉलिसी का पुनर्चलन करवाया जा सकता है.
जुड़े रहिए. एलआईसी के साथ अपना मोबाइल नंबर, ई-मेल, एनईएफटी और पेन अपडेट करें.
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या www.licindia.in पर विजिट करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
LIC/ P1/2025-26/30/Hin

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.


MRP ₹ 5,790
COMBO PRICE ₹2026
Induction Prime 1800W + Stainless Steel Inox Pressure Cooker 3 Ltr Inner Lid Induction Base
MRP ₹ 5,420
COMBO PRICE ₹2026
Enora 500W 3 Jar Mixer Grinder + 3 Ltr Deluxe XL Inner Lid
MRP ₹ 4,215
COMBO PRICE ₹2026
Fav Tawa 280 + Storm Pressure Cooker 3 Ltr Inner Lid Induction Base + Storm Pressure Cooker 5 Ltr Inner Lid Induction Base
Pigeon®
India's Choice Sale
फ्लैट प्राइस सिर्फ ₹2026*
*T&C Apply
MRP ₹ 5,989
COMBO PRICE ₹2026
Tawa 250 & Fry Pan 220 + Ayush 2 Burner Black
MRP ₹ 3,990
COMBO PRICE ₹2026
EVA Infrared Cooktop 2000W
MRP ₹ 4,695
COMBO PRICE ₹2026
Electric Rice Cooker Inox Pro With Steamer 1.8LDX
MRP ₹ 4,990
COMBO PRICE ₹2026
Idiyappam Maker/Noodle Maker + CerraSteel Forged Ceramic Tawa 280
MRP ₹ 4,650
COMBO PRICE ₹2026
Electric Rice Cooker 1.8 Ltr Single Pot + Wonder Cast 280 Tawa
MRP ₹ 4,715
COMBO PRICE ₹2026
1.5 Ltr Swift Plus Multi-Cook Kettle - Blue + Popup Toaster + Inox Hydra Water Bottle 900 ml
MRP ₹ 5,995
COMBO PRICE ₹2026
OTG 14 Ltr
Black Diamond Chimney 60cm + Ayush 3 Burner XL
MRP ₹ 25,489
COMBO PRICE ₹11,995
MRP ₹ 4,770
COMBO PRICE ₹2026
Nutri Blender 400W 2 Jar + 1.2 Ltr Multipurpose Kettle
STOVEKRAFT®
Dharamshala: Hit Tech Appliances: 7018659033 Sales: 8580592982
For Corporate and Bulk Enquiry: 9988680667
Pigeon Exclusive Stores: Dharmashala: Solan: Mall Rd: 8894466888 UNA: 9015434162 Paonta Sahib: 9012474068
Open your own Pigeon Exclusive Store, call: 9878663374
For any service related queries, please contact: 6364914202
Locate your nearest Pigeon Exclusive Store

चंडीगढ़, शुक्रवार
2 जनवरी, 2026
शिमला
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 12+4=16

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और पं. बंगाल से प्रकाशित

देवी-देवताओं के आशीर्वाद से नववर्ष की शुरुआत 4

बिना मौका दिए पंत को बाहर करना सही होगा? 11



# तीन माह के सूखे पर राहत की बूंदें

10 जिलों सहित अन्य स्थानों पर हुई वर्षा किसानों में जगी राहत की उम्मीद | बारालाचा, कुंजुम, सोलंगनाला में हिमपात; जाखू, कुफरी व डलहौजी में गिरे फाहे | कुफरी में हल्की और कसौली में भारी ओलावृष्टि, रोहतांग व शिंकुला नहीं गए वाहन

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● शिमला :** नव वर्ष हिमाचल के लोगों के लिए राहत लेकर आया। लगभग तीन माह से वर्षा न होने के कारण सूखे की चपेट में आई फसलों के लिए वीरवार को आसमान से राहत की बूंदें बरसीं। हालांकि वर्षा ज्यादा नहीं हुई, लेकिन किसानों में वर्षा की आस जगी है। शिमला, सोलन, ऊना, कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी, कुल्लू, सिरमौर व चंबा सहित अन्य स्थानों पर वर्षा हुई। शिमला के कुफरी में हल्की, जबकि कसौली में भारी ओलावृष्टि हुई। कसौली में ओलावृष्टि से सड़क पर फिसलन हो गई, जिससे वाहन चालकों को गाड़ियां रोकनी पड़ीं।

रोहतांग दर्रे, शिंकुला, कोकसर, अटल टनल और समस्त चोटियों पर हिमपात का क्रम वीरवार को भी जारी रहा। हिमपात के कारण रोहतांग व शिंकुला दर्रे के लिए वाहनों की आवाजाही बंद रही। कोकसर में पर्यटकों का स्वागत बर्फ के फाहों ने किया। रोहतांग, शिंकुला, बारालाचा व कुंजम दर्रे में सात इंच से अधिक, जांस्कर, समदो में चार, कोकसर में तीन, अटल टनल में दो व सोलंगनाला में एक इंच हिमपात हुआ। फोर बाई फोर वाहन कोकसर से आगे पहुंचे व सामान्य वाहनों में पर्यटक अटल टनल व सिस्सू पहुंचे। अटल टनल रोहतांग से 24 घंटे के भीतर 13000 पर्यटक वाहन आर-पार हुए। मंडी जिले के कमरूनाग, शिकारी माता सहित अन्य चोटियों पर हिमपात हुआ। इसका सबसे अधिक लाभ बागवानों को होगा जो सेब के तौलिये बनाने सहित अन्य कार्य कर सकेंगे।

डलहौजी शहर में भी बर्फ के फाहे गिरे। पांगी की पहाड़ियों पर भी हिमपात शुरू हो गया है। कुफरी, नारकंडा और जाखू में बर्फ के फाहे गिरे। ताजा हिमपात और तेज हवाओं के कारण ठंड बढ़ गई है। सेऊबाग में 46 और नारकंडा में 37 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से तेज हवाएं चलीं। प्रदेश में अधिकतम तापमान में शिमला में सबसे अधिक गिरावट 5.4 डिग्री सेल्सियस की आई और यहां तापमान 10 डिग्री पहुंच गया। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान बजौरा में 20.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने दो व तीन जनवरी को छह जिलों मंडी, ऊना, चंबा, हमीरपुर, सोलन और बिलासपुर में शीतलहर के अलावा कोहरे की चेतावनी जारी की है। आठ जनवरी तक मौसम साफ रहने की संभावना है।





मनाली के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोलंगनाला में हो रहे हिमपात का सुंदर नजारा। लंबे इंतजार के बाद सोलंगनाला में बर्फ के फाहे गिरने शुरू हुए तो पर्यटक मस्ती से झूम उठे। (दाएं) पर्यटन नगरी कसौली में मंकी प्वाइंट सड़क पर बिछे ओलों पर कारें फिसलने के कारण रोकनी पड़ीं। वाहन चालकों को काफी सावधानी बरतनी पड़ी ● जागरण/सौ. नीरज भाटिया

### 1901 से लेकर अब तक छठी सबसे कम वर्षा

प्रदेश में दिसंबर में वर्ष 1901 से अब तक 0.1 मिलीमीटर छठी सबसे कम वर्षा दर्ज की गई है। केवल लाहुल स्पीति में 0.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जबकि अन्य जिलों में वर्षा हुई ही नहीं। प्रदेश में अक्टूबर की शुरुआत में वर्षा हुई थी। प्रदेश में तीन माह के दौरान सामान्य से 16 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई। हालांकि नवंबर और दिसंबर में वर्षा नहीं हुई। इसके कारण गेहूं, मटर, जौ आदि फसलों सहित फलदार पौधों को नुकसान हुआ है। नए पौधे लगाने का काम भी रुक गया है।

### कांगड़ा एयरपोर्ट में नहीं आया एक भी विमान

मौसम अनुकूल न होने से वीरवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पर एक भी विमान नहीं आया। तीन विमान इंडिगो और दो स्पाइसजेट के नहीं आए। इस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ऊना जिले में सभी रेलगाड़ियां समय पर पहुंचीं।

# मौतों पर प्रश्न पूछा तो मंत्री विजयवर्गीय ने कहे अपशब्द

**दूषित पेयजल मामला**

मीडियाकर्मी से मध्य प्रदेश के मंत्री यह भी कहा- फोकट के प्रश्न मत पूछो, कुछ ही घंटों बाद जताया खेद



पत्रकार द्वारा सवाल पूछने पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बिगड़े बोल ● वीडियो ग्रैब >>

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर :** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पेयजल से 14 लोगों की मौत हो चुकी है। इसको लेकर जिम्मेदारों से प्रश्न स्वाभाविक है, लेकिन जब इस बारे में मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय से मीडिया ने प्रश्न पूछा तो वह आपा खोकर अपशब्द का प्रयोग करने लगे। उन्होंने मीडियाकर्मी से यह भी कहा कि फोकट के प्रश्न मत पूछो। हालांकि, कुछ घंटों बाद ही गलती का अहसास हुआ तो उन्होंने खेद प्रकट किया। बता दें कि कैलाश विजयवर्गीय पूर्व में भी विवादित बयानों को लेकर चर्चाओं में रहे हैं।

इंदौर शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में काफी समय से दूषित पेयजल की आपूर्ति की जा रही थी। इस वजह से लगभग 1100 नागरिक अस्वस्थ हो गए। 100 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराना पड़ा। अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है और 11 बच्चों सहित 28 लोग आइसीयू में भर्ती हैं। इससे प्रशासन पर प्रश्न उठ रहे हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जो स्वयं इंदौर शहर के रहने वाले हैं, उनसे बुधवार रात को मीडिया ने मौतों को लेकर सवाल किया तो वह आपा खो बैठे। दरअसल, मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव इंदौर के प्रभारी मंत्री भी हैं। वह बुधवार को अस्वस्थ होने वालों का हालचाल जानने एमजीएम अस्पताल पहुंचे थे। इस बीच अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद जैसे ही विजयवर्गीय बाहर निकले तो एक मीडियाकर्मी ने उनसे प्रश्न किया कि भागीरथपुरा पीड़ितों द्वारा निजी अस्पतालों में जमा कराया गया पैसा वापस नहीं मिल रहा है, जबकि इसकी बात कही गई थी। भागीरथपुरा क्षेत्र में पीने के पानी का संकट भी अब तक बना हुआ है। इतना सुनते ही विजयवर्गीय नाराज हो गए। उन्होंने मीडियाकर्मी से कहा कि फोकट के प्रश्न मत पूछो। इस पर मीडियाकर्मी ने कहा कि फोकट का प्रश्न नहीं, मैं तो वहां से (भागीरथपुरा से) होकर आया हूं। इस पर विजयवर्गीय ने अपशब्द का प्रयोग किया।

संपादकीय >> जानलेवा जल

दैनिक जागरण
**संगिनी**
जिंदगी के हर पहलू की



पूरे होंगे सपने
नए साल का स्वागत करें कुछ इस तरह...



क्यों बढ़ी चांदी की चमक
नए साल में चांदी में निवेश से पहले जानें कुछ जरूरी बातें...



गलतियां तो होंगी
अभिनेता मनोज बाजपेयी क्यों कह रहे हैं ऐसा...
पढ़ें इस शनिवार

दैनिक जागरण
**झंकार**
जिंदगी की



संकल्प से सिद्धि तक
भारत के वो महत्वाकांक्षी लक्ष्य, जो बनाएंगे इसे विकसित देश



दूध का दाम
बलाइचंद मुखोपाध्याय की बांग्ला कहानी का अनूदित अंश



दिल छूने वाली बात
क्यों आज भी वही कशिश है उस एक छोटी सी बात में
पढ़ें इस रविवार

● नालागढ़ पुलिस थाना के पास धमाका, पांच भवनों के शीशे टूटे ● पेज 4

● हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा, कितने आउटसोर्स कर्मचारी नियमित किए ● पेज 4

● हिमाचल में 420 दिन से बिना कार्यकारिणी के कांग्रेस ● पेज 4






संपादकीय जागरण

शुक्रवार, 2 जनवरी, 2026 : पौष शुक्ल - 14 वि. 2082

गलती स्वीकार करना उसे सुधारने का पहला कदम है

## जानलेवा जल

देश के सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा रखने वाले इंदौर में दूषित पेयजल से 14 लोगों की मौत हो जाना बहुत ही आघातकारी और शर्मनाक घटना है। यह स्वच्छता के मानकों पर सवाल खड़े करने के साथ ही नगर निगम के नाकारापन को बयान करने वाली एक ऐसी घटना है, जो देश की छवि भी मलिन कर रही है। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल की आपूर्ति इसलिए जानलेवा साबित हुई, क्योंकि सीवर की गंदगी पीने की पाइपलाइन में चली गई और फिर वह घरों तक पहुंच गई। यदि दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत पर तत्काल ध्यान दिया गया होता तो इस भयावह त्रासदी को रोका जा सकता था, लेकिन जैसा कि अपने देश में होता है, गंदी जलापूर्ति की शिकायतों पर तब तक ध्यान नहीं दिया गया, जब तक लोग मरने नहीं लगे। 14 लोगों की मौत और एक हजार से अधिक लोगों के बीमार होने और इनमें से सौ से ज्यादा लोगों के अस्पताल में भर्ती होने से यह सहज ही समझा जा सकता है कि कितने अधिक जहरीले जल की आपूर्ति हो रही थी। यह आपूर्ति इंदौर के उस इलाके में हो रही थी, जो नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का निर्वाचन क्षेत्र है और पेयजल की आपूर्ति करने वाला विभाग उनके ही मंत्रालय के तहत आता है। जब मंत्री महोदय से इस हत्यारी लापरवाही पर सवाल किए गए तो उन्होंने संवेदनहीनता का परिचय देते हुए ऐसे सवालों को फोकट का बता दिया।

इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि चौतरफा आलोचना से घिरने के बाद कैलाश विजयवर्गीय ने खेद जता दिया, क्योंकि उनकी वह संवेदनहीनता तो प्रकट हो ही गई, जो ऐसी घटनाओं का कारण बनती है। यह भी संतोषजनक नहीं कि इंदौर नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया, क्योंकि एक तो निलंबन कोई सजा नहीं और दूसरे, इसमें संदेह है कि ऐसे उपाय किए जा सकेंगे, जिससे फिर कभी दूषित जलापूर्ति न हो सके। यह समझा जाए तो अच्छा कि स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति केवल इंदौर नगर निगम को ही सुनिश्चित नहीं करनी, क्योंकि देश में आम तौर पर पेयजल की गुणवत्ता संतोषप्रद नहीं। इसका प्रमाण यह है कि लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ आदि का सहारा लेना पड़ता है या फिर पीने का पानी खरीदना पड़ता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि एक ओर जहां पेयजल की गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी होती है, वहीं दूसरी ओर टूटी-फूटी पाइपलाइनों की सुधि मुश्किल से ही ली जाती है। इसका परिणाम यह है महानगरों तक में गुणवत्ताहीन पेयजल की आपूर्ति होती है। इसके चलते प्रति वर्ष टाइफाइड, हेपेटाइटिस और हैजा जैसी जलजनित बीमारियों के लाखों मामले सामने आते हैं। यह तथ्य नीति आयोग के समग्र जल प्रबंधन सूचकांक का है कि भारत में सुरक्षित पेयजल के अभाव में हर साल लगभग दो लाख लोग जान गंवाते हैं।

## जीवन के पक्ष में

सड़क दुर्घटना केवल चोट नहीं देती, जीवन को ही मृत्यु में नहीं बदलती अपितु परिवारों को कभी न भरने वाले घाव भी दे जाती है। बुधवार देर रात कुल्लू जिले में कार दुर्घटना में चार लोगों की मौत वस्तुतः चार परिवारों पर आई आपदा है। वीरवार को मंडी जिला में कार दुर्घटना में पांच घायल हो गए हैं। हालांकि जांच ही वास्तविक कारण बताएगी, संदेह नहीं कि अधिसंख्य दुर्घटनाएं लापरवाही का प्रतिफल होती हैं। हर दिन प्रदेश के किसी न किसी क्षेत्र से वाहन दुर्घटना जख्म देती है। दुर्घटनाएं रोकने व इनका प्रभाव कम करने के लिए जो पक्ष सक्रिय होने चाहिए वह दुर्घटना के बाद ही सक्रियता दिखाते हैं। इसके बाद चालान की संख्या बढ़ती है और चालक भी यातायात नियमों के प्रति सतर्क दिखते हैं लेकिन कुछ समय बाद फिर उसी ढर्रे पर लौट आता है। अधिकतर दुर्घटनाओं के पीछे मानवीय चूक होती है। हिमाचल प्रदेश में सर्दी के बीच अब हिमपात और वर्षा का क्रम भी शुरू होगा। कई क्षेत्रों में धुंध भी बढ़ेगी। आवश्यक है कि वाहन चालक अधिक सतर्क रहें। संबंधित विभाग के साथ स्थानीय प्रशासन की गंभीरता आवश्यक हैं। सड़कों की स्थिति में सुधार सतत प्रक्रिया है लेकिन दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील स्थलों पर निरंतर कार्य होना चाहिए। वाहन चालकों को सचेत करने के लिए संकेतक अनिवार्य हैं। वाहन चालकों को समझना होगा कि यातायात नियमों का पालन चालान से बचने से भी अधिक जीवन के लिए आवश्यक है।

**सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए हर पक्ष को सक्रियता बढ़ाने की आवश्यकता है**

### कह के रहेंगे

माधव जोशी




### जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतें इस शहर की स्वच्छ छवि पर दाग लगा गईं?**




**आज का सवाल**

क्या तंबाकू उत्पादों पर अधिक टैक्स लगाने से उनकी खपत में कमी आएगी?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है।
सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# कमजोर कड़ियों से मुक्ति आवश्यक



ए. सूर्यप्रकाश

**पीएम मोदी को इस साल केंद्रीय मंत्रिमंडल की संरचना और उन लोगों के संबंध में कुछ कड़े निर्णय करने होंगे, जो भाजपा शासित राज्यों में सरकार चला रहे हैं**

नए साल में कुछ नई चुनौतियां भी साथ आई हैं। देश और विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी को इन चुनौतियों का सामना करना है। स्वाभाविक रूप से ऐसी चुनौतियों के कुछ तार कहीं न कहीं पिछले साल से भी जुड़े हुए हैं। अस्थिरता के शिकार वैश्विक ढांचे में डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों ने जो अनिश्चितता बढ़ाई, उससे उपजी चुनौतियों को प्रधानमंत्री मोदी ने कुशलता से संभाला। हालांकि इंडिगो संकट, अरावली खनन, प्रदूषण से कराहती राष्ट्रीय राजधानी के मुद्दे बेहद परेशान करने वाले रहे। दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे पूर्व विधायक को मिली राहत जैसी घटना भी चौंकाने वाली रही। हालांकि बाद में शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के फैसले को पलट दिया। गोवा के नाइट क्लब में लगी भीषण आग की घटना में जिंदा जले लोग भी राज्य सरकार की अक्षमता और भ्रष्टाचार के शिकार बने। यह भी एक दुर्योग रहा कि ऐसे सभी मामले साल की अंतिम तिमाही के दौरान सामने आए, जो कहां न कहीं दर्शाता है कि प्रधानमंत्री के पास न केवल केंद्रीय, बल्कि राज्यों के स्तर पर भी सक्षम मंत्रियों एवं नौकरशाहों का अभाव है, जो एक पारदर्शी एवं प्रभावी सरकार की योजनाओं को लागू करने में सहायक बन सकें।

इंडिगो प्रकरण की ही बात करें तो विमानन नियामक ने इस कंपनी को ऐसी गुंजाइश ही क्यों दी कि वह बाजार के 65 प्रतिशत हिस्से पर काबिज हो सके। उसे परिचालन विस्तार के लिए ऐसी अनुमति कैसे मिलती गई कि वह नियामक को ही अपनी अंगुलियों पर नचा सके? ऐसे में डीजीसीए के ढांचे और कार्यप्रणाली पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। क्या उसके अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम हैं या महज उसमें नियुक्ति पाने वाले नौकरशाह ही हैं। दिसंबर की शुरुआत में विमान सेवाओं के एक बड़े हिस्से के करीब-करीब ठप पड़ने के कई सप्ताह बाद भी इन सवालों के जवाब अभी तक नहीं मिल पाए हैं।

जहां तक अरावली मुद्दे का सवाल है तो केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने इस मामले में नवंबर में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बचाव किया। हालांकि बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने ही अपने उस फैसले पर स्थगन का निर्णय किया। नवंबर में अदालत ने सरकार द्वारा गठित "विशेषज्ञ पैनल" द्वारा दी गई एक अजीब परिभाषा को स्वीकार कर लिया था। इसमें अरावली पहाड़ियों को 100 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों के रूप में श्रेणीबद्ध किया गया था। जहां मंत्रालय ने अपनी तथाकथित "विशेषज्ञ समिति" की इस राय का जोरदार बचाव किया, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने अपने नवीनतम आदेश में इसके विपरीत रुख अपनाया। सरकार की 'विशेषज्ञ समिति' की बात करें तो उसमें अधिकांश सदस्य पर्यावरण विशेषज्ञ न होकर नौकरशाह ही थे। इस मामले को लेकर रुख बदलने में मीडिया के सवालों की अहम भूमिका रही है। मीडिया के माध्यम से ही यह हैरान करने वाली जानकारी भी सामने आई कि नवंबर में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तुरंत बाद सरकार ने दर्जनों खनन पट्टों को त्वरित गति से स्वीकृति प्रदान की। यदि यह सच है तो एक बड़ी विडंबना को ही दर्शाता है कि खनन माफिया पूरे परिदृश्य को किस हद तक प्रभावित करने की स्थिति में पहुंच गया है। सरकार इस मामले में समय से स्पष्टता नहीं दिखा सकी, जिससे उसकी छवि प्रभावित हुई।

यह किसी से छिपा नहीं रह गया है कि राजधानी दिल्ली प्रदूषण के मामले में नए कीर्तिमान बनाती जा रही है, लेकिन पर्यावरण मंत्रालय के पास इस स्थिति को परिवर्तित करने के लिहाज से कुछ उल्लेखनीय नहीं है। बीते साल कुछ दिनों के दौरान एक्यूआइ का आंकड़ा 500 से 1,000 तक पहुंचता दिखा, लेकिन पर्यावरण मंत्रालय ने किसी निदान के बजाय दोषारोपण का सहारा लेने को ही प्राथमिकता दी। कभी पराली को लेकर अंगुली उठाई गई तो कभी आम आदमी पार्टी पर। प्रदूषण से निपटने में किसी कारगर कार्ययोजना के मामले में दिल्ली सरकार भी अकर्मण्य ही नजर आई। इसका ही परिणाम है कि दिल्ली रहने के लिहाज से बेहद खतरनाक शहर बन गया है। लोग असहाय महसूस कर रहे हैं। इससे केंद्र सरकार की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है।

गुजरे हुए साल के अंतिम दिनों में उन्नाव दुष्कर्म मामले में सजायाफ्ता पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से मिली राहत भी चर्चा के केंद्र में रही। सीबीआइ की ओर से पेश हुए सालिसिटर जनरल ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की अपील की और सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के फैसले को पलट भी दिया। कुछ वर्ष पूर्व यह मामला सामने आने के बाद सेंगर को भाजपा ने निष्कासित कर दिया था, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि ऐसे व्यक्ति को पहले-पहल भाजपा में शामिल ही क्यों किया गया? इस पूरे मामले में कई कानूनी सवाल भी उठते हैं, क्योंकि पीड़िता के पिता की हत्या के मामले में भी सेंगर जेल में बंद है। सेंगर पर सख्ती के मामले में भी मीडिया के रुख की अहम भूमिका रही।

गोवा का नाइट क्लब भी शासन-प्रशासन के स्तर पर घोर लापरवाही का ज्वलंत उदाहरण रहा। क्लब में लगी आग में 25 लोग मारे गए और कई घायल हुए। कई आवश्यक स्वीकृतियों के बिना भी इस क्लब का संचालन हो रहा था। इसका प्रवेश और निकास मार्ग ही इतना संकरा था कि राहत एवं बचाव अभियान में तमाम बाधाएं आईं। क्या यह सब पहले नहीं दिख रहा था? ऐसे में, सवाल उठना स्वाभाविक है कि किसकी कृपा से क्लब को लाइसेंस मिला और वहां जिम्मेदार लोगों ने सुरक्षा प्रबंधों की सुध लेने की जिम्मेदारी क्यों नहीं समझी। इस परिदृश्य को देखते हुए यह कहना आवश्यक है कि प्रधानमंत्री के लिए कुछ कड़े निर्णय लेने का समय आ गया है। उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल की संरचना से लेकर उन लोगों के संबंध में कुछ कड़े निर्णय करने होंगे, जो भाजपा शासित राज्यों में सरकार चला रहे हैं। अन्यथा अप्रिय घटनाएं उनकी छवि पर नकारात्मक असर डालेंगी। ऐसी स्थिति से बचने के लिए उन्हें अविलंब कड़ा रुख अपनाना होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)
response@jagran.com




अवधेश राजपूत

# आवश्यक है अरावली को बचाना



डा. लक्ष्मीकांत शर्मा

**अरावली को ऊंचाई से परिभाषित करना न केवल वैज्ञानिक रूप से गलत, बल्कि पारिस्थितिक रूप से खतरनाक भी था**

हाल में सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पर्वतमाला की परिभाषा के संदर्भ में दिए गए अपने ही फैसले पर रोक लगा दी। उस फैसले में सौ मीटर ऊंची पहाड़ियों को ही अरावली मानने को मंजूरी दे दी गई थी। इसके परिणामस्वरूप कई छोटी, लेकिन पारिस्थितिकीय रूप से महत्वपूर्ण भू-आकृतियां संरक्षण की कानूनी सुरक्षा से बाहर आ सकती थीं। इस पर पर्यावरणीय विरोध और कानूनी प्रश्न उठे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने फैसले पर रोक लगाते हुए कहा कि उसे लागू करने से पहले उसकी वैज्ञानिक, पर्यावरणीय और कानूनी समीक्षा आवश्यक है। अदालत ने विशेषज्ञ समिति के गठन का प्रस्ताव रखा है, ताकि परिभाषा, खनन नियम, संरक्षित क्षेत्र और पारिस्थितिकीय निरंतरता से जुड़े सभी मुद्दों का विस्तृत अध्ययन हो सके। नवीनतम निर्णय इसका संकेत है कि सुप्रीम कोर्ट स्वयं भी मानता है कि पहले के निर्णय के वैज्ञानिक और पारिस्थितिकीय परिणाम संदेहास्पद हैं। 20 नवंबर, 2025 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अरावली की एकसमान परिभाषा को स्वीकृति देने वाला आदेश एक लंबे समय से प्रशासनिक स्पष्टता के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा था। यह आदेश भारत की सबसे प्राचीन पर्वतमाला की कानूनी और पारिस्थितिकीय सुरक्षा को कमजोर कर सकता था, खासकर तब, जब वह पहले से ही अभूतपूर्व दबाव में है।

अरावली करीब दो अरब वर्ष पुरानी भू-वैज्ञानिक प्रणाली है, जो भूजल भरण को नियंत्रित करती है, मरुस्थलीकरण को रोकती है, जलवायु को संतुलित करती है और उत्तर-पश्चिम भारत में लाखों लोगों की आजीविका का सहारा है। इसे केवल ऊंचाई आधारित नियम से परिभाषित करना न केवल वैज्ञानिक रूप से गलत था, बल्कि पारिस्थितिकीय रूप से भी खतरनाक था। जिस समिति की रिपोर्ट पर उक्त आदेश आधारित था, वही समिति स्वीकार करती है कि अरावली परिदृश्य में ढलान और ऊंचाई व्यापक रूप से बदलती रहती है। समिति के अनुसार 34 में से 23 अरावली जिलों में औसत ढलान छह डिग्री से कम है, जबकि 12 जिलों में यह तीन डिग्री से भी कम है। रिपोर्ट यह सही निष्कर्ष निकालती थी कि केवल ढाल और ऊंचाई को मानदंड बनाना विसंगति बढ़ाएगा। इसके बावजूद अंतिम सिफारिश में 100 मीटर के प्रविधान को मान्यता दे दी गई थी। यह वैज्ञानिक तर्क और प्रशासनिक विवेक के मूल सिद्धांतों के विपरीत था। भारतीय भू-आकृतिक परिस्थितियों में 100 मीटर ऊंचाई का नियम मनमाना था। अरावली जिलों में औसत ऊंचाई कुछ क्षेत्रों में 100-200 मीटर से लेकर केवल एक जिले में 600 मीटर से अधिक है। इतनी विविधता में एकसमान सीमा लागू करना, भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण और सर्वे आफ इंडिया के सिद्धांतों के विपरीत है। इसी प्रकार 500 मीटर 'रेंज कनेक्टिविटी नियम' भी चिंताजनक था। इसके अनुसार दो या अधिक पहाड़ियां यदि 500 मीटर के भीतर हों तो उन्हें एक अरावली रेंज माना जाएगा। इसका कोई भू-वैज्ञानिक आधार नहीं और न ही भारतीय पर्वत प्रणाली मानचित्रण में कोई उदाहरण। सबसे अधिक चिंता का विषय यह था कि समिति ने अरावली क्षेत्रों में महत्वपूर्ण खनिजों के खनन की अनुमति का प्रविधान सुझाया था। यह सबसे नाजुक कोर क्षेत्रों में खनन के लिए कानूनी दरवाजा खोल देता।

अरावली कम नाजुक नहीं, बल्कि अधिक नाजुक है। अरावली राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और गुजरात में फैली है। इसकी चट्टानें पुरानी और भंगुर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अरावली को बार-बार मरुस्थलीकरण के विरुद्ध एक पारिस्थितिकीय ढाल के रूप में मान्यता दी है। कोई भी परिभाषा जो इस सुरक्षा सीमा को कम करे, वह विज्ञान और न्यायिक परंपरा दोनों के विरुद्ध है। अरावली एक प्राचीन भू-वैज्ञानिक, जल-चक्र और पारिस्थितिकीय प्रणाली है, जो उत्तर-पश्चिम भारत में जलस्रोत, मरुस्थलीकरण नियंत्रण और स्थानीय जीवन को बनाए रखती है। अरावली संकट का समाधान अल्पकालिक प्रशासनिक कदमों से नहीं होगा। इसके लिए स्थायी, विज्ञान-आधारित समाधान आवश्यक हैं। पर्यावरणविद् एक राष्ट्रीय अरावली विकास प्राधिकरण की स्थापना की वकालत करते रहे हैं। पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों जैसे रिज टाप, वनाच्छादित पहाड़ियां और वन्यजीव कारिडोर में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए, किसी भी प्रकार की सार्वभौमिक छूट के बिना, क्योंकि एक बार यदि अरावली का खनन हो गया तो उसे कभी पुनर्स्थापित नहीं किया जा सकता। अरावली को स्थायी कानूनी मान्यता मिलनी चाहिए, चाहे पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील क्षेत्र के रूप में मिले या फिर भारत की प्राचीन पर्वत विरासत प्रणाली के रूप में एक नई कानूनी श्रेणी बनाकर।

अरावली केवल ऊंचाई से परिभाषित नहीं हो सकती। यह एक भू-वैज्ञानिक, जलवैज्ञानिक और पारिस्थितिकीय प्रणाली है, जो उत्तर-पश्चिम भारत को संभालती है। यदि हम इसकी परिभाषा कमजोर कर देंगे, तो कल इसकी सुरक्षा भी कमजोर हो जाएगी और जब तक हमें इसका नुकसान दिखाई देगा, तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्णय ने इस बहस को वैज्ञानिक, भू-वैज्ञानिक और पारिस्थितिकीय संदर्भ में आगे ले जाने का अवसर दिया है और इसे प्रशासनिक उत्तरदायित्व और न्यायिक विवेक के साथ पुनर्मूल्यांकन करने का संकेत दिया है।

(लेखक राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रोफेसर एवं अरावली पर्वतमाला के शोधकर्ता हैं)
response@jagran.com



पारिस्थितिकीय संतुलन में महत्वपूर्ण है अरावली ● फाइल

### ऊर्जा

## नव वर्ष का महत्व

नव वर्ष वह पड़ाव होता है, जब हम गत वर्ष की धूल झाड़कर भविष्य की राह को उज्ज्वल बनाने का संकल्प लेते हैं। नव वर्ष में सबसे पहले हमें अपने भीतर झांकने की आवश्यकता होती है। वर्ष भर की भागदौड़ में हम कई बार स्वयं से दूर हो जाते हैं-अपने स्वप्नों, मूल्यों और संवेदनाओं से। नया वर्ष हमें यह सिखाता है कि जीवन केवल लक्ष्य प्राप्ति की दौड़ नहीं, बल्कि आत्मिक संतुलन और मानवीय संवेदना की साधना भी है। इस समय हमें अपने मन की गांठों को खोलना चाहिए, पुरानी असफलताओं की निराशा की छाया को पीछे छोड़ते हुए क्षमा, करुणा और सकारात्मकता को अपनाना चाहिए।

डा. एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा है, 'उत्कृष्टता एक घटना नहीं, बल्कि आदत है। नया वर्ष नई आदतें गढ़ने का समय है।' जीवन को आगे बढ़ाने का सही मार्ग वही है, जिसमें निरंतर सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने की ललक हो। नूतन वर्ष हमें अनुशासन, परिश्रम और धैर्य का महत्व समझाता है। छोटे-छोटे संकल्प जैसे समय का सदुपयोग, संबंधों में ईमानदारी, स्वास्थ्य के प्रति सजगता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व धीरे-धीरे हमारे जीवन को सुदृढ़ आधार प्रदान करते हैं। बड़े परिवर्तन अक्सर छोटे-छोटे नियमित प्रयासों से ही आकार लेते हैं।

नूतन वर्ष का महत्व इसी में निहित है कि यह हमें आशा का नया दीपक थमाता है। विश्वास दिलाता है कि अतीत की भूलें भविष्य की बेड़ियां नहीं, बल्कि सीख का आधार हैं। हर नया वर्ष एक कोरी चिट्ठी की तरह होता है, जिस पर हम अपने कर्मों से जीवन की सुंदर कहानी लिख सकते हैं। यह हमें संदेश देता है कि जीवन निरंतर प्रवाह है, जहां रुकना नहीं, बल्कि आगे बढ़ना ही सार्थकता है। यदि हम आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टि के साथ नए वर्ष का स्वागत करें तो निश्चय ही यह वर्ष जीवन में नवचेतना, उजास और संतुलन का संदेश लेकर आएगा।

कुमार नृपेंद्र

### पाठकनामा

dharamshala@drm.jagran.com

## विकसित भारत का पड़ाव नव वर्ष

'भविष्य के भारत को बनाने का समय' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में गिरीश्वर मिश्र ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने पर बल दिया है। इस संदर्भ में उन्होंने नव वर्ष को एक पड़ाव के रूप में प्रस्तुत किया है। नव वर्ष एक तरह से आत्ममंथन और नव संकल्प का समय होता है। आज जब भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, तब यह आवश्यक है कि हम विकसित भारत के स्वरूप पर गंभीरता से विचार करें और उसे साकार करने के लिए ठोस प्रयास करें। विकसित भारत का अर्थ केवल ऊंची इमारतें या तेज आर्थिक वृद्धि नहीं है, बल्कि ऐसा राष्ट्र जहां शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक न्याय और पर्यावरण संतुलन समान रूप से मजबूत हों। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास से युवा शक्ति को आत्मनिर्भर बनाना, किसानों और श्रमिकों की आय बढ़ाना तथा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना इस दिशा के प्रमुख आधार हैं। स्मरण रहे कि विकास तभी टिकाऊ होगा जब सुशासन, पारदर्शिता और नागरिक जिम्मेदारी साथ-साथ चलें। इसमें सरकार की नीतियों के साथ समाज की सक्रिय सहभागिता भी आवश्यक है। स्वच्छता, अनुशासन, समयबद्धता और ईमानदारी जैसे छोटे प्रयास ही बड़े राष्ट्रीय परिवर्तन की नींव रखते हैं। आज का भारत आत्मविश्वास से भरा है। यदि हम सामूहिक संकल्प, नवाचार और समावेशी सोच के साथ आगे बढ़ें, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि मानवीय मूल्यों और सामाजिक समरसता के मामले में भी विश्व का मार्गदर्शक बनेगा।

हिमांशु शेखर, केसपा (गयाजी)

## बाल दिवस से प्रेरणा ले युवा पीढ़ी

वीर बाल दिवस के रूप में 26 दिसंबर को हम गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हैं। केवल 9 वर्ष और 7 वर्ष की अल्पायु में साहिबजादों ने जिस अदम्य साहस, आस्था और बलिदान का परिचय दिया, वह मानव इतिहास में अनुकरणीय है। इतनी छोटी उम्र में भी साहिबजादे किसी दबाव के आगे नहीं झुके, अपनी आस्था से विचलित नहीं हुए। इस्लाम स्वीकार करने से इन्कार करने पर उन्हें जिंदा ईंटों से चुनवा दिया गया। इसी प्रकार साहिबजादा अजीत सिंह जी और साहिबजादा जुझार सिंह जी (क्रमशः 18 और 14 वर्ष की आयु) ने 40 सिख योद्धाओं के साथ चमकौर साहिब के युद्ध में शहादत प्राप्त की। उन्होंने धर्म एवं सत्य की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। यह बलिदान केवल सिख समाज नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। सिख धर्म की यह गौरवशाली परंपरा गर्व का विषय है। नई पीढ़ी को साहिबजादों के बलिदान और मूल्यों से परिचित कराना हमारा नैतिक दायित्व है। गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा दिए गए संस्कारों और शिक्षाओं पर गर्व है। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना कर अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का मार्ग दिखाया। उनकी प्रेरणा हर भारतीय के भीतर साहस और संघर्ष की चेतना जागृत करती है। वह साधन नहीं, साहस और संकल्प की विजय का मार्ग प्रशस्त करते हैं। साहिबजादों का बलिदान हमें निर्भीकता, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रथम की भावना का मार्ग दिखाता है। उनका जीवन हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। नैतिक नायकों की कमी और गौरवपूर्ण आदर्शों के अभाव से देश को बचाने के लिए चार साहिबजादों की गाथा से सभी को अवगत करवाना आवश्यक है। उनकी कहानी जितनी अधिक फैलेगी, युवाओं में जड़ों की ओर लौटने की प्रेरणा उतनी ही प्रबल होगी।

-निशांत शर्मा, बलद्वाड़ा, सरकाघाट, जिला मंडी

## प्रदेश को नशामुक्त बनाएं

नशे की समस्या गंभीर और चिंतनीय बन चुकी है। कई प्रकार के जानलेवा नशे आए दिन युवाओं को मौत के मुहाने तक पहुंचा रहे हैं। अनेक घरों के चिराग बुझ रहे हैं। वर्ष 2026 में सभी को नशा त्याग कर जीवन में एक नई शुरुआत करनी चाहिए। जिस प्रकार हर वर्ष देखने एवं सुनने को मिलता है कि नए साल में परिवार सहित या फिर कोई व्यक्ति मित्रों के साथ घूमकर व धार्मिक स्थल में यादगार के रूप में मनाता है। कुछ लोग नए साल में मौज मस्ती और शराब पीकर जश्न मनाते हैं। यह चिंता का विषय है। हिमाचल प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ खासकर चिट्टा को समाप्त करने और नशे के सौदागरों की संपत्ति को जब्त करने पर काम कर रही है। इस मुहिम को हर जिले में पुलिस प्रशासन के सहयोग से सफल बनाया जा रहा है। हम सभी युवाओं और समाज का भी कर्तव्य बनता है कि नशे की समस्या अन्य परिवार व क्षेत्र की नहीं, बल्कि अपने परिवार की समस्या समझने का प्रयास करें। एक शपथ और इच्छाशक्ति दिखाने का प्रयास और जागरूकता का परिचय देना होगा कि 2026 में खुद भी नशे से दूर रहेंगे। जब शिक्षित और जागरूक युवा नशे से दूर रहेगा तो अपने समय का सदुपयोग कर शिक्षा और अन्य कार्यों में लगाएगा। इससे वे भविष्य को उज्जवल बनाएंगे।

-ठाकुर हेमराज राणा, सिरमौर

### पोस्ट

अगर हमारे देश का कोई राजनीतिक दल यह कहता है कि हम जाति की राजनीति नहीं करते तो समझिए ऐसा कहकर वह इस जगत का सबसे बड़ा झूठ बोल रहा है। वह भी पूरी बेशर्मी के साथ।

अमिताभ अग्निहोत्री@Aamitabh2

देश के सबसे साफ शहर इंदौर में गंदा पानी पीने से कई लोग मर गए और तमाम बीमार पड़ गए हैं। यहां के विधायक और राज्य सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को इस मुद्दे पर सवाल 'फोकट' और 'घंटा' लगते हैं। आपके वोट की यही हैसियत है बस।

संकेत उपाध्याय@sanket



धारा 498 ए महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाई गई थी, लेकिन इसके दुरुपयोग ने लाखों निर्दोष पुरुषों और परिवारों को अपराधी बना दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि 498 ए गिरफ्तारी का कानून नहीं है और बिना कारण गिरफ्तारी अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। जब तक झूठी शिकायतकर्ताओं पर जवाबदेही तय नहीं होती, न्याय पुरुषों के लिए केवल अदालतों की कृपा पर निर्भर रहेगा।

शोनी कपूर@ShoneeKapoor

### जनपथ

लिये तिजारी हैं खड़े सीएम श्री नीतीश,
जो चाहे वो देख ले ना है कोई फीस।
ना है कोई फीस न लफड़ा लालू वाला,
सब कुछ दिखे सफेद न कोई है धन काला।
बना रहे ईमान न होता है यह चोरी,
पछताएंगे चोर गए जो लिये तिजारी!

- ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक- स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान सम्पादक- स्व.नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान सम्पादक- संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए : नीरज शर्मा द्वारा एससीओ- 127-128, ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर-9 सी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़ से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा दैनिक जागरण प्रेस, सी-178, फेज 8-बी, इंडस्ट्रियल एरिया, मोहाली से मुद्रित, सम्पादक (पंजाब)- विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय सम्पादक (पंजाब)- अमित शर्मा * दूरभाष- कार्यालय 0172-2741011, प्रेस: 0172-4650423, E-mail-shimla@drm.jagran.com,
रजि. नं. CHAHIN/2013/50629 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद चंडीगढ़ न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 20 अंक 119

### आज का मौसम

पांच जिलों चंबा, बिलासपुर मंडी, हमीरपुर, ऊना व सोलन में घने कोहरे के साथ शीतलहर जारी रहेगी। वहीं प्रदेश के ऊपरी हिस्सों में हिमपात हो सकता है।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| **शिमला** | | |
| 02 जनवरी | 16 | 5 |
| 03 जनवरी | 18 | 4 |
| **ऊना** | | |
| 02 जनवरी | 21 | 5 |
| 03 जनवरी | 22 | 4 |
| **कांगड़ा** | | |
| 02 जनवरी | 18 | 5 |
| 03 जनवरी | 19 | 5 |

डिग्री सेल्सियस

# सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का मास्टर प्लान तैयार

यादवेन्द्र शर्मा • जागरण

**150** बीघा भूमि में बन रहा सिरमौर के कोटला बड़ोग में यह केंद्र, मिलेगी राहत

**100** बिस्तरों की सुविधा के साथ योग और ध्यान केंद्र भी किए जाएंगे स्थापित

**शिमला** : हिमाचल को चिट्टा व नशामुक्त बनाने और मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के ड्रीम प्रोजेक्ट सिरमौर में बनने वाले नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का मास्टर प्लान तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट कहा है कि इसके लिए बजट की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

शुरुआत में करीब 35 करोड़ रुपये की लागत से भवन आदि तैयार करने की योजना है। मास्टर प्लान तैयार करने के बाद अब पूरा आकलन किया जा रहा है। प्रदेश में नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई को मजबूती देने के लिए सिरमौर जिले के कोटला बड़ोग में इस प्रस्तावित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र को जल्द तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

> कोटला बड़ोग में सौ बिस्तरों का राष्ट्रस्तरीय नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र जल्द स्थापित किया जाएगा। इससे नशे की चपेट में आए युवाओं को उपचार करने के साथ उनका कौशल विकास हो सकेगा।
> –सुखविन्द्र सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री।

वीरवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों ने इस परियोजना का विस्तृत मास्टर प्लान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के समक्ष रखा। करीब 150 बीघा भूमि में प्रस्तावित यह केंद्र 100 बिस्तरों की क्षमता वाला होगा। इसमें नशा पीड़ितों को इलाज के साथ पूर्ण पुनर्वास, काउंसलिंग और कौशल विकास की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

केंद्र में नशा निवारण यूनिट, मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोचिकित्सा सेवाएं, योग, ध्यान और वैकल्पिक चिकित्सा, ओपीडी, दीर्घकालिक पुनर्वास वार्ड, काउंसलिंग एवं व्यवहार सुधार केंद्र, खेल, प्रशिक्षण और कौशल विकास ब्लाक जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे नशा पीड़ितों को इलाज के बाद समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकेगा।

# लघु उद्योगों को मिलेगा वैश्विक बाजार : सुक्खू

- शिमला में हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 कल से, उद्यमिता को मिलेगी नई उड़ान
- बायर-सेलर मीट, ज्ञान सत्र व नेटवर्किंग कार्यक्रम से व्यापारिक अवसर मिलेंगे : हर्षवर्धन चौहान

राज्य ब्यूरो, जागरण • **शिमला** : प्रदेश में उद्यमिता और एमएसएमई क्षेत्र को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार तीन से पांच जनवरी तक शिमला में हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 का आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह आयोजन प्रदेश के लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा।

महोत्सव प्रदेश के हजारों छोटे उद्यमियों, कारीगरों और स्टार्ट-अप्स के सपनों को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। 'पहाड़ों का हुनर अब वैश्विक मंच पर' थीम के साथ होने वाला यह फेस्ट आत्मनिर्भर हिमाचल के संकल्प को साकार करने की दिशा में नवाचार, उद्यमिता और समावेशी विकास को बढ़ावा देगा। उन्होंने बताया कि फेस्ट के दौरान स्टार्टअप अवार्ड, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन भी किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध लोक कलाओं, हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों को मंच मिलेगा। साथ ही महिला उद्यमिता, ग्रामीण उद्यम और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) को प्रोत्साहित किया जाएगा।



शिमला के रिज मैदान पर होने वाले हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 के लिए मुख्यमंत्री को निमंत्रण देते उद्योग विभाग के अतिरिक्त निदेशक तिलक राज शर्मा, अतिरिक्त निदेशक हरीश गज्जू, संयुक्त निदेशक दीपिका व अन्य अधिकारी • सौ. डीपीआरओ

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हिम एमएसएमई फेस्ट में फैक्ट्री आउटलेट्स और प्रदर्शनी स्टालों के माध्यम से प्रदेश के विविध उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। उद्योग विभाग ग्रीन मोबिलिटी, फार्मास्यूटिकल्स, डेयरी, फूड प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक चिप जैसे उभरते क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है। फेस्ट के दौरान बायर-सेलर मीट, ज्ञान सत्र और नेटवर्किंग कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिससे विशेष रूप से महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों को नए व्यापारिक अवसर मिलेंगे। फेस्ट हिमाचल के हुनर, नवाचार और उद्यमिता को नई पहचान देने वाला मंच साबित होगा।

### प्रमुख स्थानों पर तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| शिमला | 4.0 | 10.0 |
| सुंदरनगर | 5.8 | 15.7 |
| भुंतर | 5.0 | 16.8 |
| कल्पा | -0.4 | 6.2 |
| धर्मशाला | 5.0 | 19.0 |
| ऊना | 8.5 | 16.8 |
| नाहन | 7.9 | 13.2 |
| ताबो | -3.4 | 3.2 |
| सोलन | 3.2 | 26.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में)

# पैराफिट से टकराकर ट्रक के नीचे घुसी कार, तीन युवतियों और युवक की मौत

## नववर्ष और जन्मतिथि का जश्न मनाकर कसोल से लौट रहे थे चार दोस्त

- कुल्लू में भूतनाथ पुल के नजदीक कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर हादसा, पुलिस कर रही जांच
- कुल्लू के अखाड़ा बाजार में टैटू आर्टिस्ट सतपाल की थी जन्मतिथि वह ही चला रहा था कार

संवाद सहयोगी, जागरण • **कुल्लू** : नववर्ष की खुशी कुल्लू में एक सड़क हादसे से मातम में बदल गई। नववर्ष और जन्मतिथि का जश्न मनाकर लौट रहे चार दोस्तों की कार पैराफिट से टकराने के बाद ट्रक के नीचे घुस गई। इससे तीन युवतियों व एक युवक की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण कार की तेज गति को माना जा रहा है। हालांकि पुलिस हादसे के वास्तविक कारण की जांच कर रही है।

ढालपुर तहसील के तहत चामुंडा नगर निवासी 25 वर्षीय सतपाल की 31 दिसंबर को जन्मतिथि थी। वह जन्मतिथि व नववर्ष का जश्न मनाने के लिए तीन दोस्तों के साथ कसोल गया था। कार सतपाल चला रहा था। कसोल से लौटते समय बुधवार रात करीब एक बजे कुल्लू में भूतनाथ पुल के नजदीक कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर उनकी हुंडई कार (एचपी 34ई-5965) पैराफिट से टकरा गई और सड़क किनारे खड़े ट्रक (एचपी 58ए-8802) के नीचे घुस गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सड़क किनारे लगा पैराफिट भी उखड़ गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे चारों लोगों को बाहर निकाला। हादसे में सतपाल, जरी उपतहसील के जलुग्रां निवासी 20 वर्षीय कशिश और लाहुल स्पीति जिला के तांदी निवासी 20 वर्षीय अंकिता की मौके पर मौत हो गई।



कुल्लू के भूतनाथ पुल के समीप बुधवार रात हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार • सौ. पाठक

भुंतर तहसील के सचानी गांव निवासी 20 वर्षीय रतांजलि की गंभीर हालत को देखते हुए उसे क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया गया। वहां से उसे एम्स बिलासपुर रेफर किया गया मगर युवती ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सतपाल टैटू आर्टिस्ट था और कुल्लू के अखाड़ा बाजार में उसकी दुकान थी। वह अपने काम के लिए युवाओं में काफी लोकप्रिय था। उसकी मौत से स्वजन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कुल्लू के पुलिस अधीक्षक मदन लाल कौशल ने कहा कि हादसे के कारण की जांच की जा रही है।

संपादकीय ›› जीवन के पक्ष में

# आइजीएमसी मारपीट मामले की दोबारा जांच के लिए समिति गठित

जागरण संवाददाता, **शिमला** : इंदिरा गांधी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल (आइजीएमसी) शिमला में डाक्टर व मरीज के मारपीट मामले में दोबारा जांच के लिए समिति गठित की गई है। स्वास्थ्य सचिव के आदेश पर इस मामले की दोबारा जांच के लिए चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। हालांकि मरीज अर्जुन पंवार और डा. राघव के बीच समझौता हो चुका है।

जांच समिति की अध्यक्षता डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन डा. राकेश शर्मा करेंगे। समिति में आइजीएमसी की प्रिंसिपल डा. सीता ठाकुर, स्वास्थ्य निदेशक डा. गोपाल तथा चमियाणा अस्पताल के प्रिंसिपल डा. बृज शर्मा को सदस्य के रूप में नामित किया है। समिति को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में आदेश स्वास्थ्य सचिव की ओर से जारी किए गए हैं।

> **यह है मामला**
>
> 24 दिसंबर को आइजीएमसी शिमला में डाक्टर व मरीज में मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद डा. राघव को निलंबित किया था। 25 दिसंबर को डा. राघव को बर्खास्त कर दिया था। 26 दिसंबर को बर्खास्तगी के विरोध में डाक्टर सामूहिक अवकाश रहे, जबकि 27 दिसंबर को हड़ताल पर रहे। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद डाक्टर 29 दिसंबर को काम पर लौटे। मुख्यमंत्री ने जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए थे। अब जांच समिति गठित की गई है।

पहले की जांच और कार्रवाई को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। डाक्टर संगठनों का कहना था कि समझौते के बाद भी जिस तरह की कार्रवाई की गई, वह एकतरफा प्रतीत होती है और पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष समीक्षा आवश्यक है। इसी पृष्ठभूमि में सरकार ने नई जांच समिति गठित की है। जांच समिति घटना से जुड़े सभी पहलुओं की समीक्षा करेगी। इसमें घटना की परिस्थितियां, उपलब्ध साक्ष्य, मरीज और डाक्टर दोनों के बयान, अस्पताल प्रशासन की भूमिका तथा पहले तैयार की गई जांच रिपोर्ट का अध्ययन शामिल है। यह भी परखा जाएगा कि समझौते के बाद डाक्टर के खिलाफ की गई कार्रवाई नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप थी या नहीं तथा कहीं किसी स्तर पर प्रशासनिक चूक तो नहीं हुई।

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जांच का उद्देश्य किसी एक पक्ष को दोषी ठहराना नहीं, बल्कि तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष निष्कर्ष तक पहुंचना है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर ही डा. राघव के मामले में आगे की कार्रवाई पर फैसला लिया जाएगा। एक ओर डाक्टर निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मरीजों के अधिकारों और अस्पतालों में सुरक्षित माहौल को लेकर भी बहस जारी है। अब सभी की नजरें चार सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट पर टिकी हैं।

# निदेशक मंडल में पांच गैर सरकारी सदस्य किए नियुक्त

राज्य ब्यूरो, जागरण • **शिमला** : प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम (एचपीएससीएसटीडीसी) के निदेशक मंडल के सदस्यों में पांच गैर सरकारी सदस्यों की नियुक्ति कर दी है। इस संबंध में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

नामित सदस्यों में जिला सोलन के ममलीग के गांव सनेट से भूमि नंद राठौर, कांगड़ा के बैजनाथ से विजय कुमार, देहरा के शिवपुरी निवासी जीवन कुमार, भोरंज से डा. दीप चंद और कुल्लू से दामोदर चौहान शामिल हैं। निगम राज्य में स्वरोजगार, ऋण सहायता, प्रशिक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का संचालन करता है। सदस्यों की नियुक्ति से इस कार्य में तेजी आएगी।

निगम सोलन जिला में स्थित है और अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करता है।

दैनिक जागरण क्लासीफाइड कम दाम, ज्यादा काम

**सूचना**

I, Krishna Devi W/o No.916770255 Head Constable Vijay Kumar R/o Baghni, PO Sidhbari, Teh. Dharamshala, Distt. Kangra HP declare that in my husband's BSF service record, my name wrongly written as Kusum Devi instead of Krishna Devi.

**नाम परिवर्तन**

**मैं** दीक्षित वर्मा पुत्र दीपराज गांव खिलडा डा. मैरामसीत तह. सुंदरनगर जिला मंडी हि.प्र घोषणा करता हूं कि मेरे मैट्रिक और 12वीं कक्षा के सर्टिफिकेट में मेरे पिता का नाम गलती से दीपराज वर्मा दर्ज है, उनका सही नाम दीपराज है, सही नाम को मेरे एकेडमिक और एजुकेशनल सर्टिफिकेट पर दर्ज किया जाए।

**मैं** आर्मी नंबर 2481239A रैंक Ex Hav. प्यार चंद पुत्र मणि राम गांव सूजा डा. मटरू तहसील जोगिंदर नगर जिला मंडी हि प्र घोषणा करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम गलती से ASHISH KUMAR दर्ज है, उसका सही नाम AASHISH KUMAR है।

**मैं** विनय शर्मा पुत्र श्री राम पाल शर्मा निवासी प्लॉट नं. 86, औद्योगिक क्षेत्र मैहतपुर तहसील एवं जिला ऊना (हि.प्र.) यह घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम विनय से बदलकर विनय शर्मा कर लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**मैं,** गुरप्रीत सिंह पुत्र स्वर्गीय जसबीर सिंह, निवासी मकान नंबर-319, वार्ड नंबर 2, ब्लॉक नंबर 4, पुरानी मंडी, तह0 सदर, जिला मंडी, हि.प्र यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम गुरप्रीत सिंह अरोड़ा से बदलकर गुरप्रीत सिंह कर लिया है, कृपया नोट करें।

# नशे के विरुद्ध अभियान को इवेंट नहीं, जिम्मेदारी से चलाएं : जयराम

- नेता प्रतिपक्ष ने कहा, नशे के विरुद्ध योजना और तरीके से काम करने की जरूरत
- राज्यपाल शुक्ल को दी बधाई हिमाचल को आगे ले जाने का संकल्प लें प्रदेश के लोग

जागरण संवाददाता, **शिमला** : नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार की ओर से चिट्टे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, सरकार इस अभियान को एक इवेंट की तरह नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के साथ चलाए। सरकार जब भी कोई अभियान चलाती है तो उसे जिम्मेदारी के साथ पूरा करना चाहिए। यदि सरकार नशे को लेकर सच में गंभीर है और अभियान चलाया है तो सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। इस अभियान में गंभीरता होनी चाहिए।



जयराम ठाकुर • जागरण आर्काइव

उन्होंने यहां जारी बयान में कहा कि केवल पांच मिनट के लिए फोटो खिंचवाने से यह अभियान जमीनी स्तर पर नहीं उतरेगा। नशे के विरुद्ध योजना व तरीके से काम करने की जरूरत है। अभी तक केवल गैर जिम्मेदाराना तरीके से इस अभियान को चलाया गया है। बिलासपुर में महिला मंडल चिट्टे के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहा है। रात को कड़ाके की ठंड में महिलाएं अपने गांव में पहरा दे रही हैं। नशा तस्करों को पकड़ने की मुहिम चलाई है लेकिन उनके खिलाफ ही मामले बनाए जा रहे हैं, ये दुर्भाग्यपूर्ण है। यह मामले नशा तस्करों के दबाव में आकर बनाए जा रहे हैं। सरकार को महिलाओं पर बनाए मामलों को जल्द वापस लेना चाहिए।

जयराम ने कहा, केंद्र से प्रदेश को भरपूर मदद आ रही है। हाल ही में 602 करोड़ केंद्र सरकार ने दिए हैं। इस साल का पैसा है, वह भी निश्चित रूप से आएगा। प्रदेश सरकार द्वारा बार-बार केंद्र सरकार को कोसना सही नहीं है।

उन्होंने कहा कि केंद्र से आ रहा पैसा आपदा प्रभावितों को मिल रहा है या नहीं, यह बड़ा सवाल है। इसको लेकर विधानसभा के अंदर भी मुख्यमंत्री से सवाल किए, लेकिन उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

जयराम ठाकुर ने कहा कि नए साल पर सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हिमाचल को आगे ले जाने के लिए सभी मिलजुल कर काम करेंगे। प्रदेश में नशे का बढ़ता प्रचलन चिंता का विषय है। प्रदेश के युवाओं को भी नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने नववर्ष पर लोक भवन में जाकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को नववर्ष की बधाई व शुभकामना दी।

# प्रताड़ना से अवसाद में गई धर्मशाला कालेज की छात्रा की मौत

जागरण संवाददाता, **धर्मशाला** : राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में प्रताड़ना से अवसाद में गई छात्रा ने डीएमसी लुधियाना में दम तोड़ दिया है। पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि छात्रा को सहयोगियों ने जाति को लेकर चिढ़ाया था। छात्रा बीए प्रथम वर्ष में फेल हो गई थी। सहयोगियों की प्रताड़ना से छात्रा मनोरोगी की तरह घर में व्यवहार करने लगी थी। छात्रा के पिता ने इस संबंध में कालेज प्रशासन को अगवत करवाया था और उन्हें कार्रवाई का आश्वासन मिला था।

इस संबंध में इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहे वीडियो में धर्मशाला कालेज के एक प्रोफेसर का जिक्र भी आ रहा है। छात्रा ने प्रोफेसर पर शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में 20 दिसंबर को छात्रा के स्वजन ने शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में की थी। पुलिस ने मामले की पड़ताल करते हुए छात्रा के बयान लेने चाहे तो वह बयान देने की हालत में नहीं थी। कालेज प्रशासन व छात्रा के पिता के बयान भी कलमबंद किए थे। छात्रा के पिता के कहने पर ही पुलिस ने शिकायत को बंद कर दिया था। छात्रा की बिगड़ी हालत को देखते हुए उसे डीएमसी में उपचार के लिए भर्ती किया था और 26 दिसंबर को उसकी मौत हो गई थी। मौत से पहले छात्रा के बयान का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

# फार्मासिस्ट आशीष ने 2025 में नहीं ली एक भी छुट्टी

हमीरपुर मेडिकल कालेज में तैनात, पिछले साल भी 363 दिन दी थी सेवाएं, आशीष बोले-उनकी सेवा में पत्नी का बड़ा सहयोग

रवि ठाकुर • जागरण

**हमीरपुर** : मेडिकल कालेज हमीरपुर में तैनात फार्मासिस्ट आशीष वर्मा ने वर्ष 2025 में पूरे 365 दिन बिना अवकाश लिए ड्यूटी देकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। आशीष वर्मा छह वर्ष से मेडिकल कालेज हमीरपुर में सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़े मामलों को संभाल रहे हैं। वर्ष 2024 में भी उन्होंने 363 दिन सेवाएं दी थीं। रविवार, त्योहारों या अन्य सरकारी अवकाश में अस्पताल में मौजूद रहने के बावजूद उन्होंने कई बार हाजिरी तक दर्ज नहीं करवाई, लेकिन जरूरतमंद मरीजों को कभी निराश नहीं लौटाया। आशीष वर्मा आयुष्मान भारत, हिमकेयर, गर्भवती महिलाओं से जुड़ी सरकारी योजनाओं के तहत भर्ती मरीजों की दवाओं, आवश्यक सामग्री और कागजी औपचारिकताओं का जिम्मा संभालते हैं।



आशीष वर्मा • जागरण

मरीजों व उनके स्वजन के प्रति उनका व्यवहार सहानुभूतिपूर्ण है। यही वजह है कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद भी मरीज उनसे फोन पर संपर्क कर सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान पूछते रहते हैं। आशीष वर्मा ने जमा दो तक की शिक्षा सरकारी स्कूल भरेड़ी से प्राप्त की। वर्ष 1998 में उन्होंने सरकारी संस्थान रोहड़ू से बी-फार्मेसी की। वर्ष 2015 में उनकी सरकारी नौकरी सिविल अस्पताल सराहन, रामपुर में लगी, जहां उन्होंने दो वर्ष तक सेवाएं दीं। वर्ष 2018 में उनका तबादला मेडिकल कालेज हमीरपुर हुआ। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटी है। पत्नी गृहिणी हैं, जबकि बेटी जमा दो कक्षा की छात्रा है। आशीष बताते हैं कि उनकी सेवा यात्रा में उनकी पत्नी का बड़ा सहयोग रहा है, जिनके समर्थन से वे बिना थके और बिना रुके ड्यूटी निभा पा रहे हैं। मेडिकल कालेज हमीरपुर के वरिष्ठ अधिकारी भी उनकी कार्यशैली से प्रभावित हैं।

> फार्मासिस्ट आशीष वर्मा अपनी ड्यूटी व जिम्मेदारी के प्रति असाधारण रूप से सजग हैं। वे वर्षों से बिना थके साल के 365 दिन मरीजों की सेवा में समर्पित हैं। उनका समर्पण अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।
> –डा. देशराज शर्मा, एमएस, मेडिकल कालेज हमीरपुर।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने वन विभाग के वार्षिक कैलेंडर का किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, जागरण • **शिमला** : मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को वन विभाग के वार्षिक कैलेंडर-2026 का लोकार्पण किया। इसमें वनों के विस्तार एवं रोजगार के अवसर प्रदान करने वाली प्रमुख योजनाओं को शामिल किया है। इसमें प्रमुख राजीव गांधी वन संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना, ग्रीन एडाप्शन योजना, वन मित्र योजना, दुर्गेश अरण्य वन्यप्राणी उद्यान बनखंडी, ईको-टूरिज्म को बढावा देना थीम पर आधारित है।

इस अवसर पर वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, वन बल प्रमुख डा. संजय सूद, वन मंडल अधिकारी डा. सरोज वर्मा उपस्थित रहीं।

# 112 ग्राम चरस के साथ हमीरपुर का युवक गिरफ्तार

संवाद सहयोगी, **सरकाघाट** : पुलिस थाना हटली के तहत युवक को 112 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान 29 वर्षीय प्रिंस कुमार निवासी हमीरपुर के रूप में हुई है। बुधवार शाम को उप निरीक्षक अनिल कुमार पुलिस टीम के साथ ढलवान क्षेत्र में वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान आल्टो कार को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड से 112 ग्राम चरस बरामद की गई। डीएसपी सरकाघाट ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

**विधि विज्ञान प्रयोगशाला**
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र : दिल्ली सरकार
सेक्टर-14, मधुबन चौक रोहिणी, दिल्ली-110085
दूरभाष केन्द्र : 011-27555811

विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार को संविदा के आधार पर **कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी** और **कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक** के **45 पदों** को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों की आवश्यकता हैं।

आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 15.01.2026 सांय 05:00 बजे तक हैं।

विस्तृत जानकारी हेतु लॉगऑन करें : **fsl.delhi.gov.in** या **delhi.gov.in**.

प्रधान निदेशक
विधि विज्ञान प्रयोगशाला, दिल्ली

DIP/SHABDARTH/CLASSIFIED/0386/25-26

**NATIONAL INSTITUTE OF MENTAL HEALTH & NEURO SCIENCES**
**INSTITUTE OF NATIONAL IMPORTANCE**
Post Box No. 2900, Hosur Road, Bengaluru - 29.
Ph: 080-2699 5708, 5323, 5290. Website: http://www.nimhans.ac.in

No. NIMH/RECT/ADVT-3/DEPT-CNO&NS/2025-26 Date: 23.12.2025

**NOTIFICATION**

NIMHANS Bengaluru invites applications in the prescribed pro-forma from suitable / eligible Officers of Central / State Govt/UT Administration / Autonomous / Statutory Bodies holding analogous posts on regular basis for filling up of the following **Group "A" - Nursing Posts on Deputation basis.**

| Sl. No | Name of the Posts | Number of posts | Pay Level as per 7th CPC | Mode | Important point for candidature |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Chief Nursing Officer | 1 | Level-12 (Rs.78,800-2,09,200/-) | Deputation for 3 years | Applications are to be duly forwarded by the Cadre Controlling Authority with NOC Vigilance clearance and enclosing minimum 5 years latest APARs. Officials / Candidates are advised to send an advance copy of the application with relevant enclosures, for intimation purposes only, on the following email on or before the closing date of receipt of applications: dirstaff@nimhans.ac.in |
| 2 | Nursing Superintendent | 1 | Level-11 (Rs.67,700 – 2,08,700/-) | Deputation for 3 years | |

**Eligibility and Other Criteria:**

| Sl. No | Name of the Posts | Essential Eligibility Criteria for deputation |
|---|---|---|
| 1 | Chief Nursing Officer | Officers of Central/State Govt/UT Administration/Autonomous/Statutory Bodies holding analogous posts on regular basis with 5 years of regular service in the grade of Nursing Superintendent or in similar capacity in nursing administration and not less than 17 years experience in the Nursing Cadre and possessing the following qualifications:- i. B.Sc in Nursing or equivalent qualification from recognized University/Institutes. ii. DPN/DNN OR M.Sc in Psychiatric/Neuro Nursing from recognized University/Institutes. **Desirable:** Should have published once in every two years a research paper in journal of national standing and repute. (Period of deputation shall not ordinarily exceed 3 years). |
| 2 | Nursing Superintendent | Officers of Central/State Govt/UT Administration/Autonomous/Statutory Bodies holding analogous posts on regular basis with 3 years of regular service in the grade of Deputy Nursing Superintendent or in similar capacity in nursing administration and not less than 12 years' experience in the Nursing Cadre and possessing the following qualifications:- i. B.Sc in Nursing or equivalent qualification from recognized University/Institutes. ii. DPN/DNN OR M.Sc in Psychiatric/Neuro Nursing from recognized University/Institutes. **Desirable:** Should have published once in every two years a research paper in journal of national standing and repute. (Period of deputation shall not ordinarily exceed 3 years). |

Detailed Notification, including proforma and application form is available at this Institute's website **http://nimhans.ac.in** for further more details.
The duly filled in application along with its necessary enclosures, NOC, Vigilance Clearance and previous year 5 years APARs should reach the Director, NIMHANS, P.B.No.2900, Hosur Road, Bengaluru-560029, Karnataka, India on or before **24.01.2026.**

Sd/-
DIRECTOR

**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**
क्षेत्रीय कार्यालय: चंडीगढ़
एससीओ-26, प्रथम तल, सेक्टर 7-सी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़
फोन: 0172-2801402, 2801511

**परिसर की आवश्यकता**

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक को नई शाखाएँ खोलने के लिए ग्राउंड फ्लोर पर उचित पार्किंग, 24x7 पानी की आपूर्ति और बिजली की सुविधा के साथ जगह की आवश्यकता है। यह प्रस्ताव उन परिसरों के मालिकों से मांगा गया है जिनके पास संपत्ति का स्पष्ट और मार्केटेबल टाइटल हो। इच्छुक मकान मालिक दो बोली प्रणाली (**"तकनीकी बोली" और "वित्तीय बोली"**) के तहत अलग-अलग लिफाफों में प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि हमारे क्षेत्रीय कार्यालय में पहुँच सकें: **सहायक महाप्रबंधक, सामान्य प्रशासन विभाग, एससीओ-26, पहली मंजिल, सेक्टर 7-सी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़-160019**। कालीन (कार्पेट एरिया) क्षेत्र का विवरण नीचे दिया गया है। कोई ब्रोकरेज नहीं दिया जाएगा। किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार बिना कोई कारण दिए बैंक के पास सुरक्षित रहेगा।
**निविदा प्रारंभ तिथि: 02.01.2026** । **निविदा बोलियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 15.01.2026 शाम 05:00** बजे तक । **निविदा खोलने की तिथि: 16.01.2026**/ समिति सदस्यों की उपलब्धता के आधार पर अगला कार्य दिवस। यदि **16.01.2026** को अवकाश है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खुलेगी।
आप तकनीकी और वित्तीय बोली प्रारूप के लिए हमारी वेबसाइट **www.iob.bank.in (निविदा अनुभाग के अंतर्गत)** से डाउनलोड करे और अन्य विवरण क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो ऊपर उल्लिखित पते पर है।

| क्र.सं. | शाखा का नाम | जिले का नाम | राज्य | शाखा श्रेणी | शाखा कालीन क्षेत्र (वर्ग फीट में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उधमपुर | उधमपुर | जम्मू और कश्मीर | अर्ध शहरी | 1200-1800 |
| 2. | हाजीपुर | होशियारपुर | पंजाब | ग्रामीण | 1200-1500 |
| 3. | दीनानगर | गुरदासपुर | पंजाब | अर्ध शहरी | 1200-1800 |
| 4. | धर्मशाला | कांगड़ा | हिमाचल प्रदेश | अर्ध शहरी | 1200-1800 |
| 5. | चंबा टाउन | चंबा | हिमाचल प्रदेश | अर्ध शहरी | 1200-1800 |
| 6. | मनाली | कुल्लू | हिमाचल प्रदेश | ग्रामीण | 1200-1500 |
| 7. | पंचकूला, इंडस्ट्रियल एरिया | पंचकूला | हरियाणा | शहरी | 1200-1800 |
| 8. | चण्डीगढ़, सेक्टर 15 | चण्डीगढ़ | चण्डीगढ़ | शहरी | 1200-1800 |

बोलीदाता को रुपये 590/- का डिमांड ड्राफ्ट तकनीकी बोली (भाग-ए) के साथ **"इण्डियन ओवरसीज़ बैंक, चंडीगढ़"** के पक्ष में संलग्न करना होगा। ना कि वित्तीय बोली (भाग-बी) के साथ।

मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक

## एक नजर में

### आइटीसी में बिकवाली से सेंसेक्स गिरा और निफ्टी में मामूली वृद्धि

**मुंबई:** दिग्गज कंपनी आइटीसी के शेयरों में भारी बिकवाली और विदेशी निवेशकों की निकासी के बीच वर्ष 2026 के पहले कारोबारी सत्र में गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लगभग स्थिर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 32 अंक गिरकर 85,188.60 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 16.95 अंक की मामूली बढ़त के साथ 26,146.55 अंक पर बंद हुआ। एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर लगाने की अधिसूचना जारी होने के बाद सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट देखी गई। सिगरेट कंपनी गाडफ्रे फिलिप्स इंडिया के शेयर में 17.09 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। (प्रेट्र)

### पीएम मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए तीन करोड़ रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण में शामिल होने के लिए तीन करोड़ लोगों ने पंजीकरण कराया है। इसमें छात्र, शिक्षक और अभिभावक हिस्सा ले सकते हैं। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक प्रतिभागियों के चयन के लिए एक दिसंबर से 11 जनवरी के बीच माईगव पोर्टल पर बहुविकल्पीय प्रश्नों से संबंधित आनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में छठवीं से 12वीं तक के छात्र, शिक्षक और माता-पिता इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक इस महीने के अंत में आयोजित की जानेवाले इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तीन करोड़ से ज्यादा पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। (प्रेट्र)

### केरल साहित्य महोत्सव 2026 में गेस्ट आफ आनर होंगी सुनीता विलियम्स

**कोझिकोड:** नासा की प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स केरल साहित्य महोत्सव 2026 में बतौर प्रमुख अतिथि और गेस्ट आफ आनर शामिल होंगी। केरल साहित्य महोत्सव के आयोजक डीसी बुक्स ने अपने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट किया कि अंतरिक्ष में इतिहास रचने वाली सुनीता विलियम्स केएलएफ 2026 में शिरकत करेंगी और उनके अनुभव श्रोताओं के लिए प्रेरणादायी होंगे। केरल साहित्य महोत्सव 2026 में दुनिया भर से 500 से अधिक वक्ता हिस्सा लेंगे। इस वर्ष के आयोजन में जर्मनी को अतिथि देश घोषित किया गया है। महोत्सव में साहित्य, कला, राजनीति, अर्थशास्त्र, सिनेमा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े दिग्गज शामिल होंगे। (एनआइ)

### दुनिया को अब भारत बताएगा एसआइआर के फायदे

**नई दिल्ली** : मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर विपक्षी दल भले ही चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं, लेकिन चुनावी विश्वसनीयता को बढ़ाने वाली भारतीय चुनाव आयोग की यह पहल जल्द ही दुनियाभर के देशों में भी देखने को मिल सकती है। चुनाव आयोग ने करीब दर्जनभर देशों की रुचि को देखते हुए अब इस पहल को चुनावी प्रबंधन निकायों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में साझा करने का फैसला लिया है। यह सम्मेलन 21 से 23 जनवरी के बीच नई दिल्ली में होने जा रहा है। जिसमें दुनिया के करीब 80 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। (जाब्यू)

# दिसंबर में जीएसटी संग्रह 1.74 लाख करोड़

## कर कटौती का संग्रह पर दिख रहा असर, दिसंबर, 2024 के मुकाबले कलेक्शन में सिर्फ 6.1% की वृद्धि

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली** : केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले जीएसटी की दरों में कटौती का जो फैसला किया था, उसका कर संग्रह पर साफ तौर पर असर पड़ता दिख रहा है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को टैक्स कलेक्शन के जो आंकड़े दिए हैं, उसके मुताबिक दिसंबर, 2025 में घरेलू स्तर पर जीएसटी संग्रह 1,22,574 करोड़ रुपये रहा है, जो दिसंबर, 2024 के मुकाबले सिर्फ 1.2 प्रतिशत ज्यादा है।

हालांकि आयातित उत्पादों से प्राप्त जीएसटी की रफ्तार 19.7 प्रतिशत रही है और यह दिसंबर, 2024 के 43,438 करोड़ रुपये से बढ़कर 51,977 करोड़ रुपये हो गया है। इन दोनों को मिला कर सकल जीएसटी संग्रह 6.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,74,550 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। हालांकि वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों यानि अप्रैल से दिसंबर, 2025 के दौरान सरकार को कुल 16,50,039 करोड़ रुपये कर संग्रह रहा जो वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों के मुकाबले 8.6 प्रतिशत ज्यादा है।

इस आंकड़ें में सेस को लेकर जो डाटा दिया गया है वह कुछ अलग कहानी कहता है। वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी सूचना में दिसंबर, 2024 के लिए अधिभार की राशि 12,003 करोड़ रुपये और दिसंबर, 2025 के लिए 4,238 करोड़ रुपये बताई गई है।

सितंबर, 2025 में जब जीएसटी 2.0 लागू किया गया तो अधिकांश उत्पादों पर सेस भी हटा दिया गया था। तंबाकू, पान मसाला, सिगरेट आदि हानिकारक उत्पादों पर सेस जारी रखा गया है और अब 31 दिसंबर 2025 को वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक इसे 1 फरवरी 2026 से पूरी तरह हटा दिया जाएगा। इसके स्थान पर तंबाकू पर अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी और पान मसाला पर नया हेल्थ एंड नेशनल सिक्योरिटी सेस लगाया गया है, ताकि जीएसटी टैक्स कलेक्शन में किसी तरह की कमी न हो।

**16,50,039** करोड़ रुपये कर संग्रह रहा अप्रैल से दिसंबर, 2025 के दौरान

**18,422** करोड़ रुपये रही दिसंबर महीने में घरेलू जीएसटी में रिफंड की राशि




### घरेलू जीएसटी में रिफंड की दर 62% रही

वित्त मंत्रालय ने दिसंबर, 2024 और दिसंबर, 2025 में सेस के मद में जो संग्रह अलग से बताया है और अगर उसे कुल जीएसटी संग्रह की राशि में जोड़ा जाए तो दिसंबर, 2024 की कुल संग्रह की राशि 1,76,559 करोड़ रुपये और दिसंबर, 2025 की 1,78,788 करोड़ रुपये होती है। यानी सिर्फ 1.2 प्रतिशत की वृद्धि। इसके साथ ही इन आंकड़ों में एक और उल्लेखनीय बिंदु है। यह है घरेलू जीएसटी में रिफंड की 62 प्रतिशत की दर। दिसंबर माह में घरेलू जीएसटी में रिफंड की राशि 18,422 करोड़ रुपये की रही है जबकि पिछले साल यह 11,372 करोड़ रुपये रही थी। वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों की बात करें तो घरेलू रिफंड की दर 30.7 प्रतिशत रही है।

### 17 राज्यों ने जीएसटी संग्रह में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की

डेलाइट इंडिया के पार्टनर एमएस मणि ने कहा कि यह चिंता की बात है कि दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु समेत 17 राज्यों ने जीएसटी संग्रह में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और हरियाणा जैसे कई बड़े राज्यों ने कलेक्शन में एक अंक की वृद्धि दर्ज की है और बहुत ही कम राज्यों ने अच्छी सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।

# नए फ्रीक्वेंस प्लान से 6जी विस्तार में मिलेगी मदद

- फ्रीक्वेंसी एलोकेशन प्लान लागू, 6425-7125 मेगाहर्ट्ज बैंड में उपलब्ध होगा स्पेक्ट्रम
- मोबाइल कंपनियों ने किया स्वागत, कहा-पर्याप्त मिड-बैंड स्पेक्ट्रम की उपलब्धता जरूरी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली** : 30 दिसंबर, 2025 को दूरसंचार विभाग की तरफ से देश में राष्ट्रीय फ्रीक्वेंसी एलोकेशन प्लान (एनएफएपी) 2025 लागू किया गया है, जिसके बारे में दावा किया जा रहा है कि यह देश में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाएगा और भविष्य की मोबाइल फोन आधारित प्रौद्योगिकी के लिए रास्ता आसान करेगा।

नई नीति में सरकार ने पहली बार 6425-7125 मेगाहर्ट्ज बैंड को इंटरनेशनल मोबाइल टेलीकम्युनिकेशंस (आइएमटी) के लिए चिह्नित किया है। मतलब यह हुआ कि भारत में मोबाइल फोन सेवा देने वाली कंपनियों को उक्त स्पेक्ट्रम उपलब्ध होगा जो ना सिर्फ 5जी सेवाओं के लिए इस्तेमाल हो सकेगा बल्कि आवंटित होने वाले 6जी आधारित सेवा में भी इस्तेमाल होगा। इसे मिड-बैंड स्पेक्ट्रम कवरेज माना जाता है। इस पर हाई-स्पीड, हाई-कैपेसिटी और विश्वसनीय मोबाइल ब्राडबैंड सेवाओं को ना सिर्फ कम समय में लागू किया जा सकता है बल्कि दावा है कि 5जी में इस्तेमाल मौजूदा स्पेक्ट्रम के मुकाबले इसकी लागत भी कम होगी। सीओएआइ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जेनरल डा. एसपी कोचर का कहना है कि उच्च जनसंख्या घनत्व, मोबाइल डेटा खपत में तेज वृद्धि तथा अपेक्षाकृत कम फिक्स्ड ब्राडबैंड पहुंच को देखते हुए यहां पर्याप्त मिड-बैंड स्पेक्ट्रम की उपलब्धता आवश्यक है।'

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# तंबाकू उत्पाद निर्माताओं को सीसीटीवी लगाना होगा, 24 महीने तक फुटेज भी रखना होगा

- तंबाकू पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर उपकर फरवरी से लागू होगा
- सरकार ने जारी की अधिसूचना, यह मौजूदा जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेगा

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : तंबाकू, गुटखा, जर्दा और इसी तरह के अन्य उत्पाद के निर्माताओं को एक फरवरी से सभी पैकिंग मशीनों को कवर करते हुए सीसीटीवी प्रणाली स्थापित करनी होगी और फुटेज को कम-से-कम 24 महीने तक सुरक्षित रखना होगा। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को तंबाकू और संबंधित उत्पादों पर 40 प्रतिशत जीएसटी के अलावा एक फरवरी से लगने वाले अतिरिक्त उत्पाद शुल्क की अधिसूचना जारी कर दी।

वित्त मंत्रालय ने कहा है कि तंबाकू निर्माताओं को उत्पाद शुल्क अधिकारियों को मशीनों की संख्या और उनकी क्षमता की जानकारी देनी होगी। यदि कोई मशीन लगातार 15 दिनों तक काम नहीं करती है तो वे उत्पाद शुल्क में छूट का दावा भी कर सकते हैं। ये नियम उन निर्माताओं पर लागू होंगे, जो इस तरह के सामान को पाउच में पैक करते हैं। अन्य रूपों (जैसे टिन में) उत्पादन करने वाले निर्माताओं को मूल्यांकन योग्य मूल्य पर लागू शुल्क का भुगतान करना होगा। पाउच में पैक किए गए तंबाकू उत्पाद के निर्माताओं को मशीनों की संख्या, मशीनों की विशिष्टताएं और खुदरा बिक्री मूल्यों का विवरण उत्पाद शुल्क अधिकारियों को देना होगा।सरकार ने एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। यह मौजूदा जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेगा। वित्त मंत्रालय द्वारा 31 दिसंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार, पान मसाला और तंबाकू उत्पादों पर स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर और उत्पाद शुल्क 40 प्रतिशत जीएसटी के अतिरिक्त होगा। बीड़ी के मामले में यह 18 प्रतिशत जीएसटी के अतिरिक्त होगा और एक फरवरी से प्रभावी होगा।

तंबाकू उत्पादों (चबाने वाला तंबाकू, खैनी, जर्दा, गुटखा) के लिए एमआरपी आधारित एक नई मूल्यांकन प्रणाली शुरू की गई है। इसके तहत पैकेट पर घोषित खुदरा विक्रय मूल्य के आधार पर जीएसटी निर्धारित किया जाएगा। गुटखा पर 91 प्रतिशत, चबाने वाले तंबाकू पर 82 प्रतिशत और जर्दा पर 82 प्रतिशत का अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाया जाएगा। सिगरेट पर लंबाई और फिल्टर के आधार पर प्रति 1000 स्टिक 2050 रुपये से 8500 रुपये तक टैक्स लगाया जाएगा। उत्पाद शुल्क से प्राप्त आय का वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार राज्यों में वितरण किया जाएगा। पान मसाला उत्पादन इकाइयों की उत्पादन क्षमता पर स्वास्थ्य उपकर लगाया जाएगा।

### स्वास्थ्य प्रभाव के अनुसार टैक्स सुनिश्चित होगा

सिगरेट पर एक फरवरी से उत्पाद शुल्क में वृद्धि यह सुनिश्चित करेगी कि ऐसे हानिकारक उत्पादों पर उनके स्वास्थ्य प्रभाव के अनुरूप कर बोझ पड़े और तंबाकू कराधान वैश्विक मानकों के अनुरूप हो। सिगरेट पर वर्तमान में 28 प्रतिशत जीएसटी और अलग-अलग दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर लगता है। जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से पिछले सात वर्ष में सिगरेट पर टैक्स स्थिर रहा है। यह वैश्विक प्रथाओं व सार्वजनिक स्वास्थ्य दिशानिर्देशों के विपरीत है जो सिगरेट की कीमतों को तेजी से बढ़ाने के लिए वार्षिक रूप से शुल्क बढ़ाने पर जोर देते हैं।

# आइआइटी दिल्ली के पूर्व छात्रों ने दिया 70 करोड़ से अधिक का दान

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली के वर्ष 2000 बैच के पूर्व छात्रों ने बृहस्पतिवार को अपने सिल्वर जुबिली रीयूनियन कार्यक्रम के अवसर पर आइआइटी दिल्ली को 70 करोड़ से अधिक का दान दिया है। यह किसी एक स्नातक बैच द्वारा आइआइटी दिल्ली को किया गया अब तक का सबसे बड़ा योगदान है। यह घोषणा आइआइटी दिल्ली परिसर में आयोजित सिल्वर जुबिली रीयूनियन समारोह में की गई।

समारोह में देश और विदेश से बड़ी संख्या में पूर्व छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने आइआइटी दिल्ली प्रशासन को डमी बैंक चेक भी सौंपा। पूर्व छात्रों द्वारा दी जाने वाली अधिकांश राशि आइआइटी दिल्ली के जनरल एंडोमेंट फंड में दी जाएगी। इससे संस्थान को दीर्घकालिक वित्तीय मजबूती मिलेगी। साथ ही शैक्षणिक कार्यक्रमों को मजबूत करने, उन्नत शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने, जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्तियां दी जा सकेंगी। बैच फंडरेजिंग लीड और पूर्व छात्र रोहित दुबे ने कहा कि आइआइटी दिल्ली ने उन्हें बदलती दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना सिखाया है।

# उप्र के बाद राजस्थान के बच्चे भी स्कूल में पढ़ेंगे समाचार पत्र

- शिक्षा को पुस्तकों से आगे ले जाकर व्यवहारिक बनाने की दिशा में सरकार ने की अहम पहल
- देश-दुनिया की घटनाओं से जुड़ सकेंगे और उनकी भाषा व समझ का स्तर होगा बेहतर

**जागरण संवाददाता, जयपुर:** सरकारी स्कूलों में शिक्षा को पुस्तकों से आगे ले जाकर व्यवहारिक और समसामयिक बनाने की दिशा में राजस्थान सरकार ने भी अहम पहल की है। उत्तर प्रदेश के बाद अब राजस्थान के सरकारी स्कूलों में भी विद्यार्थियों को समाचार पत्र पढ़ने का अवसर मिलेगा। प्रार्थना सभा के दौरान एक हिंदी और एक अंग्रेजी समाचार पत्र का वाचन कराया जाएगा, जिससे बच्चे देश-दुनिया की घटनाओं से जुड़ सकें और उनकी भाषा व समझ का स्तर बेहतर हो। हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए समाचार पत्र वाचन की व्यवस्था लागू की थी। इसका उद्देश्य बच्चों की भाषा, शब्दावली और समसामयिक समझ को मजबूत करना था। अब राजस्थान ने भी इसी माडल को अपनाते हुए इसे अपनी शिक्षा व्यवस्था में लागू करने का निर्णय लिया है।

राज्य सरकार के आदेश के अनुसार सभी सरकारी स्कूलों की लाइब्रेरी (वाचनालय) में समाचार पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कम से कम दो समाचार पत्र अनिवार्य होंगे, जिनमें एक हिंदी और एक अंग्रेजी का होगा। वहीं, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में दो हिंदी समाचार पत्र रखे जाएंगे। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक स्तर के विद्यार्थियों को नियमित रूप से अखबार पढ़ने की आदत पड़े। शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने स्पष्ट किया कि प्रार्थना सभा में पढ़े जाने वाले समाचार पत्रों से प्रतिदिन पांच नए शब्दों का चयन कर विद्यार्थियों को उनके अर्थ समझाए जाएंगे। इससे बच्चों की शब्दावली में निरंतर वृद्धि होगी और वे भाषा को बेहतर ढंग से समझ व प्रयोग कर सकेंगे। यह अभ्यास बच्चों में पढ़ने, सुनने और सोचने की क्षमता को एक साथ विकसित करेगा।

शिक्षा विभाग का मानना है कि समाचार पत्रों का नियमित वाचन बच्चों को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों की समझ देगा। इससे उनमें विश्लेषण करने की क्षमता विकसित होगी और वे जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

# हनी ट्रैप में फंसाकर उत्तराखंड के व्यापारी से ठगे 99.21 लाख

**जागरण संवाददाता, देहरादून:** हनी ट्रैप में फंसाकर युवती ने उत्तराखंड के टिहरी के एक व्यापारी से 99.21 लाख रुपये की ठगी की। टिहरी निवासी रोहित ने बताया कि 22 अक्टूबर को उसे अनिका नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली और दोनों के बीच मैसेंजर पर बातचीत शुरू हो गई। 23 अक्टूबर को अनिका ने उनसे मोबाइल नंबर मांगा और कहा कि वह व्हाट्सएप पर बातचीत करेंगे। 23 अक्टूबर को अनिका ने उन्हें मैसेज किया और इसके बाद छह नवंबर तक दोनों के बीच व्हाट्सएप पर बातचीत होती रही। छह नवंबर को अनिका ने उन्हें ट्रेडिंग के बारे में बताया और एक लिंक भेजकर रजिस्ट्रेशन करने को कहा। छह नवंबर को ही वेबसाइट से खाता नंबर भेजा, जोकि हर्ष यादव के नाम पर था। छह नवंबर से उससे ट्रेडिंग करवानी शुरू कर दी। 50 हजार रुपये जमा करने पर उनका मुनाफा वालेट पर भेज दिया। ठगों ने 30 दिसंबर तक 99.21 लाख रुपये विभिन्न खातों में जमा कराए। पीड़ित ने बताया कि जब उन्होंने रकम निकालने का प्रयास किया तो उनसे और रकम जमा करने को कहा गया। इसके बाद अनिका ने उन्हें अनफ्रेंड करते हुए संपर्क बंद कर दिया।

# बीएलओ के मानदेय पर तृणमूल नेता बोले, राज्य के पास पैसा नहीं

- चुनाव आयोग का पलटवार, जब पैसे नहीं तो कैसे कराएंगे चुनाव
- तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने दिया जवाब- उस समय देखा जाएगा

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली** : तृणमूल कांग्रेस वैसे तो बंगाल में चल रहे एसआइआर के मुद्दे पर चुनाव आयोग से मिलने आई थी, लेकिन इस दौरान वह राज्य की खराब वित्तीय स्थिति को भी बयां कर गई। आयोग ने तृणमूल नेताओं से जब बीएलओ (बूथ लेवल आफिसर) के लिए स्वीकृत मानदेय अब तक जारी नहीं किए जाने को लेकर सवाल किया तो उन्होंने जवाब दिया कि उनके पास पैसे नहीं हैं। तृणमूल नेताओं ने यह जवाब तब दिया है जब राज्य सरकार ने बाकी के खर्चों में किसी तरह की कोई कटौती नहीं की है।

आयोग से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो एसआइआर के काम में लगे बीएलओ के मानदेय पर कुल लगभग 80-90 करोड़ रुपये खर्च होंगे। राज्य में कुल 80 हजार बीएलओ काम पर लगे हैं। जबकि राज्य में चुनाव पर 450-500 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। ऐसे में यह सवाल खड़ा होगा कि राज्य की ओर से बीएलओ को क्यों परेशान किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो तृणमूल नेताओं के इस जवाब पर आयोग ने फिर सवाल किया कि जब राज्य की आर्थिक स्थिति ऐसी है तो फिर चुनाव कैसे कराएंगे। इस पर पहले तो तृणमूल नेता चुप रहे, फिर कहा कि उस समय की स्थिति देखी जाएगी।

इस दौरान तृणमूल नेताओं ने केंद्र सरकार पर उन्हें उनके हिस्से की धनराशि नहीं देने का आरोप भी लगाया और आयोग से दखल देने की मांग भी की। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि यह उनके कार्यक्षेत्र में नहीं है।

तृणमूल कांग्रेस के नेताओं व चुनाव आयोग के बीच बुधवार को यह नोकझोंक भरी बैठक करीब ढाई घंटे चली थी।

# शिक्षा की क्रांति से हारा बंदूकों का जुनून

**ओमप्रकाश तिवारी● जागरण**




किस्त 2

गढ़चिरौली की बदलती तस्वीर पर रिपोर्ट पढ़ने के लिए स्कैन करें।

गढ़चिरौली (महाराष्ट्र): गढ़चिरौली के सिरौंचा तालुका की भौगोलिक विकटता का अनुमान मुंबई या दिल्ली में बैठकर नहीं लगाया जा सकता। इस तालुका की दूरी जिला मुख्याल गढ़चिरौली से 285 किमी है, जबकि पड़ोसी राज्य तेलंगाना का जिला मंचेरियल सिर्फ 65 किमी दूर है। बरसात के दिनों में जब सिरौंचा का संपर्क करीब छह माह तक गढ़चिरौली से कटा रहता है, तो लोगों को मंचेरियल होकर ही गढ़चिरौली आना पड़ता है। ऐसी कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में शिक्षा की क्रांति से बंदूकों का जुनून हार गया है। इसका नतीजा यह है कि पांच साल से माओवादी आंदोलन में जिले से कोई नई भर्ती नहीं हुई है। बड़े सुनियोजित तरीके से लाई गई इसी शिक्षा क्रांति का कमाल है कि पिछले पांच वर्षों से माओवादी आंदोलन में जिले के किसी गांव से कोई नई भर्ती नहीं हुई है।

वनवासी समाज में शिक्षा की अलख जगाने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने 2011 में अपने समाज कल्याण विभाग की तरफ से वांगेपल्ली (तालुका अहेरी), सिरौंचा और नवेगांव (तालुका गढ़चिरौली) में आवासीय विद्यालयों की शुरुआत की। इन्हें 'आश्रमशाला' नाम दिया गया। सामाजिक न्याय विभाग के सहायक आयुक्त डा. सचिन मडावी बताते हैं कि पहले इन आश्रमशालाओं में छठवीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों की संख्या 10वीं कक्षा तक पहुंचते-पहुंचते आधी हो जाती थी, लेकिन अब तीनों आश्रमशालाओं की 10वीं कक्षा में क्षमतानुरूप 40-40 विद्यार्थी हैं।

पिछले वर्ष इन आश्रमशालाओं के सभी बच्चे न सिर्फ 10वीं में पास हुए, बल्कि एक ने तो 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टाप भी किया था। अब स्थिति यह है कि दो वर्षों से 200 बच्चों (प्रत्येक विद्यालय) की क्षमता वाले इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए 500 से अधिक आवेदन आते हैं।

### इंजीनियरिंग व मेडिकल में चयन

इन स्कूलों में पढ़ रहीं नौवीं-10वीं कक्षा की लड़कियां न सिर्फ फर्राटेदार अंग्रेजी बोलती हैं, बल्कि इस वर्ष तो राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल परीक्षा 'नीट' में दो बच्चों का चयन भी हो चुका है। इन्हीं विद्यालयों से निकली एक लड़की रत्नागिरि सरकारी मेडिकल कालेज में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा है। इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए तो यहां से निकले एक दर्जन से अधिक बच्चों का चयन हो चुका है।

# विवाद के बाद लोकपाल ने रद किया सात बीएमडब्ल्यू कारों के लिए टेंडर

- टेंडर जारी होने पर विपक्षी दलों ने की थी लोकपाल की आलोचना
- लोकपाल के अध्यक्ष, छह सदस्यों के लिए खरीदी जानी थीं ये कारें

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** लोकपाल ने सात बीएमडब्ल्यू कारों की खरीद के लिए जारी अपने विवादास्पद टेंडर को अब रद कर दिया है। इन लग्जरी कारों की खरीद के लिए जारी टेंडर को दो महीने बाद रद किया गया है। जब निविदा जारी करने की खबर आई थी, तब विपक्षी दलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने महंगी कारों की खरीद को लेकर लोकपाल की तीखी आलोचना की थी। यह माना जा रहा है कि इस विवाद के कारण ही यह कदम उठाया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, टेंडर रद करने का निर्णय लोकपाल की पूर्ण पीठ ने लिया। इस संबंध में 16 दिसंबर को एक औपचारिक संशोधन जारी किया गया। भ्रष्टाचार रोधी संस्था लोकपाल ने 16 अक्टूबर को सात बीएमडब्ल्यू तीन सीरीज 330एलआइ कारों की खरीद के लिए टेंडर जारी किया था। इन कारों की कुल अनुमानित कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई गई थी। ये कारें लोकपाल के अध्यक्ष और सभी सदस्यों के लिए खरीदी जानी थी।

वर्तमान में लोकपाल में एक अध्यक्ष और छह सदस्य हैं। बीएमडब्ल्यू कारों की खरीद के लिए टेंडर सामने आते ही इसकी आलोचना शुरू हुई थी और विपक्षी दलों ने इसे लोकपाल की भूमिका और मूल भावना के विपरीत बताया था। कांग्रेस ने लोकपाल पर तंज कसते हुए कहा था कि यह अब लोकपाल नहीं बल्कि 'शौकपाल' बन गया है।

नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने मांग की थी कि लोकपाल टेंडर को रद करे और भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों का विकल्प चुने।

# अरावली को नष्ट किया तो पीढ़ियों को भुगतना होगा खामियाजा

- मोहन भागवत ने कहा, विकास जरूरी, पर वह प्रकृति को साथ लेकर ही टिकाऊ हो सकता है
- अरावली पहाड़ियां केवल पत्थरों का ढेर नहीं, बल्कि उत्तर भारत के पर्यावरण संतुलन की रीढ़

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायपुर** : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने अरावली पर्वतमाला का उदाहरण देते हुए कहा कि अरावली को नष्ट किया तो पीढ़ियों को इसका खामियाजा भुगतना होगा। स्पष्ट किया कि विकास जरूरी है, लेकिन वह प्रकृति को साथ लेकर ही टिकाऊ हो सकता है। एम्स रायपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि दुनिया आज तक ऐसा विकास माडल नहीं बना पाई है, जिसमें पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हो सके।



रायपुर स्थित श्रीराम मंदिर में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख डा. मोहन भागवत ● आरएसएस

डा. भागवत ने कहा कि अरावली पहाड़ियां केवल पत्थरों का ढेर नहीं, बल्कि उत्तर भारत के पर्यावरण संतुलन की रीढ़ हैं। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन की जरूरत पर जोर दिया। कहा कि अब समय आ गया है कि प्रकृति और विकास को टकराव की जगह समानांतर रास्ते पर चलाया जाए। ऐसी योजनाएं बनाई जाएं जिससे प्राकृतिक संसाधनों को किसी तरह का नुकसान न हो और विकास भी होता रहे।

युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि रोजगार, करियर और आधुनिक सुविधाएं महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनके साथ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी भी उतनी ही जरूरी है। जीवनशैली और नीतियों, दोनों स्तर पर बदलाव की जरूरत है। तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन गुरुवार को युवाओं में बढ़ते अकेलेपन और नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि परिवारों में संवाद और भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा, तो युवा गलत रास्तों की ओर नहीं जाएंगे। युवाओं से अपील की कि वे छोटे-छोटे फैसलों से पर्यावरण संरक्षण और समाज निर्माण की बड़ी शुरुआत करें।

बता दें कि केंद्र सरकार की सिफारिशों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की जिस परिभाषा को स्वीकार किया था, उसके अनुसार आसपास की जमीन से कम से कम 100 मीटर (328 फीट) ऊंचे जमीन के हिस्से को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा।

पर्यावरणविदों का कहना था कि सिर्फ ऊंचाई के आधार पर अरावली को परिभाषित करने से कई ऐसी पहाड़ियों पर खनन और निर्माण के लिए दरवाजा खुल जाने का खतरा पैदा हो जाएगा, जो 100 मीटर से छोटी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अरावली पहाड़ियों की परिभाषा से जुड़े अपने ही फैसले पर रोक लगा दी है।

29 दिसंबर 2025 को, सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को स्थगित कर दिया और एक नई हाई-पावर कमिटी गठित करने का निर्देश दिया, जो अरावली रेंज का सर्वे करेगी और इसकी सही परिभाषा तय करेगी। समिति गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में अरावली का अध्ययन करेगी, पर्यावरणीय प्रभावों का मूल्यांकन करेगी और स्टेकहोल्डर्स से सलाह लेगी। अगली सुनवाई 21 जनवरी 2026 को होगी।

# अब पेंशन फंड स्थापित कर सकेंगे बैंक

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली** : राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को अधिक प्रतिस्पर्धी, पारदर्शी बनाने की दिशा में पेंशन फंड नियामक व विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने कई बड़े नीतिगत सुधारों का एलान किया है। इन सुधारों से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) को अब स्वतंत्र रूप से पेंशन फंड स्थापित कर पेंशन परिसंपत्तियों को स्वतंत्र तरीके से प्रबंधन करने की छूट मिल गई है। वित्त मंत्रालय का कहना है कि इससे पेंशन सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

नियामकीय बाधाओं को दूर करने वाले इस फ्रेमवर्क को पीएफआरडीए बोर्ड ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। नए नियमों के तहत नेटवर्थ, बाजार पूंजीकरण और आरबीआइ के प्रूडेंशियल मानकों पर आधारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने पर ही पेंशन फंड स्पांसर बनने की अनुमति बैंकों को दी जाएगी। इससे केवल वित्तीय रूप से मजबूत और आधारभूत तौर पर सुरक्षित बैंक ही इस क्षेत्र में प्रवेश कर पाएंगे। एनपीएस ट्रस्ट बोर्ड में नई नियुक्तियां भी की गई हैं।

# दिसंबर में यूपीआइ से लेनदेन में 29% की वृद्धि

**नई दिल्ली:** दिसंबर में यूपीआइ के जरिये लेनदेन साल-दर-साल आधार पर 29% बढ़कर 21.63 अरब हो गया। इतना ही नहीं, लेनदेन का मूल्य भी 20 प्रतिशत सालाना बढ़कर 27.97 लाख करोड़ रुपये हो गया। दिसंबर में औसत दैनिक लेनदेन का मूल्य नवंबर के 87,721 करोड़ रुपये से बढ़कर 90,217 करोड़ रुपये हो गया। दिसंबर में औसत दैनिक लेनदेन 69.8 करोड़ दर्ज किए गए, जो नवंबर के 68.20 करोड़ से ज्यादा है। आइएमपीएस से लेनदेन 6.62 लाख करोड़ रुपये रहा। (आइएएनएस)

**KANPUR SMART CITY LIMITED**
Nagar Nigam Mukhyalaya, 3rd Floor, Motijheel, Kanpur-208002
E-mail: kscIkanpur@gmail.com
(CIN: U74999UP2016SGC088203)

**NOTICE**

On **15.12.2025**, the tender for **"Selection of Agency for Operation, Maintenance and Providing Comprehensive Facility Management Services for Kanpur Convention Centre, Kanpur (Third Call)"** was published by Kanpur Smart City Limited with **Auction ID 28397** through Forward Auction at GEM portal.

Based on query received from bidders, a corrigendum has been issued, which can be accessed at the GEM portal. **The corrigendum includes necessary amendments to the Technical Qualifications and a reduction in the Bid Value.**

For more information, Please visit this link –
https://forwardauction.gem.gov.in/eprocure/home
Search for **Auction ID - 28397**

**Chief Executive Officer**
**Kanpur Smart City Limited**

दैनिक जागरण

# सप्तरंग

मनोरंजन की दुनिया का

शुक्रवार, 2 जनवरी, 2026

2026 उम्मीदें

# बड़ा दांव सितारों पर

नए साल में फिल्म द राजा साब में नजर आएगी प्रभास व मालविका मोहनन की जोड़ी तो वहीं बार्डर 2, धुरंधर 2 और रामायण के पहले पार्ट से हैं कमाई की बड़ी उम्मीदें। इस साल रजनीकांत, शाह रुख खान, सलमान खान की बड़ी फिल्में कतार में हैं, वहीं मर्दानी 3 में रानी मुखर्जी दिखाएंगी दमखम। इसके साथ ही कौन से नए चेहरों पर लगेगा दांव, इसका लेखा-जोखा पेश कर रहे हैं दीपेश पांडेय...


सलमान खान


शाह रुख खान


फिल्म रामायण


मर्दानी 3


धुरंधर में जंची रणवीर सिंह व सारा अर्जुन की जोड़ी


बार्डर 2 का पोस्टर

### इतिहास डालेगा असर

इस साल भी ऐतिहासिक और वास्तविक घटनाओं पर बनी फिल्मों की कतार काफी बड़ी है। साल की शुरुआत अगस्त्य नंदा, जयदीप अहलावत और धर्मेंद्र अभिनीत फिल्म इक्कीस से हुई। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 21 वर्ष की आयु में शहीद सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के जीवन पर आधारित है। उसके अगले ही दिन यानी आज भारत की पहली महिला जासूस कही जाने वाली नीरा आर्या के जीवन पर आधारित फिल्म आजाद भारत प्रदर्शित हो रही है। उसके बाद इस साल बार्डर 2, धुरंधर पार्ट 2, बैटल आफ गलवान, लव एंड वार, लाहौर 1947 और राजा शिवाजी समेत ऐतिहासिक और वास्तविक घटनाओं की पृष्ठभूमि पर बनी कई फिल्में प्रदर्शित होंगी।

### सीक्वल और फ्रेंचाइजी

पिछले साल दर्शकों ने स्पष्ट संकेत दे दिया कि केवल सीक्वल या फ्रेंचाइजी के सहारे फिल्में अब नहीं चलतीं। कई फ्रेंचाइजी फिल्मों को नकार कर दर्शकों ने यह जता दिया कि अगर कहानी में नयापन और दम नहीं होगा, तो बड़े नाम भी फिल्मों को नहीं बचा पाएंगे। उसमें ताजगी और रचनात्मकता अब अनिवार्य हो चुकी है। इसके बावजूद, इस साल फिल्मकारों को बार्डर 2, वध 2, वेलकम टू द जंगल, मर्दानी 3, पति पत्नी और दो, काकटेल 3 और दृश्यम 3 जैसी फ्रेंचाइजी फिल्मों से काफी उम्मीदें हैं। वहीं दूसरी ओर, हेरा फेरी 3, आवारा पागल दीवाना 2 और गोलमाल 5 समेत कई लोकप्रिय सीक्वल और फ्रेंचाइजी फिल्मों की शूटिंग भी इसी साल शुरू होने जा रही है।

### बड़े सितारों का जलवा

इस साल बहुप्रतीक्षित और बड़े सितारों की फिल्मों की लंबी कतार को देखते हुए टिकट खिड़की पर नए रिकार्ड बनने की पूरी संभावना है। सलमान खान की बैटल आफ गलवान व शाह रुख खान की किंग जैसी बड़ी फिल्में जहां चर्चा में हैं, वहीं रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, अजय देवगन, अक्षय कुमार, शाहिद कपूर और सनी देओल की फिल्में भी रिलीज के लिए तैयार हैं। पैन-इंडिया स्तर पर प्रभास, रजनीकांत, जूनियर एनटीआर और यश जैसे सितारों की फिल्मों से भी बड़ी उम्मीदें जुड़ी हैं। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श का कहना है, 'साल 2026 सिनेमा जगत के लिए बहुत बड़ा गेम चेंजर होगा। इस साल बड़ी फिल्में आ रही हैं। रणवीर सिंह अभिनीत धुरंधर पार्ट 2 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है, तो वहीं रणबीर कपूर अभिनीत बहुप्रतीक्षित रामायण का पहला भाग आएगा। यश अभिनीत एक्शन फिल्म टाक्सिक भी कतार में है। स के सारे रिकार्ड टूट सकते हैं।'


द राजा साब में मालविका मोहनन व प्रभास

### पर्दे पर पैन इंडिया

इस साल पैन इंडिया फिल्मों की शुरुआत नौ जनवरी को प्रदर्शित हो रही प्रभास अभिनीत फिल्म द राजा साब से होगी। उसके बाद पैन इंडिया फिल्मों में यश अभिनीत टाक्सिक, राम चरण अभिनीत पेड्डी, अडिवी सेष अभिनीत डेक्वाइट : एक लव स्टोरी, रजनीकांत अभिनीत जेलर 2, प्रभास अभिनीत फौजी, और जूनियर एनटीआर अभिनीत ड्रैगन आएंगी।

### दिखेगी नारी शक्ति

इस साल बड़े पर्दे पर अभिनेत्रियों का दमखम देखने को मिलेगा। श्रद्धा कपूर, आलिया भट्ट, रानी मुखर्जी और मातृत्व अवकाश से लौटी दीपिका पादुकोण समेत कई अभिनेत्रियां इस साल सशक्त अवतार में नजर आ सकती हैं। महिला प्रधान फिल्मों में रानी मुखर्जी अभिनीत मर्दानी 3, आलिया भट्ट अभिनीत अल्फा और श्रद्धा कपूर अभिनीत ईथा से टिकट खिड़की को भी खूब कमाई की उम्मीदें हैं।

### नई पीढ़ी, नया जोश

स्थापित सितारों के साथ-साथ इस साल कई नए चेहरे भी अपना भाग्य आजमाते नजर आएंगे, जिसमें कुछ चर्चित सितारों की संतानें भी होंगी। फिल्म इक्कीस से हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा का बड़े पर्दे पर पदार्पण हुआ। वहीं अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया ने भी इसी फिल्म से सिनेमा जगत में प्रवेश किया। शाह रुख खान की बेटी सुहाना खान का फिल्म किंग से पहली बार बड़े पर्दे पर पदार्पण होगा। गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा भी इस साल हिंदी सिनेमा में कदम रखने के लिए तैयार हैं।

### एआइ का कमाल

पिछले साल एनीमेशन फिल्म महावतार नरसिम्हा सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय एनीमेशन फिल्म बनी। इसमें एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का भी प्रयोग हुआ था। इस साल भी सिनेमा जगत में नई तकनीक और एआइ का खूब प्रयोग देखने को मिलेगा। कुछ फिल्में तो पूरी तरह एआइ की मदद से बनाई जा रही हैं। इस बारे में अबुदंशिया प्रोडक्शन के संस्थापक और निर्माता विक्रम मल्होत्रा कहते हैं, '2026 बाक्स आफिस की कमाई के नजरिए से भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का सबसे बड़ा साल होगा। इस साल हिंदी के साथ-साथ दक्षिण भारतीय सिनेमा और हालीवुड से भी कई बड़े सितारों, बड़े बजट और बड़े विषयों पर आधारित फिल्में आ रही हैं। इस साल सिनेमा में तकनीक की भी अहम भूमिका होगी। हम पूरी तरह से एआइ से निर्मित फिल्म चिरंजीवी हनुमान बना रहे हैं। तकनीक की मदद से हम वो दुनिया दिखा पाएंगे, जैसी पहले किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। अपने प्रोडक्शन हाउस में हमने एक नया विभाग शुरू किया है, जहां एआइ की मदद से फिल्में बनाई जा रही हैं। इसके प्रोजेक्ट्स में चिरंजीवी हनुमान, जय संतोषी माता और छह फिल्में शामिल हैं।'

**इन युवाओं पर रहेगी नजर**

**इक्कीस** : अगस्त्य नंदा और सिमर भाटिया
**शक्ति शालिनी** : अनीत पड्डा
**चांद मेरा दिल** : लक्ष्य
**तू या मैं** : शनाया कपूर
**किंग** : सुहाना खान


अगस्त्य नंदा


सुहाना खान

## इनसे मिलिए

# अब करना है रोमांस

**नेताजी सुभाषचंद्र बोस द्वारा गठित झांसी की रानी रेजीमेंट पर आधारित है फिल्म आजाद भारत। सिनेमाघरों में आज प्रदर्शित हो रही इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगी इंदिरा तिवारी। नए साल में किस तरह के पात्र निभाना चाहती हैं, इसे लेकर इंदिरा से दीपेश पांडेय की बातचीत**



आरक्षण, गंगूबाई काठियावाड़ी और सीरियस मेन फिल्मों की अभिनेत्री इंदिरा तिवारी फिल्म आजाद भारत में सरस्वती राजामणि की भूमिका को लेकर उत्साहित हैं। यह फिल्म नेताजी सुभाषचंद्र बोस द्वारा गठित झांसी की रानी रेजीमेंट की सदस्य और देश की पहली महिला जासूस कही जाने वाली नीरा आर्या के जीवन पर आधारित है। सरस्वती राजामणि भी इसी रेजीमेंट का हिस्सा थीं। रूपा अय्यर अभिनीत और निर्देशित इस फिल्म के बारे में इंदिरा बताती हैं, 'नीरा आर्या को देश की पहली महिला जासूस के तौर पर जाना जाता है, वहीं सरस्वती राजामणि को देश की सबसे युवा महिला जासूस के तौर पर जाना जाता है। उम्मीद यही है कि फिल्म देखने के बाद लोगों के अंदर ऐसी वीरांगनाओं के बारे में जानने की जिज्ञासा पैदा हो।'

हिंदी सिनेमा में करीब डेढ़ दशक के अपने पेशेवर सफर पर इंदिरा कहती हैं, 'मेरे करियर की शुरुआती फिल्में रहीं आरक्षण, पीपली लाइव और सत्याग्रह। इन फिल्मों से समाज में कुछ न कुछ संदेश गया। उसके बाद मैंने नजरबंद, गंगूबाई काठियावाड़ी, बस्तर : द नक्सल स्टोरी और सीरियस मेन जैसी फिल्में कीं। मुझे ऐसी ही फिल्में आकर्षित करती रही हैं, जहां पात्र आगे बढ़कर जिंदगी में कुछ करते हैं।'

नए साल की योजनाओं पर इंदिरा कहती हैं कि मेरे दिमाग में अब ये सवाल आ रहा है कि मैं रोमांटिक या कामेडी फिल्में क्यों नहीं कर रही हूं? जिस तरह के पात्र निभा चुकी हूं, उनसे अलग पर्दे पर दिखना है। मुझे हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम समेत देश की दूसरी भाषाओं की फिल्मों में भी काम करना है। जिसके लिए मैंने प्रयास शुरू भी कर दिए हैं।'

## दिल से

# इसमें टाइगर की क्या गलती

सिनेमा में भाई-भतीजावाद या नेपोटिज्म का मुद्दा कभी न खत्म होने वाली बहस है। हर कलाकार की इस पर अलग राय है। इन दिनों किंग फिल्म में काम कर रहे अभिनेता जैकी श्राफ की अगर बात करें, तो उनकी इस पर अपनी राय है, क्योंकि उन्होंने फिल्मी और गैर फिल्मी पृष्ठभूमि से आने के प्रभाव दोनों को करीब से देखा है। वह कहते हैं कि मैंने कभी सोचा नहीं कि फिल्मी (इनसाइडर) और गैर फिल्मी पृष्ठभूमि (आउटसाइडर) से कुछ होता है। मैं तो इंडस्ट्री के बाहर से आया हूं। मेरे पिता तो ज्योतिषी थे। मैं इस इंडस्ट्री में आया, काम किया, आज जाना-माना नाम हूं। अब मेरा बच्चा (टाइगर श्राफ) जो काम कर रहा है, उसमें उसकी क्या गलती है। न ही मेरी गलती है कि मैं स्टार बन चुका हूं। फिर दूसरे कैसे कह सकते हैं कि नेपोटिज्म है। मैं तो इंडस्ट्री के बाहर से ही आया था ना।



जैकी आगे कहते हैं कि दरअसल, नेपोटिज्म को लेकर बातें केवल इंटरनेट मीडिया पर होती हैं। वे लोग ये बातें करते हैं, जिनके हाथों में फोन है। वे अपनी चिड़चिड़ाहट को बाहर निकालते हैं। इंटरनेट मीडिया पर हमें कोई प्यार देता है, तो कोई भला-बुरा भी कहता है। आउटसाइडर हो या इनसाइडर, कलाकारों को हर हाल में ट्रोल किया जाता है। मुझे तो लगता है कि जो कलाकार फिल्मी परिवार से नहीं हैं या जिन्हें आउटसाइडर कहा जाता है, उन पर कोई बोझ नहीं होता है। मुझ पर भी नहीं था, क्योंकि कोई मुझसे यह उम्मीद ही नहीं कर रहा था कि पहली फिल्म से हिट हो जाऊं, लेकिन जब किसी सितारे की संतान आती है, तो उनसे उम्मीद बढ़ जाती है कि फलां का बेटा है, फलां की बेटी है। मैं तो खुश होता हूं कि युवा मेरे बेटे टाइगर के पिता के रूप में मुझे जानते हैं। बच्चे कहते हैं कि ये तो टाइगर के पापा हैं। अच्छा लगता है कि बच्चे की वजह से पिता को पहचाना जाए।

**प्रियंका सिंह**

## बातचीत

# तर्क से आगे है चरक



**पश्चिम बंगाल की पृष्ठभूमि में अंधविश्वास व धार्मिक वैमनस्य जैसे मुद्दों पर टिप्पणी करती है बतौर निर्माता सुदीप्तो सेन की फिल्म चरक...**



द केरल स्टोरी और बस्तरः द नक्सल स्टोरी के निर्देशक सुदीप्तो सेन ने अब फिल्म निर्माण में कदम रख दिया है। बतौर निर्माता उनकी पहली फिल्म चरक होगी। फिल्म अंधविश्वास तथा धार्मिक वैमनस्य जैसे मुद्दों पर टिप्पणी करती है। सुदीप्तो कहते हैं कि हमारे यहां बालीवुड बनता है, टालीवुड (तेलुगु सिनेमा) और मालीवुड (मलयालम सिनेमा) बनता है, लेकिन भारतीय सिनेमा नहीं बनता है। पहला मौका मिलते ही मैंने एक भारतीय सिनेमा बनाया। दूसरा एक ऐसे विषय को उठाने का प्रयास किया है, जिस पर हम बात नहीं करना चाहते हैं, वह है अंधविश्वास। यह फिल्म वहां से शुरू होती है जहां तर्क समाप्त हो जाता है, जहां विज्ञान और तकनीक की पहुंच खत्म हो जाती है। हमारे देश में, खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में, इन चीजों का प्रभाव बहुत अधिक देखने को मिलता है। फिल्म चरक इसी पृष्ठभूमि पर आधारित है। चरक एक त्योहार है, जो बंगाल और बिहार के कुछ आदिवासी या दुर्गम इलाकों में चैत्र महीने के दौरान मनाया जाता है। इस त्योहार में पहले मानव बलि की प्रथा भी थी। हालांकि आज यह कानूनन बंद है, लेकिन चोरी-छिपे ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। हमारा देश विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन आज भी कई तरह के अंधविश्वासों और अवैज्ञानिक मान्यताओं के बीच जी रहा है। फिल्म के माध्यम से अंधविश्वास पर प्रहार की कोशिश की है।

सुदीप्तो की यह फिल्म संजय हल्दर की लघु कथा पर आधारित है। द केरल स्टोरी और बस्तर जटिल फिल्में थीं। मैं थक चुका था, लेकिन मुझे जल्दी से एक फिल्म बनानी थी। इसलिए अपने करीबी शिलादित्य मौलिक को कमान सौंपी। वह बांग्ला में कई फिल्में बना चुके हैं। सुदीप्तो स्वीकारते हैं कि इस फिल्म को बनाना आसान नहीं था, पर गांव के लोगों ने बहुत सहयोग किया। हमने फिल्म का आधा हिस्सा बंगाल में और आधा झारखंड में शूट किया। फिल्म की रिलीज को लेकर सुदीप्तो कहते हैं कि जब आप किसी फिल्म को बनाने में इतना परिश्रम करते हैं, तो उसे बड़े पर्दे पर देखना ही बेहतर होता है। यह फिल्म छह मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**रिमता श्रीवास्तव**

# अब साल में दो-तीन फिल्में नहीं करना चाहतीः आलिया


@aliaabhatt

**सिनेमा की दुनिया** में पहले मां बनना अभिनेत्रियों के करियर में जोखिम भरा माना जाता था। हालांकि, अब परिस्थितियां उससे अलग हैं। अब दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा समेत इंडस्ट्री में ऐसी कई अभिनेत्रियां हैं, जो मां की जिम्मेदारियां निभाने के साथ-साथ लगातार अभिनय भी कर रही हैं। आलिया भट्ट ने साल 2022 में बेटी राहा को जन्म दिया था। हालांकि आलिया का स्वयं मानना है बेटी पैदा होने के बाद उनकी प्राथमिकताएं बदली हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'निश्चित तौर पर अब मैं एक अलग गति और मात्रा में काम करती हूं, क्योंकि मेरी एक बच्ची है। हालांकि, यह काम करने की एक आरामदायक गति है और मैं इससे खुश हूं। मुझे एक बार में एक ही फिल्म करनी है और उसमें अपनी पूरी ऊर्जा लगाना पसंद है। पहले मैं एक साथ दो या तीन फिल्में करती थी, लेकिन अब मैं ऐसा नहीं करना चाहती।' इस साल आलिया फिल्म अल्फा में एक्शन करती नजर आएंगी। मां बनने के बाद यह उनकी पहली एक्शन फिल्म होगी। इस बारे में उन्होंने कहा, 'बच्चा होने के बाद एक्शन करना मेरे लिए बहुत दिलचस्प था, क्योंकि इससे मुझे यह देखने का मौका मिला कि मेरा शरीर क्या करने में सक्षम है।'

# कमर्शियल फिल्मों से ही स्टार बन पाऊंगाः परमवीर

इन दिनों अभिनेता परमवीर सिंह चीमा, जिन प्रोजक्ट का हिस्सा बन रहे हैं, वह हिट हो रही हैं। पिछले साल ब्लैक वारंट वेब सीरीज और तेरे इश्क में फिल्म से चर्चाओं में आए परमवीर इस साल 23 जनवरी को रिलीज होने वाली फिल्म बार्डर 2 में फौजी की भूमिका में होंगे। उनसे हुई बातचीत के अंश।


@paramvircheema07

सात सवाल

**● पिछले कामों से मिली सफलता के मायने आपके लिए क्या हैं?**

-काम तो कई आते-जाते रहते हैं, लेकिन कम ही ऐसे काम होते हैं, जो याद रह जाते हैं। मैंने जिसमें काम किया, वह याद रह गया। मुझे कास्ट करने वाले एक व्यक्ति की पत्नी ने कहा कि मैंने कहा ही था कि परम को लो, क्योंकि वह जिस शो में होता है वह सुपरहिट हो जाता है।

**● पिछला साल क्या सिखा गया?**

-मैं पहले कलात्मक फिल्मों और सीरीज से बहुत प्रभावित होता था लेकिन जब मैंने तेरे इश्क में और बार्डर 2 फिल्मों में काम किया, तो पता चला की कमर्शियल स्पेस में काम करना कितना जरूरी है। केवल आर्ट से स्टार नहीं बन सकते हैं। कामर्स बहुत अहम है। फिर मेरी फिल्में देखने की प्राथमिकताएं बदल गईं। सबसे बड़ी सीख यही रही कि कमर्शियल फिल्मों से ही स्टार बन पाऊंगा। आर्ट से इज्जत मिलती है, लेकिन कमर्शियल फिल्में पहचान दिलाती हैं। बाकी नए साल पर सबसे बड़ी ख्वाहिश यही है कि अपने माता-पिता को विदेश की सैर करानी है। वो इच्छा पूरी होती नहीं है, क्योंकि वो देश के बाहर जाना ही नहीं चाहते। खास तौर पर मेरे पापा। वो पासपोर्ट ही नहीं बनवाते हैं।

**● बार्डर 2 के सेट पर काम का अनुभव कैसा था?**

-मजेदार। अनुराग सर (फिल्म के निर्देशक अनुराग सिंह) से जब मिला, तो उन्होंने कहा कि मुझे तुम्हारे साथ काम करना था। टब्बर सीरीज में जब देखा था, तब से ही सोच रहा था कि तुम्हें पंजाबी फिल्मों में किसी ने हीरो के रोल में क्यों नहीं लिया। उनकी यह बात पहली ही मीटिंग में मुझे याद रह गई। सेट पर मैं नर्वस था, क्योंकि बड़ी फिल्म है, ऊपर से बार्डर की सीक्वल है। फिल्म में सब बड़े कलाकार हैं। मेरा ज्यादा काम वरुण (धवन) के साथ ही था। लेकिन उन्होंने अहसास नहीं होने दिया कि मैं इस सेट पर नया हूं।

**● क्या बार्डर फिल्म को लेकर आपस में बातें होती थीं कि कहीं मूल फिल्म से तुलना ना हो?**

-हां, क्योंकि बार्डर फिल्म बहुत अच्छी थी। जब आप इतनी बड़ी फ्रेंचाइज का हिस्सा होते हैं, तो अंदर से लगता है कि कोई गलती ना हो। इंटरनेट मीडिया का जमाना है। छोटी सी गलती को ऐसे उठा दिया जाता है कि वह बड़ा मुद्दा बन जाता है। हालांकि जैसे-जैसे शूटिंग आगे बढ़ी, हमें स्पष्टता मिल गई थी कि हम अच्छा काम कर रहे हैं।

**● तेरे इश्क में, ब्लैक वारंट और टब्बर तीनों में आपका पात्र सरदार था। लगा नहीं कि टाइपकास्ट हो रहे हैं? बार्डर 2 में उसे कैसे तोड़ा?**

-यह डर था। हमारी इंडस्ट्री इतनी आगे बढ़ चुकी है, लेकिन अब भी टाइपकास्ट वाली चीजें हैं। बार्डर 2 में अनुराग सर ने मेरा पात्र सरदार ही सोचा था। मैंने कहा कि सर दिक्कत यह है कि लोग मुझे केवल उसी रोल में देखना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या करें। मैंने कहा कि सर हम जिस रेजिमेंट को फिल्म में दिखा रहे हैं, वह हरियाणा का है, मेरे पात्र को हरियाणवी दिखाते हैं। उन्होंने पूछा हरियाणवी बोल लोगे? मैंने कहा सर यही तो दिक्कत है, आपने मुझे पंजाबी बोलते ही देखा है, तो आपको लगता है कि मैं वही कर सकता हूं। उन्होंने कहा कि हरियाणवी में रीडिंग करते हैं। रीडिंग के बाद उन्होंने ओके कर दिया।

**● आपके लिए अपनी या दूसरों की कौन सी गलती माफ करना मुश्किल होता है?**

-मैं पहले आसानी से किसी को माफ नहीं करता था। यह बदलाव मुझमें पिछले दो-ढाई साल में आया है। मैंने जिंदगी में कई गलतियां की हैं, जिसका अहसास अब होता है। मेरी अच्छी बात यह है कि जब मुझे गलती का अहसास होता है, तो माफी मांग लेता हूं। अब चीजों को देखने का मेरा नजरिया भी बदला है।

**● किस कलाकार का आप पर बहुत प्रभाव रहा है?**

-इरफान खान सर का। आज भी जब मैं कोई किरदार निभाता हूं, तो पहले उनकी कोई फिल्म देखता हूं। फिर सोचता हूं कि मैंने आज ठीक किया या कहीं चूक तो नहीं गया। (स्मिता श्रीवास्तव)

## आज का भविष्यफल-02 जनवरी, 2026 शुक्रवार

पं. के. ए. दुबे पद्मेश

**आज की ग्रह स्थिति** : पौष मास शुक्ल पक्ष चतुर्दशी का राशिफल।
**आज का राहुकाल** : प्रातः 10:30 से 12 बजे तक।
**आज का दिशाशूल** : पश्चिम
**आज की भद्रा** : सायं 06:54 से प्रातः 05:33 बजे तक।

**कल 03 जनवरी, 2026 का पंचांग**




**कल का दिशाशूल** : पूर्व
**कल का पर्व एवं त्योहार** : शाकंभरी जयंती, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2082 शके 1947 दक्षिणायण, दक्षिणगोल, हेमंत ऋतु पौष मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा 15 घंटे 33 मिनट तक, तत्पश्चात प्रतिपदा आद्रा नक्षत्र 17 घंटे 28 मिनट तक, तत्पश्चात पुनर्वसु नक्षत्र ब्रह्म योग 09 घंटे 06 तक, तत्पश्चात ऐंद्र योग मिथुन में चंद्रमा।

**मेष** : किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। रिश्तों में निकटता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**वृष** : जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** : दांपत्य जीवन सुखमय होगा। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। प्रयास फलीभूत होगा।

**कर्क** : रोग या विरोधी के कारण मन अशांत रहेगा। प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।

**सिंह** : पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक प्रगति होगी।

**कन्या** : प्रयास फलीभूत होगा। रचनात्मक सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा।

**तुला** : पुरुषार्थ सार्थक होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** : आर्थिक प्रयास फलीभूत होगा। रिश्तों में निकटता आएगी। व्यावसायिक सफलता मिलेगी।

**धनु** : धन सम्मान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा।

**मकर** : निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** : जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।

**मीन** : शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। चल या अचल संपत्ति की दिशा में प्रयास सार्थक होगा।

## वर्ग पहेली-3207



© Bird Features & Writing Agency

**बाएं से दाएं**

1. समान अर्थ वाला (5)। 3. पायल आदि की झनझन की आवाज (4)। 6. धरना, लादना, नियुक्त करना (3)। 8. स्वीकार करना (4)। 10. मन से उत्पन्न (3)। 11. कथा सार, छोटी कथा (4)। 13. बिना पलक झपकाए (4)। 15. मकान या घर की देखभाल करने वाला (3)। 17. ललचाया हुआ (4)। 18. रक्षा करने वाला, हिफाजत करने वाला (3)। 19. एक प्रकार का मसाला (4)। 20. किसी को तबाह कर देना (2,3)।

**ऊपर से नीचे**

1. मानना (4)। 2. कामचोर, आलसी (4)। 4. संपूर्ण शरीर को पानी से धोना (3)। 5. सारथी, रथ चलाने वाला (5)। 7. बेढंगा, बेढब, अनुपयुक्त (4)। 9. लचकने का भाव (3)। 12. थाने का अधिकारी (4)। 13. एक आतंकी संगठन (5)। 14. कसैले स्वाद वाला (3)। 15. किसी की निगाह से बच कर निकलना (4)। 16. घमंड करना, जिद करना (4)। 7. लोभी (3)।

**कल का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ[1] | च | र | ज[2] | | ज[3] | ल[4] | कं | ट | क[5] |
| म | | | ल | | | प | | | रा |
| र | | | ज | | हिं[6] | ट | | | ह |
| बे[7] | स | न[8] | | | मा | | पा[9] | ल | ना |
| ल | | टे[10] | क | सी[11] | ल | | | | |
| | | | | म[12] | य | खा | नी[13] | | पी[14] |
| क[15] | या | स | | वे | | | कं[16] | सू | र |
| म | | | प[17] | द | | पा[18] | | | ल |
| क | | | र | | | य | | | गा |
| स[19] | म | यां | त | र | | ल[20] | ट | क | ना |

## सुडोकू-3207

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 5 | | 2 | | 3 | | 4 |
| | 9 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | 6 | | 7 | | 9 | |
| 2 | | | | 8 | | 4 | | 7 |
| | 4 | | 7 | | 5 | | | |
| 7 | | | | 4 | | | 1 | 6 |
| 3 | | | 5 | | | | | 1 |
| | | 4 | | 9 | | 7 | | |
| 6 | | | 8 | | 3 | | | 9 |

**कल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 1 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 2 | 9 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 4 | 5 | 3 | 9 |

# बिना मौका दिए पंत को बाहर करना सही होगा?

## भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज **रिषभ पंत की फार्म** विजय हजारे ट्राफी में उतार-चढ़ाव भरी रही

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** मौजूदा विजय हजारे ट्राफी में रिषभ पंत का फार्म उतार-चढ़ाव भरा रहा है। चार मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाने वाले पंत अगर आगामी न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से बिना एक भी मैच खिलाए बाहर कर दिए जाते हैं तो यह अजित अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति का कुछ हद तक कठोर फैसला माना जा सकता है। भारतीय चयनकर्ता 11 जनवरी से वडोदरा में शुरू होने वाली न्यूजीलैंड के विरुद्ध तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम का ऐलान करने वाले हैं। ऐसे में यह अटकलें तेज हैं कि क्या पंत अपनी जगह बचा पाएंगे। यह किसी से छिपा नहीं है कि टीम प्रबंधन का कम से कम एक सदस्य पंत की हाई-रिस्क, हाई-रिवार्ड बल्लेबाजी शैली से पूरी तरह सहमत नहीं है और उनसे अधिक पारंपरिक अंदाज में खेलने की अपेक्षा रखता है लेकिन दूसरे विकल्प के विकेटकीपर को उचित मौका दिए बिना बाहर करना स्वाभाविक तौर पर कई सवाल खड़े कर सकता है, जिनके ठोस जवाब देना मुश्किल होगा।

**विजय हजारे ट्राफी में भी खास प्रदर्शन नहीं:** विजय हजारे ट्राफी में भी पंत का प्रदर्शन खास प्रभावी नहीं रहा है। चार मैचों में उनका एकमात्र उल्लेखनीय स्कोर 70 रन रहा, जबकि सीजन के चर्चित खिलाड़ी इशान किशन ने कर्नाटक के विरुद्ध झारखंड की ओर से मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए 14 छक्के जड़ दिए। इसके अलावा ध्रुव जुरैल ने उत्तर प्रदेश के लिए डैडी हंड्रेड लगाया है और वह पिछली वनडे सीरीज में टीम का हिस्सा भी थे। हालांकि बेंगलुरु के सेंटर आफ एक्सीलेंस में दिल्ली के मैचों की पिचों को बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग नहीं कहा जा सकता, लेकिन 20-25 के आसपास आउट होना कोई मजबूत बहाना भी नहीं है। इसके बावजूद, प्रभाव के लिहाज से पंत अभी भी जुरैल से कुछ पायदान ऊपर माने जाते हैं। 15 खिलाड़ियों की टीम में तीन विकेटकीपर रखना विलासिता जैसा है। केएल राहुल जब नंबर एक बल्लेबाज-विकेटकीपर के रूप में पक्की जगह बनाए हुए हैं तो यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या किशन को पंत या जुरैल में से किसी एक की कीमत पर मौका मिलता है खासकर तब, जब दोनों को अब तक खेलने का अवसर नहीं मिला।

**पडिक्कल के नाम पर चर्चा:** देवदत्त पडिक्कल के नाम पर भी चर्चा हो सकती है। 37 मैचों में 92 से अधिक की औसत और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चार मैचों में तीन शतक उनके शानदार फार्म को दर्शाते हैं। लेकिन कप्तान शुभमन गिल की वापसी, एक छोर पर अनुभवी रोहित शर्मा और पिछली वनडे सीरीज के शतकवीर यशस्वी जायसवाल के होते हुए शीर्ष क्रम में पडिक्कल के लिए जगह बनाना मुश्किल है। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि विशेषज्ञ ओपनर रुतुराज गायकवाड़ इस समय नंबर चार पर खेल रहे हैं। वह स्थान जो चोटिल होने से पहले नियमित उपकप्तान श्रेयस अय्यर का था। गायकवाड़ के शतक के बाद शीर्ष चार में बदलाव की गुंजाइश कम दिखती है।


रिषभ पंत

| 2025 में पंत का प्रदर्शन | |
|---|---|
| टेस्ट | |
| मैच | 7 |
| रन | 629 |
| औसत | 48.38 |
| शतक | 2 |
| अर्धशतक | 4 |

### रिषभ 2025 में नहीं खेले एक भी वनडे मुकाबला

2025 में पंत ने एक भी वनडे नहीं खेला। हालांकि वह चैंपियंस ट्राफी टीम और पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध सीरीज का हिस्सा थे। इस दौरान विशेषज्ञ ओपनर रुतुराज गायकवाड़ को नंबर चार पर आजमाया गया, जबकि पंत तीनों मैचों में बेंच पर बैठे रहे। 2018 में पदार्पण के बाद से पंत ने अब तक केवल 31 वनडे खेले हैं। इसे बदकिस्मती कहें या उनकी बल्लेबाजी सोच उन्हें लगातार मौके सिर्फ दो चरणों में मिले। पहला चरण 30 जून 2019 से 14 जनवरी 2020 तक रहा, जब उन्होंने 11 मैच खेले, फिर कोविड-19 के कारण ब्रेक आ गया। दूसरा और सर्वश्रेष्ठ दौर कोविड के बाद आया, जब 26 मार्च 2021 से 30 नवंबर 2022 के बीच उन्होंने 15 वनडे खेले। इसी दौरान वह एक शतक, दो 75+ और एक 85 रन की पारी खेल पाए। इसके बाद उनका भीषण कार हादसा हुआ। हादसे के बाद 2024 में वापसी के बावजूद पंत ने अब तक सिर्फ एक वनडे कोलंबो में खेला है, जो संयोग से मुख्य कोच गौतम गंभीर का पहला असाइनमेंट भी था।

### बुमराह-हार्दिक को आराम दिया जाना तय

टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए जसप्रीत बुमराह और आलराउंडर हार्दिक पांड्या को वनडे से आराम दिया जाना तय माना जा रहा है। ऐसे में टी-20 टीम का हिस्सा हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह को एक बार फिर मौका मिल सकता है। चैंपियंस ट्राफी के बाद अनुभवी मोहम्मद शमी की वापसी को लेकर भी चर्चा है, लेकिन चयन समिति समय को पीछे मोड़ना चाहती है या नहीं, यही बड़ा सवाल है। स्पिन विभाग में रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव के साथ स्थिति लगभग संतुलित दिखती है।


हार्दिक पांड्या | जसप्रीत बुमराह

**2025** में पंत वनडे और टी-20 प्रारूप में एक भी मैच नहीं खेले। दोनों प्रारूप में उन्होंने आखिरी मुकाबला 2024 में खेला था

**871** रन बनाए हैं रिषभ पंत ने 31 वनडे मैचों में। इस दौरान उन्होंने एक शतकीय और पांच अर्धशतकीय पारी खेली

## स्टार्क की जगह टीम में कोई भी बाएं हाथ का तेज गेंदबाज शामिल नहीं

# आस्ट्रेलिया ने स्पिनरों पर जताया भरोसा

**मेलबर्न, एपी:** आस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप के लिए उपमहाद्वीप की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अपनी टीम में स्पिन गेंदबाजों को प्राथमिकता दी है। टी-20 विश्व कप 2021 के विजेता आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। उसने टी-20 से संन्यास ले चुके मिशेल स्टार्क की अनुपस्थिति में किसी भी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को टीम में शामिल न करने का फैसला किया।

कूपर कानोली को टीम में शामिल किया गया है, जबकि वह आस्ट्रेलिया के पिछले 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से किसी में भी नहीं खेले हैं। स्टार्क ने पिछले छह टी-20 विश्व कप में से केवल एक में भाग नहीं लिया है, लेकिन उन्होंने पिछले साल के अंत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था। आस्ट्रेलिया टूर्नामेंट का अपना पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद वह 13 फरवरी को कोलंबो में जिम्बाब्वे से भिड़ेगा और फिर 16 फरवरी को कैंडी में श्रीलंका और 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ मैच खेलेगा। इस महीने के अंत में पैट कमिंस की पीठ का स्कैन होने पर यह तय होगा कि वह टूर्नामेंट में खेलेंगे या नहीं। जोश हेजलवुड और टिम डेविड दोनों हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) के नियमों के अनुसार कोई भी टीम 31 जनवरी तक अपनी टीम में बदलाव कर सकती है। आस्ट्रेलिया इस महीने के आखिर में पाकिस्तान के विरुद्ध तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगा। आस्ट्रेलिया विश्व कप में ग्रुप चरण के सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा, लेकिन अगर उसकी टीम सुपर आठ में पहुंचती है तो उसे भारत का दौरा करना होगा।

टी-20 विश्व कप में आस्ट्रेलिया अपना पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में खेलेगा, आयरलैंड से होगा मुकाबला

**आस्ट्रेलिया की टीम:** मिशेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कानोली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शार्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जांपा।



मिशेल मार्श • एक्स

### 2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट के भविष्य को लेकर चिंतित हूं: अश्विन

**चेन्नई, प्रेट्र:** भारत के पूर्व आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि 2027 विश्व कप के बाद वनडे प्रारूप के अस्तित्व और प्रासंगिकता पर तब संकट आ सकता है जब इसके बड़े स्टार खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा क्रिकेट को अलविदा कह देंगे।

विराट और रोहित की विजय हजारे ट्राफी में भागीदारी को लेकर काफी चर्चा रही लेकिन अश्विन का मानना है कि बढ़ती हुई टी-20 लीग और टेस्ट क्रिकेट की अपनी अलग अहमियत के चलते वनडे प्रारूप के लिए जगह लगातार कम होती जा रही है। अश्विन ने अपने चैनल में कहा कि 2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट का भविष्य क्या होगा, इसको लेकर मैं निश्चित नहीं हूं। मैं इसे लेकर थोड़ा चिंतित हूं। मैं विजय हजारे ट्राफी देख रहा हूं, लेकिन जिस तरह मैंने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी देखी, उसी तरह इसे देख पाना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। उन्होंने कहा कि हमें यह भी समझना होगा कि दर्शक क्या देखना चाहते हैं। मुझे लगता है टेस्ट क्रिकेट के लिए अब भी जगह है, लेकिन वनडे क्रिकेट के लिए सच में जगह नहीं बची है। सभी प्रारुपों में 765 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज अश्विन का कहना है कि विराट और रोहित के संन्यास के बाद वनडे प्रारूप और भी कमजोर हो जाएगा।

इन दोनों खिलाड़ियों के नाम मिलाकर 86 वनडे शतक हैं। उन्होंने कहा कि रोहित और विराट जब विजय हजारे ट्राफी खेलने आए तो लोगों ने इसे देखना शुरू किया। हमें पता है कि खेल हमेशा खिलाड़ियों से बड़ा होता है, लेकिन कई बार खेल को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए इन खिलाड़ियों (रोहित और विराट)की वापसी की जरूरत होती है। अश्विन ने कहा कि विजय हजारे ट्राफी एक घरेलू वनडे टूर्नामेंट है जिसे ज्यादा लोग नहीं देखते। लेकिन विराट और रोहित के खेलने की वजह से लोग इसे देखने पहुंचे। फिर सवाल यह है कि जब वे वनडे खेलना बंद कर देंगे, तब क्या होगा? इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि एक समय 50 ओवरों का क्रिकेट एक शानदार प्रारूप हुआ करता था जिससे महेंद्र सिंह धौनी जैसे खिलाड़ी सामने आए जो पारी को संभालना जानते थे।

## खेल डायरी

### रदरफोर्ड की आतिश पारी से जीता कैपिटल्स

**केपटाउन, प्रेट्र:** प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एमआइ केपटाउन को 85 रन से करारी शिकस्त देकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के साथ बोनस अंक भी हासिल किया। जबकि एक अन्य मैच में डेविड मिलर के नेतृत्व वाली पार्ल रायल्स ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को पांच विकेट से हराया। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। उसकी तरफ से विहान लुब्बे ने 36 गेंदों में 60 रन और शाई होप ने 30 गेंदों में 45 रन बनाए। वहीं, डेवाल्ड ब्रेविस (36) और शेरफेन रदरफोर्ड (47) के बीच केवल 27 गेंद पर 86 रन की अटूट साझेदारी से प्रिटोरिया की टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। जवाब में एमआइ केपटाउन की टीम 14.2 ओवरों में मात्र 135 रन पर आलआउट हो गई। कैपिटल्स के रदरफोर्ड ने चार और केशव महाराज ने तीन विकेट लिए। वहीं दूसरे मैच में सनराइजर्स ईस्टर्न केप 20 ओवरों में 149 रन पर ही सिमट गई। जवाब में कप्तान डेविड मिलर के 38 गेंदों में 71 रन की नाबाद पारी की बदौलत पार्ल रायल्स ने आसान जीत दर्ज की।



### चटगांव में नहीं होंगे बीपीएल के बाकी मैच

**चटगांव, एएनआइ:** बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) गवर्निंग काउंसिल ने पीपीएल 2025-26 टूर्नामेंट के बाकी मैचों की मेजबानी से चटगांव को हटाने का फैसला किया है। यह फैसला तब आया जब उन्हें बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की मौत के बाद चल रहे बीपीएल को दो दिनों के लिए स्थगित करना पड़ा। खालिदा जिया का 30 दिसंबर को 80 साल की उम्र में एवरकेयर अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। इसके बाद उस दिन का मैच स्थगित कर दिया गया था। सिलहट 12 जनवरी तक बीपीएल के बाकी मैचों की मेजबानी करता रहेगा। ढाका तीन और मैच दिनों की मेजबानी करेगा, जिसके बाद 23 जनवरी को बीपीएल टूर्नामेंट का प्लेआफ और ग्रैंड फिनाले होगा।

### यूथ कंटेंडर में खेलेंगे 10 देशों के खिलाड़ी

**वडोदरा, प्रेट्र:** वडोदरा के सामा इंडोर खेल परिसर में शुक्रवार से शुरू हो रहे डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर और डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज में 10 देशों के लगभग 334 खिलाड़ी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर का यह दूसरा चरण है जिसमें दो से पांच जनवरी तक अंडर-11 से अंडर-19 आयु वर्ग की प्रतिस्पर्धा होंगी। इसके बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज का आयोजन सात से 11 जनवरी तक किया जाएगा। यूथ कंटेंडर में चार देशों के 226 खिलाड़ी भाग लेंगे, जबकि फीडर सीरीज में 10 देशों के 108 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। यूथ कंटेंडर की शुरुआत शुक्रवार को अंडर-13 और अंडर-17 सिंगल्स मुकाबलों से होगी। वहीं, अंडर-11, अंडर-15 और अंडर-19 वर्ग की स्पर्धाएं चार और पांच जनवरी को खेली जाएंगी। भारत ने पिछले साल डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में शानदार प्रदर्शन किया था। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के महासचिव कमलेश मेहता ने कहा कि भारत में इस तरह के टूर्नामेंट आयोजित करने से ज्यादा खिलाड़ियों को कम खर्च में प्रतिस्पर्धा का मौका मिलता है।

### क्रामनिक ने फिडे पर किया मानहानि का केस

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** रूस के शतरंज खिलाड़ी व्लादिमीर क्रामनिक ने अमेरिकी ग्रैंडमास्टर डेनियल नारोदित्स्की की मौत के बाद कथित तौर पर अपुष्ट धोखाधड़ी के आरोपों के साथ खिलाड़ियों को परेशान करने के आरोप में जांच का सामना करने के बाद विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था (फिडे) के विरुद्ध स्विट्जरलैंड की एक जन अदालत में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। क्रामनिक ने एक्स पर पोस्ट किया कि साथी खिलाड़ियों और फिडे ने उनके विरुद्ध लगातार हमलावर तेवर अपनाए हैं, जिसके कारण उन्हें कानूनी रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। वहीं फिडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की ने नारोदित्स्की के विरुद्ध धोखाधड़ी के क्रामनिक के आरोपों को शर्मनाक बताया था। अमेरिका के 29 वर्षीय खिलाड़ी नारोदित्स्की की मौत का सटीक पता नहीं है, लेकिन उन्होंने अपने आखिरी लाइवस्ट्रीम में कहा था कि वह क्रामनिक के आरोपों के कारण बहुत मानसिक तनाव में हैं। चेक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर डेविड नवारा ने भी कहा था कि क्रामनिक के आरोप के कारण वह व्यथित हैं।

# परनीत-अभिषेक टाप्स कोर समूह में

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** डोप टेस्ट में फेल रहीं पहलवान रीतिका हुड्डा को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलिंपिक पोडियम योजना (टाप्स) से बाहर कर दिया गया है, जबकि कंपाउंड तीरंदाज परनीत कौर और अभिषेक वर्मा को कोर समूह में जगह मिल गई है। वहीं, डेकाथलीट तेजस्विन शंकर को डेवलपमेंटल सूची में शामिल किया गया है।

पेरिस ओलिंपिक 2024 चक्र के बाद टाप्स सूची 179 से घटाकर 94 कर दी गई थी। अब पिछले एक साल के प्रदर्शन को देखते हुए इसमें कुछ और बदलाव किए गए हैं। कोर ग्रुप के खिलाड़ियों की संख्या अब 118 हो गई है, जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा एथलीट हैं। विश्व पैरा एथलेटिक्स स्वर्ण पदक और पेरिस पैरालिंपिक की कांस्य पदक विजेता फर्राटा धाविका सिमरन, तीरंदाजी में परनीत, अभिषेक और ज्योति सुरेखा समेत आठ कंपाउंड तीरंदाजों को कोर समूह में जगह मिली है, जबकि तीन रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी, धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत को भी इसमें शामिल किया गया है। इसके अलावा अदिति गोपीचंद स्वामी, ओजस प्रवीण देवताले, प्रियांश, प्रथमेश जावकर और रिषभ यादव, एथलेटिक्स में भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा, सचिन यादव, स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले, लंबी कूद के खिलाड़ी एम श्रीशंकर, ऊंची कूद के खिलाड़ी सर्वेश कुशारे क्लब थ्रो खिलाड़ी एकता भयान को भी कोर समूह में जगह मिली है। वहीं, डेवलपमेंटल सूची में फर्राटा धाविक अनिमेष कुजूर, तेजस्विन, विशाल टीके, जय कुमार, राजेश रमेश, अमोज जैकब, मोहम्मद अजमल वी और संतोष कुमार, टेबल टेनिस खिलाड़ी मानुष शाह, मानव ठक्कर और दिया चितले को जगह मिली है। टाप्स में कोर समूह के खिलाड़ियों को 50000 रूपये और डेवलपमेंटल समूह के खिलाड़ियों को 25000 रूपये भत्ता मिलता है।


परनीत कौर

डेकाथलीट तेजस्विन शंकर को डेवलपमेंटल सूची में शामिल

### सिडनी टेस्ट के लिए टीम में बने रहेंगे ख्वाजा

**सिडनी, एएनआइ:** आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को इंग्लैंड के विरुद्ध पांचवें और आखिरी एशेज टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। चार जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले इस मुकाबले में एक बार फिर अनुभवी बल्लेबाज 39 वर्षीय उस्मान ख्वाजा को संन्यास की अटकलों के बीच आस्ट्रेलियाई टीम में जगह मिली है। वहीं, नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे।

एशेज में ख्वाजा ने आस्ट्रेलिया के लंबे समय से प्रारंभिक बल्लेबाज के तौर पर शुरुआत की है। पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी के दौरान वह पीठ में ऐंठन के कारण बल्लेबाजी करने नहीं आए। इसके बाद वह ब्रिस्बेन टेस्ट से बाहर रहे।

### मुझे लगा था कि मैं फिर नहीं खेल पाऊंगा: चेतन सकारिया

**बेंगलुरु, प्रेट्र:** चेतन सकारिया को तीन साल पहले तक भारत के उभरते हुए तेज गेंदबाजों में से एक गिना जाता था लेकिन चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद उन्हें लगने लगा था कि वह फिर से कभी नहीं खेल पाएंगे। सकारिया ने मौजूदा घरेलू सत्र में सौराष्ट्र की तरफ से विजय हजारे ट्राफी में एक मैच खेला जो फरवरी 2024 के बाद उनका पहला मैच है।

सकारिया ने कहा कि जब मुझे चोट लगी थी तो मुझे लगा था कि मैं कभी वापसी नहीं कर पाऊंगा। अब इस घरेलू सत्र में खेलकर मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। सौराष्ट्र के लिए गेंदबाजी करने के बाद बहुत अच्छा लग रहा है। इस तेज गेंदबाज के बाएं हाथ की कलाई में 2024 के शुरू में चोट लगी थी जिससे उबरने में उन्हें काफी समय लग गया। सकारिया ने कहा कि यह मानसिक रूप से थका देने वाला दौर था। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था। मुझे विश्वास नहीं था कि मैं दोबारा क्रिकेट खेल पाऊंगा।


चेतन सकारिया

## राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम आंशिक रूप से हुआ लागू

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम गुरुवार को आंशिक रूप से लागू हो गया है। जिससे एक सर्व शक्तिशाली राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) और खेल विवादों को सुलझाने के लिए पंचाट बनाने का रास्ता साफ हो गया है। इस अधिनियम को पिछले साल 18 अगस्त को अधिसूचित किया गया था और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे देश का सबसे बड़ा खेल सुधार बताया है। जिन प्रविधानों को लागू किया जा रहा है, वे राष्ट्रीय खेल निकायों की स्थापना और शासन ढांचे से संबंधित हैं, जिनमें राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति, राष्ट्रीय पैरालिंपिक समिति, राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) और क्षेत्रीय खेल संघ शामिल हैं। अधिनियम के प्रविधानों के तहत चुनाव होने के बाद सभी निकायों के लिए 15 से अधिक सदस्यों वाली कार्यकारी समितियां बनाना अनिवार्य होगा, जिनमें कम से कम दो खिलाड़ी (एसओएम) शामिल होंगे। अधिनियम के आंशिक रूप से लागू होने के साथ ही राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) और राष्ट्रीय खेल पंचाट (एनएसटी) के गठन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। एनएसबी में एक अध्यक्ष और ऐसे सदस्य होंगे।

राष्ट्रीय खेल बोर्ड और खेल विवादों को सुलझाने के लिए पंचाट बनाने का रास्ता साफ

# टेनिस का रोमांच शुरू

- यूनाइटेड कप की शुरुआत आज से होगी
- आकलैंड में डब्ल्यूटीए और एटीपी टूर्नामेंट

**ब्रिस्बेन, एपी:** नया साल आते ही टेनिस का रोमांच अपने चरम पर पहुंच जाता है। एटीपी और डब्ल्यूटीए फाइनल्स 2025 के समापन के महज छह हफ्ते बाद ही पुरुष और महिला टूर के खिलाड़ी आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पहुंच रहे हैं, जहां आस्ट्रेलियन ओपन से पहले दो हफ्तों में कई टूर्नामेंट खेले जाएंगे। साल का पहला ग्रैंड स्लैम आस्ट्रेलियन ओपन 18 जनवरी से मेलबर्न में शुरू होगा।

इस व्यस्त कार्यक्रम की शुरुआत यूनाइटेड कप से होगी, जो मिक्स्ड टीमों का टूर्नामेंट है और शुक्रवार से पर्थ व सिडनी में खेला जाएगा, जिसका समापन 11 जनवरी को होगा। इसमें दुनिया के शीर्ष 10 पुरुष और महिला खिलाड़ियों में से चार कोको गफ, टेलर फ्रिट्ज, एलेक्स डी मिनौर, इगा स्वियातेक, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, जैस्मिन पाओलिनी और फेलिक्स आगर अलियासिम शिरकत करेंगे। 2026 के पहले सप्ताह में यूनाइटेड कप खेला जाएगा, जिसकी अगुआई डिफेंडिंग चैंपियन एरिना सबालेंका करेंगी। वह हाल ही में दुबई में निक किर्गियोस के खिलाफ बैटल आफ द सेक्सेस प्रदर्शनी मैच खेल चुकी हैं।


कोको गफ

### डब्ल्यूटीए और एटीपी टूर्नामेंट भी

न्यूजीलैंड के आकलैंड में 5-11 जनवरी तक डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट और 12-17 जनवरी तक एटीपी टूर्नामेंट आयोजित होगा। आस्ट्रेलियन ओपन से कुछ दिन पहले मेलबर्न के कूयान्ग में किर्गियोस और फ्रांसेस टियाफो एक प्रदर्शनी टूर्नामेंट खेलेंगे। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बाहर एकमात्र वार्म अप टूर्नामेंट हांगकांग में 5-11 जनवरी तक एटीपी इवेंट के रूप में खेला जाएगा।


एरिना सबालेंका

# आइवरी कोस्ट और कैमरून जीत के साथ नाकआउट में पहुंचे

## फुटबाल डायरी

**कासाब्लांका, एपी:** बाजौमाना टूरे के स्टापेज टाइम के गोल की बदौलत गत चैंपियन आइवरी कोस्ट ने अफ्रीका कप आफ नेशंस में बुधवार को गैबान को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट के नाकआउट दौर में प्रवेश किया। आइवरी कोस्ट की यह जीत दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी से मिली। वहीं, पांच बार के विजेता कैमरून ने भी मोजांबिक को 2-1 से हराकर नाकआउट में जगह बनाई।

आइवरी कोस्ट के क्रिस्टोफर ओपेरी ने टूरे को क्रास दिया, जिस पर उन्होंने हेडर से विजयी गोल किया। इससे पहले ओपेरी ने 84वें मिनट में साथी सब्स्टीट्यूट इवान गेसांड को गैबान के विरुद्ध बराबरी का गोल दागने में भी मदद की। गैबान पहले ही दो हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। हालांकि, कैमरून से हारा मोजांबिक चार सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों में से एक के रूप में अंतिम 16 में पहुंच गया। अब अंतिम 16 आइवरी कोस्ट मंगलवार को बुर्किना फासो का सामना करेगा। वहीं, कैमरून रविवार को रबात में दक्षिण अफ्रीका और मोजांबिक सोमवार को नाइजीरिया से भिड़ेगा। इधर अपने अंतिम ग्रुप मैच में बुर्किना फासो से 2-0 से हारने के बावजूद सूडान तीसरे स्थान पर रहकर अंतिम-16 में पहुंचा।


आइवरी कोस्ट के लिए हेडर से गोल करते इवान गेसांड • एएफपी

### सर्जरी के बाद अच्छा महसूस कर रहे राबर्टो कार्लोस

**साओ पाउलो, एपी:** ब्राजील और रीयल मैड्रिड के पूर्व महान खिलाड़ी राबर्टो कार्लोस ने बुधवार को जानकारी दी कि उनकी हृदय सर्जरी हुई है। उन्होंने अस्पताल में मुस्कुराते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की और कहा कि वह अच्छा महसूस कर रहे हैं। 52 वर्षीय पूर्व डिफेंडर कार्लोस ने इंटरनेट मीडिया पर कहा कि मुझे हार्ट अटैक नहीं आया। मैं अच्छी तरह से ठीक हो रहा हूं और जल्द ही पूरी तरह से फिट होकर अपने प्रोफेशनल करियर को शुरू करेंगे।

### एमबापे घुटने की चोट के कारण हुए बाहर

**पेरिस, एपी:** स्पेनिश क्लब रीयल मैड्रिड ने बुधवार को बताया कि उसके फारवर्ड किइलियन एमबापे के बाएं घुटने में चोट लग गई है। क्लब ने उनके घुटने में मोच होने की जानकारी दी पर उनके ठीक होने का कोई समय नहीं बताई। हालांकि, जानकारी है कि एमबापे इस चोट के चलते कम से कम तीन हफ्तों तक मैदान से बाहर रहेंगे। एमबापे पिछले कई हफ्तों से अपने घुटने के लेटरल लिगामेंट की समस्या से जूझ रहे थे। उन्होंने 2025 में मैड्रिड के लिए 59 गोल किए, जो एक साल में सबसे ज्यादा गोल का रिकार्ड है।

क्रिकेट और स्पोर्ट्स की अन्य खबरों के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

### चेल्सी ने मैनेजर एंजो मारेस्का से तोड़ा नाता

**लंदन, आइएएनएस:** इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबाल टूर्नामेंट की पूर्व चैंपियन चेल्सी ने लीग के इस सीजन में निराशाजनक प्रदर्शन के चलते मैनेजर एंजो मारेस्का से नाता तोड़ लिया है। वेस्ट लंदन क्लब चेल्सी पिछले सात मैचों में सिर्फ एक जीत हासिल कर पाया है। छह बार की प्रीमियर लीग विजेता इस टीम ने हाल ही में स्टैमफोर्ड ब्रिज में एक और जीत हाथ से गंवा दी थी और बोर्नमाउथ के साथ 2-2 से ड्रा खेला था। चेल्सी की टीम फिलहाल 30 अंकों के साथ प्रीमियर लीग में पांचवें स्थान पर हैं और रविवार को मैनचेस्टर सिटी का सामना करेगी। चेल्सी यूईएफए चैंपियंस लीग ग्रुप स्टेज में भी काफी नीचे 13वें स्थान पर है। चेल्सी ने कहा कि क्लब और हेड कोच एंजो मारेस्का ने अलग होने का फैसला किया है।

# देश-विदेश जागरण

### डब्ल्यूएचओ ने गेमिंग की लत को मानसिक विकार घोषित किया

2018 में आज ही डब्ल्यूएचओ ने गेमिंग डिसआर्डर को एक मानसिक स्वास्थ्य स्थिति के रूप में मान्यता दी थी। इसमें गेमिंग पर नियंत्रण खो जाना, अन्य गतिविधियों की तुलना में गेमिंग को प्राथमिकता देना और नकारात्मक परिणामों के बावजूद गेमिंग जारी रखना शामिल है।



### स्टारडस्ट अंतरिक्ष यान ने धूमकेतु की धूल का नमूना एकत्र किया

2004 में आज ही नासा के स्टारडस्ट अंतरिक्ष यान ने धूमकेतु वाइल्ड-2 से धूल के नमूने एकत्र किए। 2006 में नमूना युक्त कैप्सूल पृथ्वी पर लौटा। यह पहली बार था जब धूमकेतु की सामग्री को पृथ्वी पर लाया गया। इससे सौर मंडल के निर्माण को लेकर समझ बढ़ी।



### कारगिल युद्ध के अमर नायकों में शामिल हैं बलिदानी मेजर विवेक गुप्ता

मेजर विवेक गुप्ता का जन्म 1970 में आज ही देहरादून में हुआ था। 1992 में राजपुताना राइफल्स रेजिमेंट की द्वितीय राज राइफल बटालियन में शामिल हुए। 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान उन्हें द्रास सेक्टर में तोलोलिंग चोटी पर स्थित शत्रु चौकियों पर फिर से कब्जा करने का मिशन सौंपा गया। 13 जून को भारी गोलीबारी के बीच उनके नेतृत्व में कंपनी दुश्मन के करीब पहुंचने में सफल रही। चौकी पर पहुंचकर उन्होंने आमने-सामने की लड़ाई में तीन शत्रु सैनिकों को मार गिराया और चौकी पर कब्जा किया। इस दौरान वह स्वयं भी बलिदान हो गए। मरणोपरांत उन्हें महावीर चक्र मिला।



## एक नजर में

### पाकिस्तान में बस-वैन टक्कर में 15 की मौत

**लाहौर :** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हुए भीषण सड़क हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें विश्वविद्यालय के खिलाड़ी भी शामिल हैं, जबकि 25 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह हादसा लाहौर से करीब 200 किलोमीटर दूर अड्डा फकीर दी कुल्ली इलाके में हुआ, जब एक बस और तेज रफ्तार यात्री वैन की आमने-सामने टक्कर हो गई। फैसलाबाद के उपायुक्त अली अकबर भिंडर के अनुसार, बस में सवार लोग पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (यूवीएएस) के खिलाड़ी थे, जो लाहौर में आयोजित एक खेल प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे थे। (प्रेट्र)

### बारिश से अफगानिस्तान में तबाही, अचानक आई बाढ़ में 17 की मौत

**काबुल :** मौसम की पहली भारी बारिश और बर्फबारी ने अफगानिस्तान में लंबे समय से चले आ रहे सूखे को तोड़ा, लेकिन इसके साथ ही कई इलाकों में अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई। इस आपदा में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य घायल बताए जा रहे हैं। अफगानिस्तान की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता मोहम्मद यूसुफ हम्मद ने गुरुवार को बताया कि तेज बारिश के कारण मध्य, उत्तरी, दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। (एपी)

### भारत-पाक ने परमाणु ठिकानों व कैदियों की सूची बदली

**नई दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान ने रिश्तों में जारी गहरे तनाव के बावजूद गुरुवार को परमाणु प्रतिष्ठानों और फैसिलिटीज की सूची का वार्षिक आदान-प्रदान किया। यह प्रक्रिया 1988 में हुए द्विपक्षीय समझौते के तहत की गई, जिसके अनुसार दोनों देशों को हर वर्ष एक जनवरी को उन परमाणु ठिकानों की जानकारी साझा करनी होती है, जिन पर किसी भी स्थिति में हमला नहीं किया जाएगा। यह 35वां लगातार आदान-प्रदान है, जिसकी शुरुआत 1992 में हुई थी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह सूची नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ राजनयिक माध्यमों से साझा की गई। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब मई में पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'आपरेशन सिंदूर' और 7-10 मई के सैन्य टकराव के चलते द्विपक्षीय संबंध खराब हैं। (प्रेट्र)

### बांग्लादेश उच्चायोग पहुंचे राजनाथ, खालिदा के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग पहुंचे और बीएनपी अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर शोक व्यक्त किया। शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर करते हुए उन्होंने दुख व्यक्त किया और खालिदा के परिवार और बांग्लादेश की जनता के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। रक्षा मंत्री ने इस बाबत अपने एक्स पोस्ट में जानकारी साझा की। इसके बाद, भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने भी एक्स पोस्ट पर लिखा, "रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। (आइएएनएस)

# एंटीबायोटिक का अधिक सेवन कर रहा बैक्टीरिया के जीन में बदलाव

गजाधर द्विवेदी • जागरण

**अध्ययन**

- निमोनिया के 'स्ट्रेप्टोकोकस निमोनिएई' बैक्टीरिया की आरएमआरसी ने की जीनोम सिक्वेंसिंग
- बैक्टीरिया के जीन के उस हिस्से में पाया गया बदलाव, जहां जाकर काम करती हैं एंटीबायोटिक

**गोरखपुर :** एंटीबायोटिक के अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग ने एक गंभीर स्वास्थ्य संकट को जन्म दे दिया है। इन दवाओं के अत्यधिक सेवन के कारण बैक्टीरिया अपने जीन में बदलाव कर रहे हैं, जिससे एंटीबायोटिक दवाएं धीरे-धीरे निष्प्रभावी होती जा रही हैं। क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केंद्र (आरएमआरसी) में अध्ययन के दौरान निमोनिया के कारक स्ट्रेप्टोकोकस निमोनिएई (न्यूमोकोकस) बैक्टीरिया की जीनोम सिक्वेंसिंग में पता चला कि बैक्टीरिया के जीन के उस हिस्से में बदलाव आ चुका है, जिस पर जाकर एंटीबायोटिक असर करती हैं।



डा. अशोक पांडेय, वायरोलाजिस्ट आरएमआरसी

आरएमआरसी के वायरोलाजिस्ट डा. अशोक पांडेय इस स्थिति को अत्यंत चिंताजनक बताते हैं। उनका कहना है कि सीएचसी, पीएचसी पर कई बार चिकित्सकों द्वारा बिना ठोस आवश्यकता के एंटीबायोटिक लिखी जा रही हैं। आम आदमी भी सामान्य बीमारियों में केमिस्ट से पूछकर खुद ही एंटीबायोटिक का सेवन करने लगते हैं। इसी वजह से बैक्टीरिया में ड्रग रेजिस्टेंस (दवा प्रतिरोध क्षमता) विकसित होती जा रही है। परिणामस्वरूप, जब कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार पड़ता है और एंटीबायोटिक की सबसे अधिक जरूरत होती है, तब ये दवाएं असर नहीं दिखा पातीं। इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) की गोरखपुर शाखा आरएमआरसी में निमोनिया पर एक वर्ष से चल रहे अध्ययन के प्रारंभिक चरण में ये चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

> यदि समय रहते एंटीबायोटिक के विवेकपूर्ण उपयोग को लेकर सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में साधारण संक्रमण भी जानलेवा साबित हो सकते हैं। इसलिए चिकित्सकों, फार्मासिस्टों और आम जनता, सभी को इस खतरे के प्रति जागरूक होना होगा।
>
> -डा. हरिशंकर जोशी, निदेशक, आरएमआरसी



अध्ययन के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) के करीब 600 रोगियों के पर्चों की जांच की गई। इसमें पाया गया कि लगभग सभी रोगियों को एंटीबायोटिक लिखी गई थीं। इनमें 72 प्रतिशत पर्चों पर एजिथ्रोमाइसिन और शेष पर एमोक्सिसिलिन लिखी मिली। हैरानी की बात यह है कि वायरल फीवर जैसे रोगों में भी चिकित्सक एंटीबायोटिक लिख दे रहे हैं, जबकि विशेषज्ञों के अनुसार वायरल संक्रमण में एंटीबायोटिक की कोई भूमिका नहीं होती। कुछ बाल रोगियों के पर्चों पर 500 एमजी की एजिथ्रोमाइसिन लिखी गई थी, जबकि उनकी उम्र और वजन के अनुसार उन्हें 250 एमजी की ही आवश्यकता थी।




# बांग्लादेश में भीड़ ने पीटने के बाद एक और हिंदू को आग लगाई

## आटोरिक्शा से घर लौट रहे थे 50 वर्षीय व्यापारी खोकोन चंद्र

**ढाका, एएनआइ :** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस सरकार के दौरान हिंदू समुदाय को बर्बर तरीके से निशाना बनाने का सिलसिला थमता नहीं दिख रहा है। ताजा घटना में एक और हिंदू व्यापारी को उपद्रवियों की भीड़ ने बुरी तरह पीटा, धारदार हथियारों से हमला किया और फिर आग के हवाले कर दिया। खोकन चंद्र नाम का यह व्यापारी पास के तालाब में कूदकर बचने में तो कामयाब रहा, लेकिन बुरी तरह झुलस गया।

पिछले दो सप्ताह में हिंदुओं पर यह चौथा हमला है। इससे पहले 18 दिसंबर को मयमनसिंह जिले के बलुका में दीपू चंद्र दास और 24 दिसंबर को राजबाड़ी शहर में अमृत मंडल उर्फ सम्राट की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 29 दिसंबर को मयमनसिंह के भालुका उपजिला में बजेंद्र बिस्वास की गोली मारकर हत्या कर दी गई।



शरियातपुर के सदर अस्पताल में खोकन चंद्र (इनसेट) का इलाज करते चिकित्सक • वीडियोग्रैब

खोकन चंद्र पर यह क्रूर हमला नए साल की पूर्व संध्या पर हुआ, जब 50 वर्षीय व्यवसायी केउरभंगा बाजार में अपनी फार्मेसी की दुकान बंद करके आटो रिक्शा से घर लौट रहा था। रात करीब साढ़े नौ बजे (स्थानीय समय) जब वह तिलोई इलाके में पहुंचा, तो बदमाशों के एक समूह ने उसे रास्ते में रोककर बेरहमी से पीटा। इसके बाद अपराधियों ने धारदार हथियारों से उस पर कई वार किए और फिर उसके शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। हालांकि, खोकन किसी तरह पास के तालाब में कूदने में कामयाब रहा। उसकी चीखें सुनकर स्थानीय लोग मौके पर दौड़ पड़े, जिससे हमलावर भाग गए। स्थानीय लोगों ने उसे तालाब से निकाला और शरियातपुर सदर अस्पताल ले गए, जहां उसे आपातकालीन विभाग में प्रारंभिक उपचार मिला। स्थिति बिगड़ने पर उसी रात उसे ढाका भेजा गया।

हमले के बाद पीड़ित की पत्नी सीमा दास ने पत्रकारों से कहा कि मेरे पति हर रात दुकान बंद करके दिन भर की बिक्री का पैसा लेकर घर लौटते हैं। बुधवार की रात अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने दो हमलावरों को पहचान लिया। इसी वजह से उन्होंने उन्हें जान से मारने की नीयत से पीटा, उन पर धारदार हथियार से वार किए और पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया।

## डाक्टरों की ओर से बताई मात्रा से अधिक एस्पिरिन ले रहे ट्रंप

**वाशिंगटन, रायटर :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक साक्षात्कार में कहा कि वे अपने डाक्टरों द्वारा अनुशंसित मात्रा से अधिक एस्पिरिन ले रहे हैं। ट्रंप ने कहा, "वे कहते हैं कि एस्पिरिन खून को पतला करने के लिए अच्छी होती है और मैं नहीं चाहता कि मेरे दिल में गाढ़ा खून बहे।" 79 वर्षीय ट्रंप पद संभालने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज व्यक्ति हैं। उनसे पहले डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडन राष्ट्रपति पद छोड़ने के समय 82 वर्ष के थे।

हाल के महीनों में ट्रंप के स्वास्थ्य को लेकर काफी चर्चा रही है। उनके हाथों पर चोट के निशान देखे गए हैं। व्हाइट हाउस के अनुसार, ये चोटें बहुत से लोगों से हाथ मिलाने का नतीजा हैं। राष्ट्रपति के डाक्टर, शान बारबेला ने बताया कि ट्रंप हृदय संबंधी समस्याओं से बचाव के लिए प्रतिदिन 325 मिलीग्राम एस्पिरिन लेते हैं। मेयो क्लिनिक के अनुसार, 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में एस्पिरिन का दैनिक सेवन दिल का दौरा या स्ट्रोक की आशंका को कम कर सकता है। एस्पिरिन का लो डोज आमतौर पर 81 मिलीग्राम होता है।

# पुतिन ने कहा, युद्ध खत्म होने की तस्वीर नहीं दिख रही

**मास्को, आइएएनएस :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि यूक्रेन के रुख से वहां पर लड़ाई खत्म होने की तस्वीर बनती नहीं दिख रही है। इसलिए यूक्रेन में लड़ाई चालू हुए वर्ष में भी जारी रह सकती है। युद्ध में बलिदान करने वाले और लड़ रहे योद्धाओं की कौशल की प्रशंसा करते हुए पुतिन ने कहा कि रूस बहादुरी और विजय में विश्वास रखता है। रूसी राष्ट्रपति ने यह बात अपने नववर्ष के संबोधन में कही है। पुतिन के लिए 31 दिसंबर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस तिथि को रूस की सत्ता संभालते हुए उन्हें 26 वर्ष पूरे हुए हैं।



व्लादिमीर पुतिन • जागरण आर्काइव

पुतिन का यह बयान तब आया है जब बीते रविवार को फ्लोरिडा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की युद्ध समाप्ति पर वार्ता हुई है और छह जनवरी को उनकी यूरोपीय नेताओं से वार्ता होनी है। इस बीच जेलेंस्की ने भी कहा है कि वह रूस के आगे समर्पण नहीं करेंगे। वह शांति चाहते हैं लेकिन यूक्रेन के हितों को ध्यान में रखते हुए सम्मानजनक स्थिति में ही समझौता करेंगे। इस बीच यूक्रेन के बाद यूरोपीय संघ ने भी कहा है कि शांति के लिए हो रही वार्ता को विफल करने के लिए ही रूस ने पुतिन के आवास पर ड्रोन हमले की कोशिश का शिगूफा छोड़ा है। वास्तव में पुतिन यूक्रेन युद्ध खत्म करना ही नहीं चाहते हैं।

### सीआइए को नहीं मिला पुतिन के आवास पर हमले का साक्ष्य

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआइए ने रूस के उस दावे का खंडन किया है कि जिसमें कहा गया है कि यूक्रेन ने रूसी राष्ट्रपति के नोवगोरोद स्थित आवास पर 28-29 दिसंबर की रात 91 ड्रोनों से हमले की कोशिश की थी। एजेंसी ने कहा है कि ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला है जिससे रूसी दावे की पुष्टि हो। जवाब में रूस ने कहा है कि वह जल्द ही यूक्रेनी हमले के ठोस साक्ष्य अमेरिका को सौंपेगा।

## महंगाई की आग में ईरान प्रदर्शनों में कई लोगों की मौत, हालात बेकाबू

**दुबई, रायटर :** महंगाई, गिरती मुद्रा और बिगड़ती अर्थव्यवस्था के खिलाफ ईरान में भड़के विरोध-प्रदर्शन अब हिंसक हो गए हैं। गुरुवार को देश के कई हिस्सों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों में कई लोगों के मारे जाने की खबर है, जिससे हालात और अधिक तनावपूर्ण हो गए हैं। पश्चिमी ईरान के लोरडेगन शहर में पुलिस और कथित तौर पर सशस्त्र प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों में कई लोगों की मौत हुई।

मानवाधिकार संगठन हेंगा ने दावा किया है कि सुरक्षा बलों की फायरिंग में कई प्रदर्शनकारी मारे गए और कई अन्य घायल हुए। इस बीच, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने बताया कि पश्चिमी शहर कुहदश्त में बसीज अर्धसैनिक बल का एक सदस्य भी मारा गया है, जबकि 13 अन्य लोग घायल हो गए हैं।

ये विरोध-प्रदर्शन केवल एक शहर तक सीमित नहीं रहे। इस्फहान, मार्वदश्त, केरमानशाह, खुजेस्तान और हामेदान सहित कई प्रांतों में प्रदर्शन हुए हैं।

### भारतवंशी जोहरान ममदानी ने ली न्यूयार्क शहर के मेयर पद की शपथ

**न्यूयार्क, एपी :** भारतीय मूल के 34 वर्षीय जोहरान ममदानी ने एक निजी समारोह में न्यूयार्क शहर के 112वें मेयर के रूप में शपथ ली। ममदानी अमेरिका के सबसे बड़े शहर का नेतृत्व करने वाले पहले दक्षिण एशियाई और मुस्लिम बन गए हैं। ममदानी ने कुरान पर हाथ रख शपथ ली। न्यूयार्क शहर के किसी मेयर को पहली बार कुरान की शपथ दिलाई गई।

शपथ समारोह में उनका परिवार और करीबी सलाहकार ही शामिल हुए। उन्होंने एक पुराने सबवे स्टेशन में आयोजित एक निजी समारोह में औपचारिक रूप से शपथ ली। यह ऐतिहासिक स्टेशन, जो न्यूयार्क शहर की सबसे पुरानी भूमिगत परिवहन लाइन के मूल पड़ावों में से एक है, 1945 से बंद है ।

# पहले से जारी फास्टैग के लिए केवाईवी की प्रक्रिया बंद

**जागरण संवाददाता, गुरुग्राम :** अब पहले से जारी फास्टैग के लिए 'अपने वाहन को जानें' (केवाईवी) प्रक्रिया अनिवार्य नहीं होगी। लोगों की परेशानी को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने केवाईवी प्रक्रिया को बंद कर दिया है। यह प्रक्रिया पिछले एक फरवरी से शुरू की गई थी।

> यह प्रक्रिया पिछले वर्ष एक फरवरी से शुरू की गई थी, प्रक्रिया को पूरा करने में अधिक समय लग रहा था

इस प्रक्रिया का उद्देश्य वाहनों (कार/जीप/वैन श्रेणी फास्टैग) के बारे में पूरी जानकारी हासिल करना था। इस प्रक्रिया को पूरा करने में अधिक समय लग रहा था, जिसके चलते लोग इसका विरोध कर रहे थे। अब उन्हीं वाहनों के लिए केवाईवी प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिनके बारे में एनएचएआइ या टोल संचालन करने वाली कंपनियों के पास शिकायत पहुंचेगी।

एनएचएआइ के हाईवे एवं एक्सप्रेसवे के टोल से सीधे वाहन निकल सकें, इसके लिए फास्टैग सिस्टम लागू किया गया है। इस सिस्टम को हासिल करने के लिए लोगों को काफी जानकारी देनी पड़ रही थी। कागजात पूरे नहीं होने पर फास्टैग की सुविधा हासिल करने में कई-कई दिन लग जाते थे। इस बारे में लोग एनएचएआइ मुख्यालय से लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में शिकायत कर रहे थे। शिकायतों को देखते हुए केवाईवी प्रक्रिया को बंद कर दिया गया। एनएचएआइ ने कहा है कि वाहन विवरण का वाहन डाटाबेस से सत्यापन होने के बाद फास्टैग एक्टिव करने की अनुमति दे दी जाएगी। एक्टिव करने के बाद सत्यापन की अनुमति देने वाला पूर्व प्रविधान समाप्त कर दिया गया है। यदि वाहन विवरण वाहन डाटाबेस में उपलब्ध नहीं है, तो जारीकर्ता बैंकों को एक्टिव करने से पहले पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी) का उपयोग करके विवरण का सत्यापन करना होगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि यह सुधार उन लाखों वाहन चालकों को राहत देगा, जिन्हें वैध वाहन दस्तावेज होने के बावजूद फास्टैग जारी होने के बाद केवाईवी की आवश्यकता के कारण असुविधा और देरी का सामना करना पड़ रहा था। यह सार्वजनिक सुविधा बढ़ाने और कार, जीप और वैन चालकों को फास्टैग जारी होने के बाद होने वाली परेशानियों को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# स्मार्टफोन के दौर में बढ़ा एकाग्रता का संकट, 'फोकस एप्स' बन रहे समाधान

- 'फोकस फ्रेंड' जैसे एप में टाइमर सेट करके एकाग्रता बढ़ाने पर कर सकते हैं काम
- स्मार्टफोन से ध्यान भटकने की समस्या और उससे निपटने की नई डिजिटल कोशिश

**क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड), द कन्वरसेशन :** अगर स्मार्टफोन हमारी एकाग्रता भंग कर रही है तो इसका निदान भी वहीं मौजूद है। इसके लिए कुछ इनोवेटर ऐसे एप लेकर आए हैं, जो एकाग्रता बढ़ा सकते हैं। ये 'फोकस और प्रोडक्टिविटी एप्स' टाइमर, एप-ब्लाकिंग, गेमिफिकेशन और इनाम के जरिए ध्यान केंद्रित रखने का दावा करते हैं। यूनिवर्सिटी आफ कैंटरबरी के ड्वेन एलन ने इन एप का अध्ययन किया कि ये कितने कारगर हैं। निष्कर्ष में उन्होंने पाया कि सीमित समय के लिए इन एप्स का इस्तेमाल अपनी आदत विकसित करने में किया जा सकता है।

**क्यों भटकता है ध्यान :** विशेषज्ञ बताते हैं कि ध्यान भटकने की जड़ तकनीक नहीं, बल्कि हमारी भावनाएं और आदतें हैं। जब कोई काम उबाऊ, कठिन या तनावपूर्ण लगता है, तो मन उससे बचने का रास्ता खोजता है। स्मार्टफोन इस बचाव का सबसे आसान जरिया बन चुका है। दिलचस्प बात यह है कि शोध यह नहीं कहते कि इंसान की फोकस करने की क्षमता कम हो गई है, बल्कि यह जरूर बताते हैं कि आज का माहौल हमारे ध्यान पर पहले से कहीं ज्यादा दबाव डालता है। लगातार डिजिटल व्यवधान और मल्टीटास्किंग से कुछ लोगों में ध्यान भटकने की प्रवृत्ति बढ़ी है।



### एकाग्रता बढ़ानेवाले एप

इसी पृष्ठभूमि में 'फोकस फ्रेंड' जैसे एप सामने आए हैं। यह एप एक वर्चुअल कैरेक्टर के जरिए यूजर को तय समय तक फोन से दूर रहकर काम करने के लिए प्रेरित करता है। फोकस सत्र पूरा होने पर डिजिटल इनाम मिलते हैं, जबकि नियम तोड़ने पर नुकसान होता है। इसमें प्रोत्साहन, प्रतिबद्धता और 'आइकिआ इफेक्ट' जैसे मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों का इस्तेमाल किया गया है। आइकिया इफेक्ट में हम खुद की बनाई या जोड़ी गई वस्तुओं को ज्यादा महत्व देने लगते हैं। फोकस फ्रेंड एप पिछले साल अगस्त में लांच हुआ और पहले ही महीने में सबसे ज्यादा डाउनलोड किए जाने के मामले में इसने चैटजीपीटी को पीछे छोड़ दिया।

### आदत बनाने में कारगर हो सकते हैं फोकस एप

हालांकि, फोकस एप्स की प्रभावशीलता पर शोध अभी सीमित हैं। कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि गेमिफाइड एप्स यूजर्स को पसंद तो आते हैं, लेकिन लंबे समय तक उनका उपयोग कम होता है और वे सरल उपायों- जैसे फोन को ग्रेस्केल मोड में डालना- से भी कम प्रभावी साबित होते हैं। केवल मनोरंजन या आनंद मिलना उत्पादकता बढ़ने की गारंटी नहीं है। एलन ने बताया कि यदि किसी को काम के दौरान बार-बार फोन देखने की आदत है, तो सीमित समय के लिए फोकस एप आजमाए जा सकते हैं। साथ ही यह भी जरूरी है कि यूजर अपने अनुभव की समीक्षा करें और समझें कि एप उनकी मदद कर रहा है या वे एप के गुलाम बनते जा रहे हैं। अंत में, फोकस एप्स एक सहारा हो सकते हैं, लेकिन असली लड़ाई भीतर की है। ध्यान भटकने के कारणों को समझना, असहजता को स्वीकार करना और जरूरी काम पर टिके रहने का फैसला ही लंबे समय में फोकस वापस ला सकता है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 3.89 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई, प्रेट्र :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोना तस्करी के एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 3.89 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया है। इस मामले में बहरीन से आए एक यात्री को गिरफ्तार किया गया है।

डीआरआइ अधिकारियों ने पुख्ता खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार को यात्री को रोका। जांच के दौरान उसके सामान से मोम (वैक्स) के रूप में सोने की धूल से भरे 12 कैप्सूल बरामद किए गए। इनका कुल वजन 3.05 किलोग्राम बताया गया है।

कैप्सूल को सुरक्षा जांच से बचने के लिए पानी के एक टम्बलर के भीतर छिपाया गया था। जांच में बरामद सोना 24 कैरेट शुद्धता का पाया गया। सोना जब्त कर लिया गया है और तस्करी से जुड़े नेटवर्क की जांच जारी है।

# आइआइटी दिल्ली में एमबीए में प्रवेश के लिए 26 जनवरी तक करें आवेदन

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली ने शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए एमबीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रबंधन की पढ़ाई करने के इच्छुक अभ्यर्थी आइआइटी दिल्ली के डिपार्टमेंट आफ मैनेजमेंट स्टडीज की आधिकारिक वेबसाइट dms.iitd.ac.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 26 जनवरी है। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह कामन एडमिशन टेस्ट (सीएटी) 2025 के अंकों पर आधारित होगी।

आइआइटी दिल्ली द्वारा जारी सूचना के अनुसार, एमबीए प्रवेश के लिए इंटरव्यू राउंड में शार्टलिस्टिंग सीधे सीएटी 2025 के प्रदर्शन के आधार पर की जाएगी।

## इधर-उधर की

### चोर ने माफीनामे के साथ लौटा दिया सामान



माफीनामे में लिखा, क्षमा करें मैं नशे में था • इंटरनेट मीडिया

**वाशिंगटन, एजेंसी :** अमेरिका के न्यू जर्सी में एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां नशे में चोरी करने वाले चोर का अचानक हृदय परिवर्तन हुआ और उसने खुद ही चोरी किया गया सामान वापस लौटा दिया। चोर ने पहले एक स्टोर से आठ हजार डालर यानी करीब सात लाख रुपये के दो मैंडोलिन (वीणा जैसे वाद्य यंत्र) चुराए। इसके बाद स्टोर के मालिक ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। हालांकि, चोरी के कुछ दिन बाद चोर वापस दुकान आया और माफीनामे के साथ दोनों मैंडोलिन छोड़ गया। नोट में लिखा था, 'क्षमा करें, मैं नशे में था।' स्टोर के मालिक बजी लेविन ने इंटरनेट मीडिया पर पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो पोस्ट किया, जो अब प्रसारित हो गया है।

# 2026 में क्लाउड व्हाइट से घर में आएगी सकारात्मकता



**विश्व में चल रही अशांति और तनाव के बीच हर इंसान शांति की तलाश कर रहा है। इसी बीच पैनटोन ने साल 2026 के वार्षिक रंग के लिए क्लाउड डांसर को चुना है, जिसे शांति का रंग कहा जाता है। आइए एक्सपर्ट से जानते हैं, क्या है इस रंग का महत्व और होम डेकोर में कैसे ट्रेंड करेगा यह रंग...**

हर साल फैशन, होम डेकोर और इंटीरियर की दुनिया में एक रंग जरूर ट्रेंड करता है। ठीक उसी तरह इस साल क्लाउड डांसर (मखमली सफेद) का बोलबाला रहने वाला है। क्लाउड डांसर एक शांत रंग है। इसमें व्हाइट, आफ व्हाइट, अर्दी टोन, ब्लू के लाइट शेड्स आदि शामिल रहेंगे। एक्सपर्ट्स के मुताबिक यह रंग दुनिया में चल रहे तनावपूर्ण माहौल में शांति और सुकून का स्पर्श देने का प्रतीक बन सकता है।



**2026 के ट्रेंडी फर्नीचर**

तैयार हो जाइए, साल 2026 में होम डेकोर की दुनिया में क्लाउड व्हाइट रंग छाया रहेगा। अगर आप भी नए साल पर घर की दीवारों का रंग बदलने का प्लान कर रहे हैं, तो यह नया शेड आपके घर का वातावरण बदल देगा। आप चाहें तो इसी रंग से जुड़े अलग-अलग शेड्स का फर्नीचर भी बनवा सकते हैं। दरअसल, हल्के रंगों से घर खिलने लगता है। तस्वीरों में आप देख सकते हैं, सोफे, कुशन, दीवारों पर लगे मिरर अधिकांश डेकोरेशन में सफेद, आफ व्हाइट, ब्लू की लेयरिंग का प्रयोग हुआ है। आप चाहें तो पर्दों और घर की छोटी-छोटी चीजों में भी क्लाउड डांसर के भिन्न शेड्स का उपयोग कर सकते हैं। इससे घर में जगह ज्यादा दिखेगी। इस रंग में आइस मेल्ट, पीच डस्ट, आलमोस्ट एक्वा, आर्केड टिन्ट का मिश्रण भी किया जा सकता है।



**नएपन का प्रतीक है यह रंग**

क्लाउड डांसर रंग भले ही सफेद और भूरे रंग के शेड्स जैसा है, लेकिन साथ ही नएपन को भी दर्शाता है, जिसमें व्यक्ति अपनी रचनात्मकता के लिए मुक्त रहता है। इसके अलावा यह रंग कर्म और भावना के समन्वय को भी दर्शाता है।

दरअसल, मखमली सफेद रंग आंखों को ही नहीं, मन को भी चैन देता है। इस रंग के फर्नीचर से घर ठुंसा हुआ नहीं लगता। सफेद रंग साफ दिखने की वजह से घर के वातावरण में पाजिटिव एनर्जी भी रहती है।

प्रस्तुति : सुमन अग्रवाल



सोनिया जे बवेजा
होम डेकोर एक्सपर्ट

पहली बार ऐसा हुआ है कि वर्ष के लिए रंग निर्धारित करने के लिए विख्यात पैनटोन ने इतने हल्के रंग को वार्षिक रंग चुना है। इस रंग पर काफी चर्चाएं चल रही हैं और ऐसा कहा जा रहा है कि यह रंग विश्व में फैली अशांति और तनाव के माहौल को देखकर चुना गया है। दरअसल, क्लाउड डांसर रंग शांति, सुकून और आराम का प्रतीक माना जाता है। क्लाउड डांसर रंग में केवल सफेद नहीं है, इसके कई और शेड्स भी शामिल होते हैं, जैसे हल्का नीला, भूरा आदि। ये रंग हमारे चारों ओर के शोर को दूर करके स्थिर वातावरण का अहसास दिलाते हैं।

घर के इंटीरियर की बात करें, तो इस रंग की वजह से घर की चीजें निखरी हुई दिखती हैं। दीवारों का रंग, फर्नीचर, सोफा, अलमीरा, पेंटिंग्स, दरवाजे आदि सभी हल्के टोन में हों, तो आंखों को सुकून देते हैं। हां, इसके साथ थोड़ी सी नीले रंग की लेयरिंग की जाए, तो इंटीरियर में चार चांद लग जाएंगे।

# जागरण सिटी



दैनिक जागरण

# शिमला/सोलन

## सिरमौर/किन्नौर


अनुशासन, टीम भावना के गुण विकसित करती हैं खेलें : सुरेश 4

www.jagran.com

एचएएस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मेघा व आंचल सम्मानित 4



**॥ प्रणाम ॥**

**हाबी क्लासेज**

- शिमला : गेयटी थियेटर में बच्चों की हाबी क्लासेज सुबह 10:30 बजे शुरू होंगी।

**बैठक**

- शिमला : नगर निगम की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक दोपहर 12 बजे होगी।

**सुनेंगे समस्याएं**

- सोलन : अर्की के विधायक संजय अवस्थी दोपहर 12:30 बजे विश्राम गृह में समस्याएं सुनेंगे।

# नववर्ष के पहले दिन मंदिरों में श्रद्धा का सैलाब

- शिमला व सोलन में दिनभर माथा टेकने के पहुंचे श्रद्धालु
- लोगों ने परिवार सहित माथा टेक की सुख-समृद्धि की कामना

**जागरण टीम, शिमला/सोलन :** नववर्ष के पहले दिन राजधानी शिमला में मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। जाखू स्थित हनुमान मंदिर, कालीबाड़ी, तारा देवी, ढिंगू माता मंदिर मे सुबह की आरती से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और श्रद्धालुओं ने परिवार सहित मंदिर में माथा टेक सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह छह बजे ही जाखू मंदिर के कपाट खुल गए थे और श्रद्धालु आना शुरू हो गए थे।

सुबह से शाम तक श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंच रहे थे। इसी तरह जिले के अन्य मंदिरों हाटकोटी माता मंदिर, भीमाकाली मंदिर सराहन में भी माथा टेकने के लिए श्रद्धालु पहुंचे।

कालीबाड़ी मंदिर के पुजारी मुक्ति चक्रवर्ती ने बताया कि नए साल के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि माता से यही प्रार्थना की गई है कि नववर्ष देश और प्रदेशवासियों के लिए मंगलमय, सुखद और समृद्धि से भरा हो। सुबह मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई।



जाखू स्थित हनुमान मंदिर में माथा टेकने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ● जागरण

वहीं सोलन स्थित मां शूलिनी के दरबार में भी श्रद्धालुओं ने माथा टेककर नए साल की शुरुआत की। मंदिर के कपाट सुबह 5:30 बजे ही खोल दिए गए थे। इसके बाद दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। श्रद्धालु हाथों में पूजा थाली लिए अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर माता की महिमा का गुणगान किया और कई श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस जवानों और होमगार्ड कर्मियों ने व्यवस्था संभाली और श्रद्धालुओं को एक लाइन से प्रवेश व दूसरी से निकास की व्यवस्था कराई, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

महिला श्रद्धालु निशा ने बताया कि वह सुबह छह बजे ही दर्शन के लिए पहुंच गई थी। उनका कहना था कि मां शूलिनी अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं और नए वर्ष की शुरुआत माता के आशीर्वाद से करना सौभाग्य की बात है। नववर्ष के पहले दिन करीब 4500 श्रद्धालु मां शूलिनी के दरबार में पहुंचे।

### मां हाटेश्वरी के मंदिर में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

**संवाद सूत्र, जागरण ● जुब्बल :** हाटकोटी में मां हाटेश्वरी के दर पर नववर्ष के पहले दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। वीरवार को दिनभर हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड से मां के दर्शन के लिए सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान विशेष पूजा-अर्चना, हवन, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वच्छता, पेयजल व सुरक्षा की उचित व्यवस्था की गई।



राजधानी शिमला में नववर्ष के पहले दिन वीरवार को कालीबाड़ी मंदिर में माथा टेकने के लिए उमड़े श्रद्धालु ● जागरण



सोलन में वीरवार को मां शूलिनी मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। इस दौरान मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़ ● जागरण

**अपना मंच**

**प्रिय पाठकगण,**

आप कविता लिखते हैं, लघुकथा लिखते हैं, कोई सार्थक संदेश देने वाली तस्वीर खींचते हैं...या फिर चित्रकला में आपका हाथ है... हमें अवश्य भेजें। लघुकथा की शब्द संख्या 200 शब्दों से अधिक न हो। रचना मौलिक है, यह भी लिख भेजें। अपना सचित्र परिचय भेजना न भूलें। कृतियां इस प्रकार भेजी जा सकती हैं।

Email:-dharamshala@drm.jagran.com

**दैनिक जागरण सबका कालम**

क्या आप लिखते हैं? यदि हां तो यह अच्छी बात है। यदि आप नहीं लिखते हैं और पहली बार किसी के कहने पर लिखेंगे.... तो और भी अच्छी बात है। करना बस इतना है कि आपको कहानी सुनाने के अंदाज में 400 शब्दों का एक गद्य लिखना है। यह आपका कोई संस्मरण हो सकता है, सामाजिक संदर्भ से जुड़ी कोई अनुभूति हो सकती है सुबह की सैर के बहाने कोई अनुभव हो सकता है, शहर को लेकर कोई सोच हो सकती है। हां, आपके लिखे में हिमाचलीयत की सुगंध रहे तो और भी अच्छा। इसका प्रकाशन सोमवार व वीरवार को किया जाएगा। आपको करना बस इतना है कि अपनी एक फोटो के साथ भेजना है इस पते पर :

सबका कालम, द्वारा संपादक (राज्य), दैनिक जागरण बनोई, नजदीक कांगड़ा हवाई अड्डा, जिला कांगड़ा।

मेल भी कर सकते हैं :

Dharamshala@drm.jagran.com

सब्जेक्ट में **सबका कालम** लिखिएगा

**और वाट्सएप करना चाहें तो इन नंबरों पर कर सकते हैं :**

**8429020614, 15, 9418080099 तथा 8429021229 पर भी।**

# बूंदाबांदी व हल्के हिमपात ने जगाई बड़ी उम्मीद

## शिमला शहर में हल्की वर्षा, नारकंडा, ठियोग व कुफरी में हिमपात होने से बागबान चहके

**जागरण संवाददाता, शिमला :** नववर्ष के पहले दिन वीरवार को हुई बूंदाबांदी व हल्का हिमपात पर्यटन कारोबारियों व बागवानों के लिए कड़ी उम्मीद लेकर आया है। शिमला में दिनभर आसमान बादलों से घिरा रहा और बूंदाबांदी शुरू हो गइ। बंदाबांदी का क्रम देर शाम भी जारी था। हालांकि बूंदाबांदी बहुत सीमित रही, लेकिन लंबे समय से जारी ड्राई स्पेल के बीच इसे सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। वहीं कुफरी, ठियोग व नारकंडा में हिमपात हुआ है।

ठंडी हवा के चलते तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई, जिससे ठंड का एहसास बढ़ गया। दोपहर बाद कुछ स्थानों पर हल्की बूंदा बांदी हुई, लेकिन इससे जमीन को खास नमी नहीं मिल सकी। इसके बावजूद लोगों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में अच्छी वर्षा व ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात हो सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शिमला में शुक्रवार से मौसम साफ रहने का अनुमान है और धूप खिलने का पूर्वानुमान जारी किया है। ऐसे में जिला में ड्राई स्पेल के बरकार रहने की संभावना है।

राजधानी शिमला सहित ऊपरी शिमला में पिछले तीन माह से अधिकांश हिस्सों में वर्षा और हिमपात न होने से ड्राई स्पेल की स्थिति बनी हुई है। इसका सीधा असर किसानों और बागवानों पर पड़ रहा है। सेब सहित अन्य फसलों के लिए सर्दियों में पर्याप्त नमी और बर्फबारी बेहद जरूरी मानी जाती है।

बागवानों का कहना है कि अगर जल्द ही अच्छी वर्षा व हिमपात नहीं हुआ तो आगामी सीजन में उत्पादन प्रभावित हो सकता है। किसानों के साथ-साथ आम लोग भी मौसम में बदलाव की आस लगाए बैठे हैं। पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों के लिए भी हिमपात अहम माना जाता है। क्योंकि नए साल के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला और आसपास के क्षेत्रों का रुख करते हैं।



शिमला में वीरवार को बूंदाबांदी के बीच रिज मैदान पर छाता लेकर घूमते लोग ● जागरण

### कसौली में भारी ओलावृष्टि, सड़कें हुई सफेद

**संवाद सहयोगी, जागरण ● सोलन :** सोलन जिला में नववर्ष के पहले दिन हल्की वर्षा होने से लोगों व किसानों के चेहरे चमक उठे। लोग कई माह से वर्षा का इंतजार कर रहे थे, लेकिन निराशा ही मिल रही थी। क्रिसमस व नववर्ष पर लोगों को वर्षा की उम्मीद थी लेकिन मौसम साफ ही रहा। नववर्ष के पहले ही दिन मौसम ने करवट ली व दोपहर बाद कई स्थानों पर रूक रूककर हल्की बारिश हुई। वहीं कई जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई। कसौली में वीरवार सुबह से बादल छाए रहे और दोपहर 12 बजे हल्की वर्षा शुरू हुई। इससे पर्यटकों में हिमपात की आस जाग गई। उसके बाद भारी ओलावृष्टि से कसौली व साथ लगते कई क्षेत्रों की सड़कें सफेद हो गई। पर्यटकों ने ओलों से ही खूब अठखेलियां की। मंकी प्वाइंट रास्ते पर आवाजाही करते समय छावनी परिषद कार्यालय के नजदीक सड़क पर कारें ओलों के ऊपर से फिसलती भी रहीं। इससे रूक रूककर ही वाहन आगे बढ़े। वहीं तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली।



सोलन जिला की पर्यटन नगरी कसौली के माल रोड पर वीरवार को ओलावृष्टि के बाद ओलों से सड़क सफेद हो गई ● सौ. पाठक

# सड़क किनारे खेल रही बच्ची को आवारा कुत्ते ने काटा



**आवारा आतंक**

मेहली-जुन्गा सड़क पर बढ़ा आवारा कुत्तों का आतंक, दो सप्ताह में 10 से ज्यादा लोगों को काट चुके हैं आवारा कुत्ते

**जागरण संवाददाता, शिमला :** राजधानी शिमला की मैहली-जुन्गा सड़क पर आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते 10 से 12 दिन में 10 से अधिक लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा है। इससे स्थानीय लोगों में रोष और भय का माहौल है। आए दिन हो रही इन घटनाओं से आमजन की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं।

वीरवार को सड़क किनारे खेल रही एक छोटी बच्ची को कुत्ते ने काट लिया। बच्ची को स्वजन ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया गया। घटना के बाद लोग बेहद सहमे हुए हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को बाहर निकलने में डर लग रहा है।

लोगों का कहना है कि मैहली-जुन्गा सड़क पर आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सुबह और शाम कुत्ते राहगीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों पर हमला कर देते हैं। कई लोग कुत्तों के डर से पैदल चलने से भी कतरा रहे हैं। लोगों ने नगर निगम और संबंधित विभागों से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि पहले भी कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। यदि जल्द आवारा कुत्तों पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# शहर में बंदरों की समस्या पर नगर निगम के हाथ खड़े

**जागरण संवाददाता, शिमला :** शिमला में बंदरों की समस्या नगर निगम के हाथ से निकल चुकी है और नगर निगम ने अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। बालूगंज वार्ड के पार्षद ने इस मसले पर प्रस्ताव नगर निगम की मासिक बैठक में लाया था। बैठक में नगर निगम ने साफ किया है कि इस मामले में फिलहाल कुछ नहीं किया जा सकता है। नगर निगम ने वन्य प्राणी विंग को पत्र लिखा है, लेकिन कोई जवाब नहीं आया है।

शहर में आवारा कुत्तों के साथ बंदरों के हमलों क मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बालगूंज के पार्षद दलीप थापा ने बताया कि पहले घरों के बाहर ही लोगों व पर्यटकों को बंदर नुकसान पहुंचाते थे लेकिन अब तो घर का दरवाजा खोलकर अंदर आते हैं और फ्रिज खोलकर सामान निकाल रहे हैं। उन्होंने बंदरों से छुटकारा दिलाने के लिए काम करने का आग्रह किया है।

शहर व उपनगरों में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे छुटकारा पाने के लिए वन विभाग के माध्यम से योजनाएं चलाई जानी चाहिए। नगर निगम प्रशासन ने कहा कि निगम के स्तर पर कोई योजना नहीं हैं। विभाग ने बंदरों को वन्य प्राणी की श्रेणी से भी बाहर कर दिया है। हालांकि इसकी आधिकारिक सूचना नही है। इस मामले में विंग के अधिकारियों के जवाब के बाद ही आगे काम किया जा सकेगा।

**दैनिक जागरण कार्यालय**

**प्रिय पाठकगण,**

आप एक जागरूक व्यक्ति के रूप में दैनिक जागरण अखबार व अपने समाज की आंख व कान बन सकते हैं। आप शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं, हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। संपर्क करें :


**दैनिक जागरण कार्यालय शिमला**

पहली मंजिल मधुवन, डेजी बैंक इस्टेट, लोअर जाखू, नजदीक जोधा निवास पार्किंग, शिमला-171001

फोन नं.- 0177-2657842, 2652685

Email. shimla@drm.jagran.com

सोलन जिला की खबरों के लिए संपर्क करें :

94189-15636

Email. inchargesol@drm.jagran.com






शिमला में विंटर कार्निवाल की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में वीरवार को विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ● जागरण

# हेमा ने नचाया, इब्राहिम ने हंसाया

**जागरण संवाददाता, शिमला :** शिमला के रिज मैदान पर विंटर कार्निवाल की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में बालीवुड गायिका हेमा सरदेसाई ने खूब रंग जमाया और कामेडियन इब्राहिम कुरैशी ने दर्शकों को खूब हंसाया। हेमा सरदेसाई के गानों पर दर्शक नाचने के लिए मजबूर हो गए।

इससे पहले अंतिम दिन चिट्टे पर चोट के लिए एक नाटक की प्रस्तुति दी। गेयटी थियेटर में की गई प्रस्तुति के दौरान चिट्टे से युवा पीढ़ी को हो रहे नुकसान से कैसे बचाया जा सकता है, इस पर प्रस्तुति दी गई। इसकी लोगों व पर्यटकों ने जमकर सराहना की।

अंतिम सांस्कृतिक संध्या में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्य अतिथि रहे।

उन्होंने नगर निगम शिमला के विंटर कार्निवाल के आयोजन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस दौरान युवाओं से लेकर स्थानीय कलाकारों को एक मंच दिया गया। इसके साथ ही हिमाचल की संस्कृति को देश-विदेश से आए सैलानियों ने भी देखा। उन्हें समझाने का एक मौका मिला, पूरे कार्यक्रम के दौरान चिट्टे के खिलाफ नगर निगम ने जिस थीम पर काम किया, उसकी भी सहारना की।



प्रस्तुति देती हेमा सरदेसाई ● जागरण

**एक नजर में**

### झाकड़ी में एक किलो चरस सहित एक युवक गिरफ्तार

**ज्यूरी :** झाकड़ी पुलिस ने बुधवार को ज्यूरी-सराहन लिंक रोड पर क्यार के समीप एक युवक को 1.054 किलो चरस सहित गिरफ्तार किया। आरोपित की पहचान 25 वर्षीय सागर निवासी गांव डुमी डाकघर बोंडा तहसील रामपुर जिला शिमला के रूप में हुई है। (संसू)

### शराब सहित दो गिरफ्तार

**बीबीएन :** बद्दी पुलिस ने बुधवार रात वर्धमान चौक के समीप दबिश देकर एक व्यक्ति को शराब बेचते पकड़ा है और 12 बोतल देसी शराब बरामद की है। आरोपित की पहचान राजेश कुमार निवासी नारायणवाला डाकघर चिकन तहसील कालका जिला पंचकूला हरियाणा के रूप में हुई है। वहीं बरोटीवाला पुलिस ने जय माता कंपनी के पास स्थित किराने की दुकान बल्याना में भूपिंदर सिंह को 12 बोतल शराब सहित गिरफ्तार किया है। (जासं)

# चार को चुनाव की घोषणा कर सकता है संजीव गुट





- व्यापार मंडल शिमला के चुनाव के लिए कमेटी को दिया समय
- कमेटी के निर्णय न होने पर संजीव गुट ने कर रखी है तैयारी
- समन्वय कमेटी को मंगा गुट के जवाब का इंतजार, प्रस्ताव पर मांगा है सुझाव

**जागरण संवाददाता, शिमला :** शिमला शहर के कारोबारियों का संजीव गुट रविवार को व्यापार मंडल के चुनाव का ऐलान कर सकता है। संजीव ठाकुर गुट ने इस मसले पर बनाई गई कमेटी को चार जनवरी तक का समय दिया है। इस दिन संजीव गुट चुनाव की घोषणा के साथ चुनाव कमेटी की घोषणा भी कर सकता है। इन चुनाव में दोनों के बीच में सहमति बनाकर चुनाव करवाने के लिए कमेटी का गठन किया था।

संजीव ठाकुर ने कहा कि चार जनवरी को घोषणा की जाएगी। समन्वय समिति के पदाधिकारी वीरेंद्र सिंह ऋषि ने कहा कि मंगा गुट से संजीव गुट के प्रस्ताव पर जवाब मांगा है। इसके आने के बाद ही आगामी प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। मंगा गुट के हरजीत मंगा ने कहा कि इस मामले में किसी ने भी आधिकारिक तौर पर कोई बात नहीं की है। दिसबंर में बनाई गई समन्वय समिति को दोनों गुटों के व्यापार मंडल से बातचीत करने का काम सौंपा था।

संजीव ठाकुर की अध्यक्षता वाला व्यापार मंडल जनवरी व फरवरी में चुनाव चाहता है। इनका कहना है कि दोनों व्यापार मंडलों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। ऐसे में शहर के सभी कारोबारी जल्द चुनाव चाहते हैं। हाल ही में इस गुट ने कारोबारियों की आम सभा भी बुलाई थी। इसमें चुनाव पर चर्चा होनी थी।

समन्वय समिति के साथ हुई बैठक में मौजूद ज्यादातर कारोबारी चुनाव के लिए तैयार भी थे लेकिन इनका कहना है कि शहर में अब दो व्यापार मंडल नहीं होने चाहिए। ऐसे में आखिरी बार समन्वय समिति का गठन कर दोनों को एकसाथ चुनाव के लिए तैयार किया जाए। इसलिए सात कारोबारी नेताओं की समिति बनाई गई है जो चार जनवरी तक दोनों गुटों से बातचीत कर अपनी रिपोर्ट देगी।

शिमला शहर में चार हजार से ज्यादा कारोबारी हैं। शिमला व्यापार मंडल के चुनाव में शहर के अलावा उपनगरों के कारोबारी भी शामिल होंगे या नहीं, इस पर भी जल्द फैसला लिया जाना है।

# चमियाणा अस्पताल में इसी माह से मिलेगी आनलाइन पर्ची की सुविधा

- घर बैठे बनवा सकेंगे पर्ची, कतारों में खड़े रहने से मिलेगी राहत
- कंपनी ने पर्ची का एप किया तैयार औपचारिकता पूरी करने में जुटी

**जागरण संवाददाता, शिमला :** चमियाणा स्थित सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में मरीजों को इसी माह से आनलाइन पर्ची की सुविधा मिलेगी। अस्पताल प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है और कंपनी ने एप तैयार कर लिया है। अब कंपनी औपचारिकताएं पूरी करने में जुटी है। आनलाइन पर्ची शुरू होने के बाद मरीज घर बैठे बना सकेंगे। मरीजों को अस्पताल में पर्ची बनाने के लिए कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी और कतारों में खड़ा रहने से छुटकारा मिलेगा।

अभी मरीजों को पर्ची बनवाने के लिए सुबह सात बजे अस्पताल पहुंचना पड़ता है। पहले टोकन लेना पड़ता है और उसके बाद पर्ची बनानी पड़ती है। आइजीएमसी से विभागों से शिफ्ट होने के बाद यहां पर भी मरीजों की संख्या काफी ज्यादा हो चुकी है। ऐसे में यहां पर मरीजों को पर्ची बनाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इसके लिए लगने वाली लंबी कतारों से छुटकारा दिलाने के लिए आन लाइन परची की सुविधा शुरू करने का फैसला लिया है।

चमियाणा अस्पताल में न्यूरोलाजी, कार्डियोलाजी, यूरोलाजी, गैस्ट्रोएंटरोलाजी, प्लास्टिक सर्जरी, एंडोक्राइनोलाजी, सीटीवीएस एवं कार्डियक एनेस्थीसिया सुपर स्पेशिलिटी विभाग की ओपीडी व आंतरिक विभाग चल रहे हैं। सोमवार, मंगलवार व बुधवार को सभी विभागों में मरीजों की बहुत ज्यादा भीड़ होती है। हालांकि इस विभागों की आपातकालीन सेवाएं आइजीएमसी में चल रही हैं, लेकिन जल्द ही आपातकालीन सेवाएं भी चमियाणा में शुरू कर दी जाएंगी। इसके साथ मरीजों को एक छत के नीचे मरीजों को सभी सुविधा प्रदान होगी। अस्पताल के एमएस डा. सुधीर शर्मा ने बताया कि आनलाइन पर्ची के लिए एप तैयार हो गया है।

# उम्मीदें 2026

सरोकारों संग सपने साकार

सुशिक्षित समाज

शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं है, बल्कि ऐसे नागरिक तैयार करना है, जो सोच सकें। सही-गलत का विवेक रखें और अपने समाज व राष्ट्र को सकारात्मक दिशा देने में सक्षम हों।
डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन



दैनिक जागरण
www.jagran.com

# शिक्षा से सशक्त हो रहा है समाज



विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है, जब समाज का प्रत्येक वर्ग शिक्षा और अवसरों से समान रूप से जुड़ सके। वर्ष 2026 की ओर बढ़ते हुए दैनिक जागरण के विशेष समाचारीय अभियान 'उम्मीदें-2026' में उन प्रयासों को सामने लाया जा रहा है, जो जमीनी स्तर पर समाज की दिशा और दशा बदल रहे हैं। स्वस्थ समाज के बाद अगली कड़ी में सुशिक्षित समाज की उस तस्वीर को उकेरा गया है, जहां श्रमिकों और रिक्शा चालकों के बच्चे एआइ और कंप्यूटर शिक्षा से जुड़ रहे हैं और एक दिव्यांग एडवोकेट शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बना रहे हैं। शाहजहांपुर से शुरू हुई पहल हो या माधव सेवा सोसायटी के माध्यम से वर्षों से चल रहा शिक्षण अभियान—ये दोनों उदाहरण साबित करते हैं कि संकल्प और सेवा से भविष्य की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

## समाज को शिक्षा के सहारे दिशा दे रहे दिव्यांग एडवोकेट विवेक जोशी

अंकित शर्मा • जागरण

**जालंधर**: किसी भी समाज की असली ताकत उसकी शिक्षा होती है। नेशनल अवार्ड प्राप्त एडवोकेट विवेक जोशी मानते हैं कि दिव्यांगता या आर्थिक कमजोरी शिक्षा की राह में बाधा नहीं बननी चाहिए। एक दशक से अधिक समय से समाज को सुशिक्षित करने की मुहिम में जुटे जोशी का मुख्य लक्ष्य ऐसा संवेदनशील समाज गढ़ना है, जहां प्रत्येक व्यक्ति पढ़-लिखकर अपने अधिकारों को समझे और आत्मनिर्भर बने।

इसी सोच को लेकर विवेक जोशी पिछले 11 वर्षों में एक हजार से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षित कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने कई दिव्यांगों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई है और आर्थिक रूप से कमजोर व दिव्यांग छात्रों के केस निश्शुल्क लड़े। दिव्यांगजनों के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए वर्ष 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी उन्हें सम्मानित कर चुके हैं।

जालंधर के बसंत हिल्स निवासी विवेक जोशी खुद सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) से ग्रस्त हैं, लेकिन उन्होंने अपनी कमजोरी को समाज की ताकत में बदलने का रास्ता चुना। उनका मानना है कि जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक दिव्यांगों और कमजोर वर्गों के प्रति नजरिया नहीं बदलेगा। वर्ष 2014 में स्थापित माधव सेवा सोसायटी के माध्यम से उन्होंने शिक्षा को सेवा से जोड़ा। इस सोसायटी को कभी उन्होंने अकेले शुरू किया था, अब इससे 30 से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। इनमें कई एडवोकेट, शिक्षक और उद्योगपति शामिल हैं।



सोसायटी से जुड़े बच्चों व सदस्यों के साथ विवेक जोशी (काली जैकेट में दाएं से पहले) • जागरण

## एआइ और कंप्यूटर से शिक्षा पा रहे श्रमिकों व रिक्शा चालकों के बच्चे

अंबुज मिश्र • जागरण

**शाहजहांपुर** : राजमिस्त्री की बेटी रानी और रिक्शा चालक के बेटे आनंद...! पढ़ने की इच्छाशक्ति ने इन्हें स्कूल तक तो पहुंचा दिया, मगर सिर्फ किताबों से कौशल भला कैसे मिलता? ऐसे बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की राह इंजीनियर राजीव अग्रवाल ने तैयार की। उन्होंने उत्तर प्रदेश के 147 स्कूलों में 30-30 कंप्यूटर की लैब स्थापित कीं, प्रत्येक में तीन-तीन प्रशिक्षक हैं। इनसे संबंधित सभी खर्च राजीव की संस्था फाउंडेशन फार एक्सीलेंस उठाती है। इन लैब में प्रशिक्षण पाने वाले 400 से अधिक बच्चों को एआइ, चैटजीटीपी की मदद से पढ़ाया जाता है। उन्हें एआइ, कोडिंग आदि का बेसिक ज्ञान दिया जाता है।

सिविल लाइंस निवासी राजीव अग्रवाल वर्ष 1985 में आइआइटी रुड़की से इंजीनियरिंग कर कुछ वर्ष बाद अमेरिका चले गए। वहां एमएक्यू साफ्टवेयर कंपनी बना ली। उनका समय-समय पर शाहजहांपुर आना होता है। वर्ष 2019 में उन्होंने आर्थिक कमजोर बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा देने का संकल्प लेते हुए फाउंडेशन फार एक्सीलेंस संस्था बनाई। फाउंडेशन के जिला समन्वयक भानु कुमार बताते हैं कि गुरुनानक कन्या पाठशाला, आर्य कन्या इंटर कालेज, आर्य महिला इंटर कालेज सहित जिले के 10 स्कूलों में कंप्यूटर लैब संचालित हो रही हैं। बच्चों को कंप्यूटर के अलावा खान एकेडमी की गणित व विज्ञान विषय भी आनलाइन पढ़ाया जाता है। इन बच्चों का चयन उनके स्कूलों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों के माध्यम से किया जाता है। अब तक जिले के 2,084 बच्चे चयनित हो चुके हैं।


कंप्यूटर लैब में छात्रों को एआइ, कोडिंग आदि का बेसिक ज्ञान दिया जाता है • जागरण

## कौशल आधारित शिक्षा से सशक्त होंगे युवा

सबको गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहैया कराना विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्र सरकार ने इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2025 लेकर आई है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का विस्तार है। नई शिक्षा नीति भारत को कौशल उन्मुख और समावेशी शिक्षा प्रणाली को ओर ले जाने पर जोर देती है। प्रयास यह है कि छात्र सिर्फ किताब ज्ञान तक सीमित न रह कर जीवन के लिए आवश्यक कौशल भी सीखें। देश में प्रौद्योगिकी संचालित शिक्षा में उल्लेनीय सुधार हुआ है और 19 लाख से अधिक छात्रों को इसका लाभ मिल रहा है। देश भर में पीएम श्री स्कूलों की संख्या बढ़ रही है। शिक्षा के क्षेत्र में एआइ के उपयोग से क्रांतिकारी बदलाव दिख रहे हैं। उम्मीद है कि 2026 में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की गति तेज होगी।

**14.71** लाख स्कूलों की संख्या | **1.01** करोड़ शिक्षकों की संख्या | **24.69** करोड़ छात्रों की संख्या



**सकल नामांकन अनुपात**
90.3% मिडिल
68.5% सेकेंडरी

**छात्र शिक्षक अनुपात**
13.1% प्रारंभिक
17.01% उच्च प्राथमिक

99.8% स्कूलों में है पेयजल की सुविधा

93.6% स्कूल युक्त हैं बिजली कनेक्शन से

**13,070** पीएम श्री स्कूल स्थापित किए गए हैं देश भर में पीएम श्री योजना के तहत

**14,500** तक पहुंचानी है पीएम श्री स्कूलों की संख्या वित्त वर्ष 2026-27 तक







28.4% है सकल नामांकन दर उच्च शिक्षा में वर्तमान में





50.1% तक सकल नामांकन दर पहुंचाने का लक्ष्य है 2035 तक

## हिमाचल के कालेजों में इस साल बदल जाएगी परीक्षा प्रणाली

- मेजर विषय के होंगे 50 क्रेडिट अन्य विषयों के भी 50 क्रेडिट
- नई शिक्षा नीति के तहत पूरी तरह से बदल जाएगा परीक्षा का पैटर्न

**जागरण संवाददाता, शिमला** : हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) के तहत आने वाले कालेजों में वर्ष 2026 में स्नातक की परीक्षाओं का पूरा पैटर्न बदल जाएगा। स्नातक की परीक्षा अब मेजर और माइनर के तहत होगी। मेजर सब्जेक्ट के 50 क्रेडिट होंगे। इसी तरह माइनर इलेक्टिव स्किल डेवलपमेंट सहित अन्य गतिविधियों के 50 क्रेडिट होंगे।

वर्तमान में चली हुई व्यवस्था के तहत स्नातक में तीन विषयों का चयन किया जाता है। इन विषयों की सालाना परीक्षा होती है। मेजर व माइनर का कोई भी सिस्टम वर्तमान में नहीं है। नई शिक्षा प्रणाली के लागू होने के बाद स्नातक कक्षाओं को पास करने के लिए मेजर के 50 क्रेडिट के अलावा बाकी अन्य के 50 क्रेडिट होंगे। इसमें छात्र की स्किल डेवलपमेंट देखने के साथ अन्य गतिविधियों में उन्होंने किस तरह से हिस्सा लिया है, छात्र का किस तरह का प्रदर्शन खेल, सांस्कृतिक और अन्य कार्यक्रमों में रहा है, पर भी काम किया जाना प्रस्तावित है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के डीन आफ स्टडीज प्रोफेसर बीके शिवराम ने कहा कि इस साल से कक्षाओं की परीक्षा का पैटर्न पूरी तरह से बदल जाएगा। नई शिक्षा नीति को भले ही लागू पहले कर दिया गया था लेकिन इसे पूरी तरह से कालेज में परीक्षा प्रणाली में 2026 में लाया जाना प्रस्तावित है। इसके तहत छात्र को एक विषय को मेजर और एक को माइनर विषय के तौर पर चुनना होगा।

एक विषय इवलेक्टिव व स्किल डवेल्पमेंट का भी छात्र को चुनना होगा। नई शिक्षा नीति के तहत छात्र को समग्र विकास के लिए पाठ्यक्रम से लेकर परीक्षा के पैटर्न को बदलना होगा।


शिमला के समरहिल स्थित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय • जागरण आर्काइव

## पढ़ाई में कमजोर बच्चे बनाए जाएंगे होशियार

- बच्चे की खामियों का पता लगा कर दी जाएगी अलग वर्क बुक
- शिक्षकों को कैंब्रिज विश्वविद्यालय में दिया जाएगा प्रशिक्षण
- 13 फरवरी से लागू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र से बदलेगी व्यवस्था

**राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला** : प्रदेश के सरकारी स्कूलों के बच्चे अब फर्राटेदार अंग्रेजी बोलेंगे। गणित व विज्ञान विषय में भी इनकी मजबूत पकड़ होगी। शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए सरकारी स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र से बदलाव होने जा रहा है। विद्यार्थी किस विषय में कमजोर है, उसका पता लगाकर उसमें सुधार किया जाएगा। हर बच्चे को होशियार बनाने के लिए अलग से काम होगा।

समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) लर्निंग एनहांसमेंट कार्यक्रम-2.0 (एलईपी-2.0) शुरू करने जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू इस कार्यक्रम की लांचिंग कर चुके हैं। 13 फरवरी से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र से यह व्यवस्था लागू होगी। समग्र शिक्षा अभियान के राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा ने बताया कि एसएसए के राज्य परियोजना निदेशालय शिमला में स्थापित विद्या समीक्षा केंद्र इस पर निगरानी रखेगा। स्विफ्ट चैट के माध्यम से बच्चों की खामियों का पता लगाने के लिए आनलाइन अभ्यास करवाए जाएंगे। हर सप्ताह के अंत में यह अभ्यास होंगे जिसमें पूरे सप्ताह क्या पढ़ाई की, के बारे में प्रश्न पूछे जाएंगे।

उन्होंने बताया कि टेस्ट के नतीजों के आधार पर खामियों का विश्लेषण होगा। इसमें तीन तरह के समाधान हैं। शिक्षक ऐसे बच्चों को कैसे पढ़ाएंगे, बच्चों की कमियां क्या हैं व रोचक तरीके से अभ्यासात्मक प्रश्न तैयार किए हैं। एट होम लर्निंग टूल व साप्ताहिक अभ्यास कार्यक्रम इसका नाम दिया गया है। हिमाचल देश का पहला राज्य है जहां हर बच्चे को अलग वर्क बुक दी जाएगी। यह वर्क बुक बच्चों की कमजोरी के अनुरूप तैयार होगी। हर बच्चे की कमी के अनुसार इसे प्रकाशित किया जाएगा। विभाग के अनुसार हर कक्षा में औसतन 25 प्रतिशत बच्चे पढ़ाई में कमजोर होते हैं। इस अभियान के तहत उन्हें आगे लाया जाएगा ताकि प्रतिस्पर्धा में वे पीछे न छूटें। एसएसए शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए कैंब्रिज विश्वविद्यालय भी भेज रहा है। इसके अलावा आइआइएम सिरमौर में भी प्रशिक्षण करवाया गया है।



## प्रेम चौहान महिला मोर्चा की मुख्य प्रवक्ता नियुक्त

**जागरण संवाददाता, शिमला** : भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डा. डेजी ठाकुर ने महिला मोर्चा की नई संगठनात्मक जिम्मेदारियों की घोषणा की है। प्रेम चौहान को महिला मोर्चा का प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया है। बाबी बंसल एवं दीपिका नेगी को प्रदेश मीडिया सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। रचना शर्मा एवं सरिता वर्मा को सोशल मीडिया सह संयोजक नियुक्त किया है।

अनिला कश्यप सूद, शुभ महाजन, भुवनेश्वरी दुग्गा, रूपलता पटियाल, सुनीता नेगी, तारा ठाकुर, नरेश गुलेरिया, अनिता देवी, नीलम चौधरी, अंकिता चौधरी, कविता चौहान, रक्षा कपिल, पुष्पा ठाकुर, अनिता वर्मा, अनुका, बिमला शर्मा, कृष्णा मंडयाल, धन्नो देवी, प्रज्वल बस्टा, सुप्रभा मखेक, सोनिया ठाकुर, माधवी ठाकुर, वंदना कटोच, निर्मला धरवाल, वीना कपिल, पुष्पा शर्मा, मंजू सुद, भुवनेश्वरी कपूर, निशा शर्मा, आरती चौहान, कृष्णा धीमान, रविंद्र, ममता ठाकुर, रेखा गुलेरिया, शशि कटोच, प्रेरणा शर्मा, सुनीता कटोच, आशा शर्मा, अर्चना ठाकुर, कमिला शर्मा, निमल चंदेल, वीना कुमारी, मीना विशिष्ट, बिमला, लक्ष्मी जयराम, रजनी ठाकुर, भावना शर्मा, बबीता नेगी, रजनी, नंदा जसवाल, सावित्री, सुरेखा चौधरी, पुष्पा चौहान, निर्मला भारद्वाज, शीला वर्मा एवं रजनी शर्मा को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया है।

विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में बिमला कश्यप, मालविका पठानिया, रितु सेठी, रूपा शर्मा, राकेश शर्मा, शकुंतला शर्मा, भारती सुद, अनिता वर्मा, अंजना ठाकुर, सत्या कौंडल एवं बीना ठाकुर को शामिल किया गया है।


हिमाचल प्रदेश सचिवालय कर्मचारी सेवाएं संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष संजीव शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू को नववर्ष की बधाई दी • जागरण


नववर्ष पर मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, पार्षदों व कार्यकर्ताओं के साथ केक काटते • सौजन्यः डीपीआरओ

## अभियोजन विभाग के 16 अफसरों के तबादले व पदोन्नतियां

नवीन धीमान को डीए कार्यालय ऊना से चंबा किया स्थानांतरित
नीलम वर्मा को डीडीए पदोन्नत कर डीए कार्यालय शिमला लगाया

**जागरण संवाददाता, शिमला** : प्रदेश सरकार ने अभियोजन विभाग के जिला उप अधिवक्ताओं व सहायक जिला अधिवक्ताओं के स्थानांतरण एवं पदोन्नति आदेश जारी किए हैं। गृह विभाग ने अधिसूचना जारी की है, जिसमें 16 अधिकारियों के तबादले व पदोन्नतियां शामिल हैं।

नवीन धीमान को डीए कार्यालय ऊना से चंबा स्थानांतरित किया है। अनिल शर्मा को चंबा डीए कार्यालय से कांगड़ा के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर डरोह भेजा। उन्हें चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया है। भैरव नेगी को ऊना से शिमला डीए कार्यालय (पोक्सो कोर्ट) स्थानांतरित किया है। प्रकाश ठाकुर को सोलन से एचपी रेरा शिमला, संदीप शर्मा को डीडीए कार्यालय देहरा से डीडीए कार्यालय नालागढ़ और पंकज को डीडीए कार्यालय नालागढ़ से देहरा स्थानांतरित किया गया। खेमराज को डीडीए कार्यालय सुंदरनगर से डीए कार्यालय मंडी व अजय कुमार को डीए कार्यालय मंडी से डीडीए कार्यालय सुंदरनगर स्थानांतरित किया। नीलम वर्मा को डीडीए पदोन्नत कर डीए कार्यालय शिमला, तरसेम कुमार को डीडीए पदोन्नत कर डीए कार्यालय ऊना, मोहिंद्र कुमार को डीडीए पदोन्नत कर डीए कार्यालय पालमपुर, पूजा को डीडीए पदोन्नत कर डीए कार्यालय ऊना, भूपेंद्र सिंह को डीडीए पदोन्नत कर डीए कार्यालय मंडी व प्रशांत सिंह को डीडीए पदोन्नत कर इंजीनियर इन चीफ पीडब्ल्यूडी कार्यालय शिमला भेजा है।

## पढ़ाई नहीं होगी बाधित, पहले दिन ही मिलेंगी पुस्तकें

नेहा शर्मा • जागरण

**सोलन** : प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की पढ़ाई अब एक दिन भी बाधित नहीं होगी। विद्यार्थियों को सत्र के आरंभ में ही निश्शुल्क पुस्तकें उपलब्ध करवा दी जाएंगी। अब पुस्तकें कांप्लेक्स सिस्टम के तहत वितरित की जाएंगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। प्रत्येक कांप्लेक्स स्कूल के प्रधानाचार्य को अपने अधीन आने वाले विद्यालयों में पुस्तकों के वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहली से दसवीं कक्षा तक की सभी पुस्तकें बोर्ड के डिपो से सीधे संबंधित कांप्लेक्स विद्यालयों तक पहुंचाई जाएंगी।

स्कूल कांप्लेक्स सिस्टम के तहत 1989 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को कांप्लेक्स का मुखिया बनाया है। इनसे जुड़े लगभग 9939 प्राथमिक, 1775 मिडिल और 960 हाई स्कूल अब इन कांप्लेक्स के अंतर्गत संचालित होंगे। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि बोर्ड डिपो से पुस्तकों की आपूर्ति समयबद्ध तरीके से हो। पहले पुस्तकों की देरी से आपूर्ति के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती रही है।

> इस संबंध में शिक्षा विभाग की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। कांप्लेक्स स्कूलों की सूची तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए हैं। जैसे ही प्रक्रिया पूरी होगी, सूची विभागीय स्तर पर भेज दी जाएगी।
> – **गोपाल चौहान**, उपनिदेशक, उच्चतर शिक्षा, उपनिदेशक सोलन।

## बहुतकनीकी संस्थानों और आइटीआइ के छात्र स्टार्टअप के लिए आएं आगे : धर्माणी

**राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला** : तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि बहुतकनीकी संस्थानों व आइटीआइ के छात्र स्टार्टअप शुरू करने के लिए आगे आएं। इसके लिए प्रदेश सरकार फंडिंग करेगी। सरकार ने इन संस्थानों के युवाओं के लिए दो करोड़ रुपये धनराशि का नवाचार फंड गठित किया है। सरकार के तकनीकी विभाग ने छात्रों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। इससे स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। सरकार ने इसके लिए फंड की व्यवस्था की है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने उद्योग विभाग की स्टार्टअप योजना से अलग तकनीकी शिक्षा विभाग में स्टार्टअप शुरू करने का प्रारूप धरातल पर उतारा है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने छात्रों को रोजगार देने वाले व्यवसायी बनाने के लिए अब कंपनियों का सहयोग दिलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत स्टार्टअप चलाने के इच्छुक युवाओं को किसी कंपनी के साथ सहयोगी बनाया जाएगा। वह विभाग के अधीन संचालित होने वाले संस्थानों के छात्रों को साथ लेकर चार जनवरी को हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 में पहुंचेंगे। जहां पर स्टार्टअप संचालकों से मुलाकात करवाएंगे।

### फिल्म रिव्यू

**इक्कीस** ✪✪✪

**प्रमुख कलाकार** : धर्मेंद्र, जयदीप अहलावत, अगस्त्य नंदा, सिमर भाटिया, राहुल देव, सिकंदर खेर, विवान शाह
**निर्देशक** : श्रीराम राघवन
**अवधि** : दो घंटा 27 मिनट

## 21 साल के जांबाज की प्रेरक कहानी

फिल्म के एक दृश्य में ब्रिगेडियर मदन लाल खेत्रपाल (धर्मेंद्र) जब अपने बेटे सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल (अगस्त्य नंदा) की तस्वीर दिखाते हुए कहते हैं, यह छोटा बेटा अरुण हमेशा इक्कीस का ही रहेगा, उनकी नम आंखें देखकर दर्शकों का गला भी भर आता है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में महज 21 साल की उम्र में शहीद हुए जांबाज अरुण खेत्रपाल के बलिदान पर आधारित है।

कहानी का आरंभ अरुण की 21वीं जन्मतिथि से होता है। युद्ध के बादल मंडराते हैं। यंग आफिसर्स कोर्स कर रहे सैन्य अधिकारियों को उनकी रेजिमेंट में लौटने का आदेश मिलता है। अरुण पूछते हैं क्या लड़ाई होने वाली है? इसके बाद कहानी 30 साल आगे बढ़ती है। 80 वर्षीय ब्रिगेडियर मदन अपने कालेज रीयूनियन पर तीन दिन के लिए पाकिस्तान जाते हैं। उनकी इच्छा अपने पैतृक गांव सरगोधा जाने की भी होती है। वहां उनकी मेजबानी पाकिस्तानी ब्रिगेडियर जान मोहम्मद निसार (जयदीप अहलावत) करते हैं, जो अपने परिवार से किसी सच को उजागर करने की बात करते हैं। वर्तमान से अतीत में आती-जाती कहानी अरुण के जीवन की परतें खोलती है। मोर्चे पर पहुंचने पर कमांडर हनूत सिंह (राहुल देव) अरुण को युद्ध में शामिल करने से मना कर देते हैं, क्योंकि उसने यंग आफिसर्स कोर्स पूरा नहीं किया है। सगत सिंह (सिकंदर खेर) से टैंक और युद्ध रणनीतियों का प्रशिक्षण लेने के बाद अरुण को रिजर्व के तौर पर युद्ध में शामिल किया जाता है। यहां से उनकी यात्रा युद्ध के मैदान से होते हुए देश के लिए प्राण न्योछावर करने तक पहुंचती है। इसी दौरान किरण (सिमर भाटिया) के साथ उसका प्रेम प्रसंग भी आता है। दूसरी ओर, ब्रिगेडियर मदन और निसार की समानांतर कहानी आगे बढ़ती है।

निर्देशक श्रीराम राघवन फिल्म की लेखन टीम अरिजीत बिस्वास, पूजा लाधा सुरती के साथ भी जुड़े हैं। इंटरवल से पहले कहानी धीमी चलती है, लेकिन सिकंदर खेर की एंट्री के बाद फिल्म रफ्तार पकड़ती है। क्लाइमेक्स में लड़ाई के दृश्य प्रभावशाली हैं। आरंभ में ब्रिगेडियर मदन का शादमान चौक से गुजरना, जहां भगत सिंह को फांसी दी गई थी, वहां चौक का नाम बदलने को लेकर आंदोलन दिखाना, वह भी तब जब कारगिल युद्ध को ज्यादा समय नहीं बीता है, पचता नहीं है। निसार के लिए सच बोझ क्यों है, यह भी स्पष्ट नहीं होता। सरगोधा में भारतीय मेहमान का असाधारण स्वागत भी असहज लगता है। युद्ध के दृश्यों को सिनेमैटोग्राफर अनिल मेहता ने खूबसूरती से कैमरे में कैद किया है। कैलाश खेर का गाया गीत दुनिया वो शतरंज... कर्णप्रिय है।

अभिनेता धर्मेंद्र अपनी आखिरी फिल्म के हर दृश्य में प्रभाव छोड़ते हैं। जयदीप अहलावत का अभिनय संयमित और सराहनीय है। अगस्त्य नंदा ने अरुण के जोश, जज्बे और मासूमियत को ईमानदारी से निभाया है। हालांकि, सिमर भाटिया के साथ उनकी केमिस्ट्री कमजोर रहती है। सिकंदर खेर और विवान शाह का अभिनय प्रशंसनीय है। कुछ खामियों के बावजूद इक्कीस फिल्म एक सच्चे नायक को श्रद्धांजलि देने की ईमानदार कोशिश है।

**स्मिता श्रीवास्तव**


एक सच्चे नायक को श्रद्धांजलि देने का प्रयास है यह फिल्म चित्र सौ. फिल्म टीम

✪✪✪✪✪ उत्कृष्ट | ✪✪✪✪ बहुत अच्छी | ✪✪✪ अच्छी | ✪✪ औसत | ✪ औसत से कम

अपनी राय हमें जरूर बताएं : feature@jagran.com



रामपुर उपमंडल की नरैण पंचायत में आराध्य देवता चतरखंड पंचवीर साहिब का जन्मोत्सव मनाने के लिए वीरवार को मंदिर परिसर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माथा टेका • जागरण

# ठंड में भी देवता चतरखंड के जन्मोत्सव पर उमड़े भक्त

- नरैण में श्रद्धा, भक्ति व पारंपरिक उल्लास से मनाया उत्सव
- मंदिर में देवता का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे हजारों श्रद्धालु

**संवाद सहयोगी, जागरण • रामपुर बुशहर :** रामपुर उपमंडल की नरैण पंचायत में आराध्य देवता चतरखंड पंचवीर साहिब का पावन जन्मोत्सव वीरवार को श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जैसे दिन चढ़ता गया, मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ भी बढ़ती रही। नरैण पंचायत सहित आसपास के गांवों और दूरदराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु देवता का आशीर्वाद लेने पहुंचे। मान्यता है कि जन्मदिवस पर मंदिर में हाजिरी भरने से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

वीरवार सुबह करीब छह बजे मंदिर के कपाट खोले गए। इसके पश्चात देवता साहिब अपने मंदिर से बाहर निकले, जिनके दर्शन करते ही पूरा परिसर "देवता चतरखंड पंचवीर साहिब की जय" के जयकारों से गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों और शंखनाद के बीच देवता साहिब को उनके उद्गम स्थल तक ले जाया गया, जहां पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान पूरे विधि-विधान से संपन्न हुए। देवता साहिब के गुर द्वारा बामण डालने की वर्षों पुरानी परंपरा का भी विधिवत निर्वहन किया गया। दिनभर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा, जिसमें श्रद्धालु पारंपरिक नाटी डालते हुए नजर आए। वहीं मंदिर परिसर में पूरे दिन डीजे और लोकगायकों के गीतों पर झूमते रहे। कारगार मंदिर कमेटी के राजीव देष्टा ने बताया कि हर वर्ष 18 पौष को देवता चतरखंड पंचवीर साहिब का जन्मदिन मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस पावन दिन मंदिर में जो भी श्रद्धालु हाजिरी भरता है, उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

# नववर्ष के पहले दिन पर्यटकों से भरी राजधानी

## रिज और माल रोड पर उमड़ी पर्यटकों की भारी भीड़



शिमला में नववर्ष का जश्न मनाने के लिए हजारों पर्यटक पहुंचे थे। पर्यटकों ने वीरवार को रिज व माल रोड पर घूमने का आनंद लिया • जागरण

**जागरण संवाददाता, शिमला :** नववर्ष के पहले दिन का शिमला में पर्यटकों की खचाखच भीड़, जाम और चहल-पहल के बीच स्वागत हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक नए साल का जश्न मनाने के लिए शिमला पहुंचे, जिससे शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुबह से ही रौनक बनी रही। रिज और मालरोड पर दिनभर भारी भीड़ उमड़ी रही, वहीं सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से यातायात व्यवस्था पर खासा दबाव देखने को मिला। सुबह ही पर्यटक रिज मैदान की ओर पहुंचने लगे। ठंडे मौसम और बादलों से घिरे आसमान के पर्यटकपहाड़ों की खूबसूरती का आनंद लेते नजर आए।

रिज पर परिवारों और युवाओं की भीड़ रही, जहां नए साल के स्वागत में सेल्फियों और वीडियो बनाने का दौर चलता रहा। मालरोड पर भी खरीदारी और घूमने वालों की संख्या काफी अधिक रही, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो गया। पर्यटकों की भारी आमद का असर होटल कारोबार पर भी साफ दिखाई दिया। शहर और आसपास के इलाकों में होटलों में करीब 90 प्रतिशत तक आक्यूपेंसी दर्ज की गई। कई प्रमुख होटलों में पहले से ही एडवांस बुकिंग फुल रही, जबकि कुछ होटलों में मौके पर कमरे मिलना मुश्किल हो गया। होटल कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में पर्यटन सीजन बेहतर रहने की उम्मीद है। वहीं मालरोड, लिफ्ट के आसपास, विक्ट्री टनल और कार्ट रोड पर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई बार वाहन रेंग-रेंग कर चलते रहे। पुलिस और ट्रैफिक कर्मियों ने अतिरिक्त ड्यूटी संभालते हुए यातायात को सुचारू रखने का प्रयास किया।

कारोबारियों के लिए भी नए वर्ष का पहला दिन राहत भरा रहा। रेस्तरां, कैफे और दुकानों में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली, जिससे व्यापार को गति मिली। कुल मिलाकर नए वर्ष के पहले दिन शिमला पूरी तरह पर्यटकों के रंग में रंगा नजर आया। अगर शिमला में आने वाले दिनों में बर्फबारी होती है, तो फिर शिमला में पर्यटन कारोबार और तेजी पकड़ सकता है।

## कसौली में आक्यूपेंसी रही फुल कारोबारियों के खिले चेहरे

**संवाद सहयोगी, जागरण • सोलन :** सोलन जिला की पर्यटन नगरी कसौली व चायल में नववर्ष मनाने के लिए पर्यटकों की खूब भीड़ उमड़ी। होटलों में देर रात तक नववर्ष का जश्न जारी रहा। होटलों में भी पर्यटकों के लिए डीजे पार्टी, लाइव म्यूजिक, गाला डिनर, मैजिक शो, मिस्टर एंड मिसेज प्रतियोगिता व बच्चों के लिए कई तरह की खेलें हुई। रात के 12 बजे पटाखों व आतिशबाजियों से नववर्ष का स्वागत किया गया। होटलों में आक्यूपेंसी फुल रही।

पर्यटकों की अच्छी आमद से पर्यटन व्यवसाय में भी वृद्धि देखने को मिली। वहीं टैक्सी आपरेटर, दुकानदारों सहित अन्य रेहड़ी-फड़ी वालों के कारोबार में भी अच्छी बढ़ोतरी हुई। हालांकि नववर्ष पर हिमपात की चाहत रखे पर्यटकों को मायूसी हाथ लगी। रमाडा होटल कसौली के जीएम दीपक गुप्ता ने बताया कि पर्यटकों के लिए बेहतर इंतजाम किए थे। कसौली में नववर्ष के दौरान कानून व्यवस्था बनाने के लिए और गढ़खल में जाम की स्थिति से निपटने के लिए जिला पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। जिला के अन्य क्षेत्रों में भी नववर्ष का स्वागत धूमधाम के साथ किया गया। इस दौरान जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### डा. आर्ची बनी चायल प्रिंसेस

**संवाद सहयोगी, जागरण • कंडाघाट :** एचपीडीसी के पैलेस होटल चायल में नववर्ष पर देर रात तक चले जश्न में देशभर के पर्यटकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सोनू म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने लाइव म्यूजिक की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने माहौल को पूरी तरह संगीतमय बना दिया। बेस्ट चाइल्ड ब्वाय डांसर का पुरस्कार युवान वंश को मिला, जबकि बेस्ट चाइल्ड गर्ल डांसर का खिताब कायरा और वीरा अश्वी ने जीता। सीनियर सिटीजन कैटेगरी में सर्वेंद्र सिंह सिखोन विजेता रहे। वहीं बेस्ट कपल का पुरस्कार रुद्र और अनुश्री को प्रदान किया गया। चायल प्रिंसेस का खिताब बिलासपुर की डा. आर्ची ने जीता, जबकि चायल प्रिंस का ताज दिल्ली के निखिल के सिर सजा।



रमाडा होटल कसौली में नववर्ष पर डांस करते बच्चे • सौ. होटल प्रबंधन

# सड़क हादसे में पैर गंवाने वाले युवक को 28 .44 लाख रुपये मुआवजा, बीमा कंपनी करेगी भुगतान

- 23 अक्टूबर 2021 को कार की टक्कर से घायल हुआ था टेकचंद
- कोर्ट ने घटना के लिए चालक व मालिक को जिम्मेदार ठहराया

**जागरण संवाददाता, मंडी :** मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वितीय मंडी ने सड़क हादसे में गंभीर घायल होकर पैर गंवाने वाले युवक को 28.44 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। बीमा कंपनी यह भुगतान करेगी। यह आदेश न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी ने टेक चंद बनाम शुभम मामले में पारित किया। इसके साथ ही मुआवजा राशि पर याचिका दायर करने की तिथि से अदायगी तक 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय होगा।

मामले के अनुसार, 23 अक्टूबर 2021 की रात करीब सवा आठ बजे करसोग के सूद गेस्ट हाउस के समीप टेक चंद अपनी मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। उस दौरान सामने से आ रही कार (एचपी 30ए-1122), जिसे शुभम चला रहा था, ने तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी। हादसे में टेक चंद गंभीर घायल हो गया था। उसे पहले सिविल अस्पताल करसोग और बाद में आइजीएमसी शिमला रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनका दाहिना पैर काटना पड़ा था। पीड़ित ने न्यायाधिकरण में दायर याचिका में बताया कि हादसे के बाद वह लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहा और 70 प्रतिशत स्थायी दिव्यांगता का शिकार हो गया। इससे उसकी आजीविका पर गहरा असर पड़ा। टेक चंद एक किराना दुकान में मुंशी के रूप में कार्य करता था और मासिक 15,000 रुपये वेतन पाता था। दुर्घटना के कारण वह न तो पहले जैसा काम कर पा रहा है और न ही सामान्य जीवन जीने में सक्षम है। सुनवाई के दौरान प्रतिवादियों ने हादसे की जिम्मेदारी से इन्कार किया और दावा किया कि मोटरसाइकिल चालक स्वयं असंतुलित होकर गिरा था। न्यायाधिकरण ने माना कि दुर्घटना कार चालक की लापरवाही से हुई। न्यायाधिकरण ने आय, उम्र, स्थायी व कार्यात्मक दिव्यांगता, भविष्य की आय में कमी, इलाज, परिचर खर्च, यातायात व्यय, विशेष आहार और दर्द व कष्ट को ध्यान में रखते हुए 28.44 लाख रुपये का मुआवजा निर्धारित किया।

## चेक बाउंस मामले में एक माह का कारावास व दो लाख रुपये जुर्माना

**जागरण संवाददाता, मंडी :** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी करसोग के न्यायालय ने चेक बाउंस के मामले में आरोपित को दोषी ठहराते हुए एक माह के साधारण कारावास और दो लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की चुराग शाखा से जुड़ा है।

न्यायालय में प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार आरोपित युवराज ने वर्ष 2015 में बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के तहत दो लाख रुपये का ऋण लिया था। ऋण की अदायगी के लिए आरोपित ने 19 फरवरी 2021 को 1.91 लाख रुपये का चेक बैंक के पक्ष में जारी किया। बैंक द्वारा चेक प्रस्तुत किए जाने पर 20 फरवरी 2021 को अपर्याप्त राशि के कारण चेक अनादरित हो गया था। इसके बाद बैंक की ओर से 12 मार्च 2021 को आरोपित को कानूनी नोटिस भेजा गया लेकिन उसने निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किया। बैंक ने नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत न्यायालय में शिकायत दायर की। मामले की सुनवाई के दौरान बैंक प्रबंधक को गवाह के रूप में पेश किया गया जिन्होंने चेक, रिटर्न मेमो, कानूनी नोटिस और खाते का विवरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। आरोपित ने न तो ऋण लेने से इन्कार किया और न ही चेक पर अपने हस्ताक्षर से। बचाव पक्ष की ओर से कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे न्यायालय ने यह माना कि आरोपित चेक के माध्यम से वैध देनदारी चुकाने में असफल रहा।

न्यायालय ने फैसले में कहा कि चेक बाउंस के मामलों में कानून द्वारा देनदारी की एक वैधानिक धारणा होती है। ऐसे मामलों में सख्ती जरूरी है ताकि वित्तीय लेन-देन की विश्वसनीयता बनी रहे। न्यायालय ने दोषी को एक माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई और बैंक को हुए नुकसान की भरपाई के लिए दो लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया। हालांकि, दोषी को अपील दायर करने के लिए सजा को एक माह के लिए निलंबित कर दिया गया है।

# आठ वर्ष से असुरक्षित भवन में चल रहा सिरमौर का सीएमओ कार्यालय

**2017** में कार्यालय के भवन को किया जा चुका है असुरक्षित घोषित, नया नहीं बना

**80** वर्ष पुराने भवन को एसडीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी ने किया था असुरक्षित घोषित

**10** लाख रुपये से बिजली फिटिंग का कार्य किया शुरू, नए का काम नहीं किया शुरू



जिला सिरमौर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय, जिसकी हालत जर्जर हो चुकी है • जागरण

**जागरण संवाददाता, नाहन :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के भवन की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा पेश आ सकता है। इस भवन को 2017 में असुरक्षित घोषित किया जा चुका है। जिला सिरमौर प्रशासन आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी नए भवन निर्माण की योजना को सिरे नहीं चढ़ा पाया है।

खंडहर हो चुके भवन को नया बनाने के बजाय यहां 10 लाख रुपये के बजट से बिजली की नई फिटिंग का काम शुरू किया गया है। करीब 80 वर्ष पुराने कार्यालय को 28 नवंबर 2017 को तत्कालीन एसडीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी ने असुरक्षित घोषित किया था। 24 से अधिक कमरों वाले इस भवन की हालत बरसात मे और भी खौफनाक हो जाती है, जब छत से गिरते पानी को रोकने के लिए कर्मचारी कमरों में बाल्टियां और डिब्बे रखते हैं। प्रशासन की नाकामी का आलम यह है कि इतने वर्षों में कार्यालय को किसी वैकल्पिक स्थान पर शिफ्ट तक नहीं किया जा सका है, जिससे कर्मचारियों की जान हर वक्त जोखिम में रहती है।

भवन निर्माण के लिए करीब आठ करोड़ रुपये का एस्टीमेट भी तैयार किया था, लेकिन फाइलें धूल फांक रही हैं। अब असुरक्षित घोषित भवन के अति असुरक्षित हिस्सों को सीएसआर फंड के जुगाड़ से ठीक करने की कोशिश की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी राकेश प्रताप ने बताया कि भवन को 2017 में असुरक्षित घोषित किया गया है। कार्यालय शिफ्ट करने के लिए जगह तलाशी जा रही है। बिजली की फिटिंग पूरी तरह जर्जर होने के कारण 10 लाख रुपये से मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है।

## जलोग में खाई में गिरने से युवक की मौत

**जागरण संवाददाता, शिमला :** शिमला जिले के जलोग में खाई में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। 31 दिसंबर की शाम करीब साढ़े आठ बजे 35 वर्षीय मुकेश कुमार निवासी गांव छबोग डाकघर तहसील व थाना कुमारसैन अपने साथी घुमारवीं निवासी 29 वर्षीय अरुण कुमार के साथ मोटरसाइकिल पर रिश्तेदार के सेवानिवृत्ति समारोह में जलोग जा रहा था।

दोनों बद्दी में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। रास्ते में जलोग से करीब 12 किलोमीटर पहले डोमहर नाला के पास वे कुछ देर के लिए रुके। इसी दौरान मुकेश कुमार शौच के लिए गया, जहां अंधेरा होने के कारण उसका पैर फिसल गया और वह करीब 70 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे के तुरंत बाद उसके साथी अरुण कुमार और मौके से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद मुकेश कुमार को खाई से बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलोग पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान रात को ही मुकेश की मौत हो गई।

# विक्रमादित्य सिंह ने किया सात पुस्तकों का लोकार्पण



शिमला में पुस्तकों का लोकार्पण करते लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य • जागरण

**जागरण संवाददाता, शिमला :** शिमला के गेयटी थियेटर में वीरवार को शहरी विकास एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल प्रदेश के लेखकों की सात पुस्तकों का लोकार्पण किया।

आधार प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड पंचकूला और हिमालय साहित्य संस्कृति एवं पर्यावरण मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अजय की पुस्तक रोहतांग आर-पार, डा. अखिलेश पाठक की पुस्तक देवभूमि की आत्मा, टशी छेरिंग नेगी की पुस्तक किन्नौर, मंच के अध्यक्ष एवं हिमाचल के प्रख्यात लेखक मंदिर और लोककृतियां और कुंजम, सुदर्शन वशिष्ठ की पुस्तक किन्नर कैलास से मणिमहेश और छेपराम संस्कृति के सात अध्याय का विमोचन हुआ। इस अवसर पर सचिव भाषा एवं संस्कृति विभाग राकेश कंवर भी मौजूद रहे। यह सभी पुस्तकें हिमाचल प्रदेश की लोकसंस्कृति से रूबरू करवाती है। डा. अखिलेश यादव की पुस्तक देवभूमि की आत्मा बताती है कि हिमाचल के लोक संस्कृति रीति रिवाजों और प्रकृति में देवभूमि की आत्मा बस्ती है।


**Latest Jobs** JAGRAN Josh www.jagranjosh.com

**MPPSC:** 32 असिस्टेंट इंजीनियर (सहायक यंत्री) पद
- **अंतिम तिथि:** 19 फरवरी, 2026
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग में डिग्री एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** mppsc.mp.gov.in

**RRB:** 312 आइसोलेटेड कैटेगरी पद
- **अंतिम तिथि:** 29 जनवरी, 2026
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से 12वीं/ ग्रेजुएट/ मास्टर एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** rrbapply.gov.in

Railway Recruitment Board Ministry of Railways Government of India

**CSIR CECRI:** 15 साइंटिस्ट पद
- **अंतिम तिथि:** 12 जनवरी, 2026
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से पीएचडी/एमई/एमटेक एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** cecri.res.in

**JKSSB:** 1815 कॉन्स्टेबल (एग्जीक्यूटिव) पद
- **अंतिम तिथि:** 17 फरवरी, 2026
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से मैट्रिक एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** jkssb.nic.in

JAMMU AND KASHMIR SERVICES SELECTION BOARD

**नौकरी टिप्स**

**डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक बनने के लिए हैं ढेरों अवसर**

अगर आप 10वीं पास युवा हैं तो भारतीय डाक में ग्रामीण डाक सेवक की सरकारी नौकरी के लिए आप आवेदन कर सकते हैं. डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक की नियुक्ति अलग-अलग श्रेणियों में की जाती है, जैसे जीडीएस ब्रांच पोस्ट मास्टर्स, मेल पैकर्स, मेल कैरियर्स आदि. सामान्यत: 10वीं पास उम्मीदवार जिनकी उम्र सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच है तथा जिनके पास न्यूनतम 60 दिवस की अवधि का कंप्यूटर कोर्स प्रमाणपत्र है, वे ग्रामीण डाक सेवक की नौकरी प्राप्त कर सकते हैं.

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.jagranjosh.com या डाउनलोड करें Jagran Josh Sarkari Naukri App


## नाहन और रोहड़ू में चिट्टे के साथ दो लोग किए गिरफ्तार

**जागरण टीम,नाहन/शिमला :** सिरमौर जिला के नाहन व शिमला जिले के रोहड़ू में चिट्टे सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना नाहन की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर वाल्मीकि मोहल्ला में दबिश देकर सोहन लाल को 10.11 ग्राम चिट्टे, 17,550 रुपये नकदी और 92.09 ग्राम वजन के आभूषण सहित गिरफ्तार किया है। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ पुलिस थाना सदर नाहन में केस दर्ज कर लिया है।

आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसका छह दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया है।

वहीं पुलिस थाना रोहड़ू की टीम ने पवन कुमार निवासी डाकघर व गांव पदम केहरी पंच पकरी जिला पूर्वी पंचारण बिहार को न्यू बस स्टैंड रोहड़ू से 11.50 ग्राम चिट्टे सहित पकड़ा है।

# बच्चों में अभिनय व चित्रकला सीखने का उत्साह

**80** बच्चों ने शिमला के गेयटी थियेटर में हाबी क्लासेज लगाने के लिए किया आवेदन

**10** जनवरी तक बच्चों को आवेदन करने का दिया गया है मौका, निखार सकेंगे प्रतिभा

**28** बच्चों ने एक्टिंग के गुर सीखने के लिए किया है आवेदन, छुट्टियों में लगेंगी कक्षाएं



शिमला के गेयटी थियेटर में वीरवार को हाबी क्लासेज शुरू हुई। पहले दिन आवेदन करने वाले 80 बच्चे पहुंचे • जागरण

**जागरण संवाददाता, शिमला :** शिमला के गेयटी थियेटर में वीरवार से बच्चों की हाबी क्लासेज शुरू हो ग गई। पहले दिन 80 बच्चे पहुंचे। स्कूलों में छुट्टियों के दौरान बच्चे गेयटी थिएटर में चित्रकला, नृत्य, कर्सिव राइटिंग और अभिनय (एक्टिंग) के गूर सीखेंगे। इस बार बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह अभिनय व चित्रकला में देखने को मिल रहा है।

इन दोनों कोर्स में सबसे ज्यादा बच्चों ने दाखिला लिया है।एक्टिंग सीखने के लिए 28, पेंटिंग के लिए 25, शास्त्रीय नृत्य में 12, कर्सिव राइटिंग को सीखने के लिए 15 बच्चे पहुंचे है। हाबी क्लासेज सुबह 10:30 से दोपहर एक बजे तक होंगी। शास्त्रीय नृत्य की 1:30 से चार बजे तक, कर्सिव राइटिंग और पेंटिंग की दोपहर 1:30 से शाम चार बजे तक होंगी।

बच्चों की छुट्टियों के लिए 31 जनवरी तक हाबी क्लासेज होंगी। हर साल बहुत छात्र हाबी क्लासेज लगाने गेयटी थियेटर पहुंचते हैं। छुट्टियों में बच्चों की ऊर्जा का कहां बेहतर इस्तेमाल करें, ये अभिभावकों के लिए सबसे बड़ी समस्या रहती है, अब अभिभावकों के लिए खेल परिसर के साथ गेयटी में बच्चों को समय बीताने के लिए बेहतर विकल्प मिल जाता है। छुट्टियों में बच्चों के लिए हाबी क्लासेज अत्यंत लाभदायक सिद्ध हो सकती हैं। गेयटी ने शिमला या हिमाचल ही नहीं वालीबुड को भी बड़े कलाकार दिए हैं। इसलिए यहां पर एक्टिंग सीखने के लिए हर साल अभिभावक बच्चों को भेजते हैं। एक्टिंग के साथ पेंटिंग के लिए आने वाले बच्चों की संख्या भी बढ़ रही है। गेयटी थियेटर में शास्त्रीय नृत्य, कर्सिव राइटिंग सीखने के लिए कम बच्चों ने आवेदन किया है। इस कारण यदि कोई बच्चा अभी भी इस में आवेदन करना चाहता है तो कर सकता है। 10 जनवरी तक बच्चे आवेदन कर सकते हैं।

## कृष्णानगर में गिरने से निगम कर्मी की मौत

**जागरण संवाददाता, शिमला :** राजधानी शिमला के कृष्णानगर क्षेत्र में एक व्यक्ति की गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्णा नगर निवासी गोपाल दास के रूप में हुई है। वह नगर निगम शिमला का कर्मचारी बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात गोपाल दास बाइक से अपने घर पहुंचे थे। घर के समीप पहुंचते ही वह अचानक गिर पड़े, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। स्वजन व स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत आईजीएमसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सार संक्षेप

### कोटशेरा के पांच कैडेट्स का सेना में चयन


कोटशेरा महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स स्टाफ के साथ ● जागरण

**शिमला** : कोटशेरा कालेज के पांच एनसीसी कैडेट्स अंकित, अरुण, मुनीश, गौरव व अरविंद का भारतीय सेना में चयन हुआ है। अग्निवीर की शारीरिक परीक्षा पास करने के बाद इनका चयन हुआ है। वीरवार को आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य डा. गोपाल चौहान ने छात्रों को आगामी भविष्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि कैडेट्स ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। एनसीसी अधिकारी डा. अजय गर्ग ने बताया कि इस वर्ष 16 कैडेट्स ने विभिन्न स्थानों पर आठ राष्ट्रीय कैंप में भाग लिया है। (जासं)

### राष्ट्र प्रेम के प्रति जागरूक किए स्वयंसेवी

**सुन्नी** : अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन पर प्राचार्य प्रो. अंजली चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रेम और सेवा भाव जागृत होता है। उन्होंने स्वयंसेवियों में समर्पण भाव, निष्ठा, अनुशासन, जोश और सहभागिता की सराहना की। शिविर के दौरान गोद लिए गांवों में


सुन्नी कालेज में स्वयंसेवी को सम्मानित करतीं मुख्य अतिथि ● जागरण

सफाई अभियान और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। (संसू)

### ठाकुर सेन नेगी को याद कर दी श्रद्धांजलि


रिकांगपिओ में ठाकुर सेन नेगी को याद करते भाजपा कार्यकर्ता व अन्य ● जागरण

**रिकांगपिओ** : ठाकुर सेन नेगी स्मारक समिति के तत्वाधान में वीरवार को रिकांगपिओ चौक में किन्नौर निर्माता स्वर्गीय ठाकुर सेन नेगी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान वन विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष सूरत नेगी, भाजपा जिलाध्यक्ष यशवंत नेगी, जिला परिषद अध्यक्ष निहाल चारस समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्वर्गीय नेगी के किन्नौर के सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक विकास में योगदान को याद किया और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। (संसू)

### छुट्टियों में पूरा करें छात्रावासों का कार्य

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के मुख्य छात्रपाल (चीफ वार्डन) कार्यालय ने छात्रावासों से संबंधित नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक की। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. महावीर सिंह ने की। बैठक में विश्वविद्यालय के सभी 14 छात्रावासों में चल रहे नवीनीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कुलसचिव ज्ञान सागर नेगी ने पिछली बैठक की कार्यवाही के अनुसार सभी वार्डनों एवं अधिशासी अभियंता, कंस्ट्रक्शन एंड मेंटेनेंस डिवीजन से प्रत्येक छात्रावासों के अनुसार यह जानकारी प्राप्त की कि अब तक कितना कार्य पूर्ण हुआ है। कुलपति ने निर्माण एवं रखरखाव विभाग को निर्देश दिए कि छात्रावासों से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित सभी लिफ्ट दोबारा कार्यशील अवस्था में होनी चाहिए। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में अवकाश की अवधि चल रही है, इस समय का सदुपयोग करते हुए कम से कम 90 प्रतिशत कार्य अवकाश के दौरान ही पूरा किया जाना चाहिए। बैठक में मुख्य छात्रपाल (चीफ वार्डन) प्रो. आरएल जिंटा व अन्य मौजूद रहे। (जासं)

### छात्रा मौत मामले में कार्रवाई करने की मांग

**शिमला** : धर्मशाला स्थित एक सरकारी कालेज में अनुसूचित जाति से संबंधित छात्रा की जातिगत भेदभाव और यौन उत्पीड़न के चलते हुई मृत्यु पर एसएफआइ की राज्य कमेटी ने शोक व्यक्त किया है। एसएफआइ ने इस घटना को संस्थागत हत्या करार देते हुए शिक्षा व्यवस्था और पुलिस प्रशासन को समान रूप से जिम्मेदार ठहराया। एसएफआइ के अनुसार छात्रा को शिक्षण संस्थान में अध्यापकों और सहपाठियों ने लंबे समय तक जाति-आधारित भेदभाव और मानसिक व यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। मानसिक स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हुई। उपचार के दौरान लगभग दो माह तक अवसाद से जूझने के बाद छात्रा की मृत्यु हो गई। संगठन ने आरोप लगाया कि संस्थान और प्रशासन की संवेदनहीनता व लापरवाही ने इस त्रासदी को जन्म दिया। एसएफआइ ने यह भी कहा कि छात्रा के माता-पिता ने एफआइआर दर्ज कराने के प्रयास के बावजूद पुलिस ने इसे टाल दिया। वीडियो साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद त्वरित कार्रवाई नहीं की गई। संगठन ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में लिंग संवेदनशील कमेटी के लोकतांत्रिक गठन की मांग करते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। (जासं)

### राष्ट्रीय स्पर्धा में खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन


राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करते परवाणू के खिलाड़ी ● सौजन्य एसो.

**कसौली** : जम्मू विश्वविद्यालय में 28 से 31 दिसंबर तक आयोजित 20वीं मात्सोगिडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश मात्सोगिडो एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते हैं। लड़कियों के अंडर-11 वर्ग में उर्वी ने कांस्य, अंडर-13 वर्ग में मेहक विराट ने स्वर्ण, अंडर-15 वर्ग में सोनम नेगी ने रजत, अंडर-17 वर्ग में शेफाली सोंकर ने कांस्य, लड़कों के अंडर-19 वर्ग (ब्लैक बेल्ट) में ऋषभ ने स्वर्ण पदक जीता है। ये सभी खिलाड़ी सेक्टर-चार परवाणू में संचालित सोकल मात्सोगिडो मार्शल आर्ट अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। (संस)

### सोलन में छह पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू छह को

**सोलन** : एसबीआइ लाइफ इंश्योरेंस राजगढ़ रोड सोलन सीनियर एजेंसी मैनेजर व डेवलपमेंट मैनेजर के छह पद भरेगी। इनमें से चार पद पूर्व सैनिक व दो पद सामान्य श्रेणी से भरे जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने कहा कि भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू छह जनवरी को सुबह 10 .30 बजे जिला रोजगार कार्यालय सोलन में होंगे। उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएट व आयु 20 से 48 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार योग्यता संबंधी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्र व दस्तावेजों सहित जिला रोजगार कार्यालय सोलन में छह जनवर को दिन में 10 .30 बजे पहुंचकर भाग ले सकते हैं। (जासं)

# सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी

## सिविल अस्पताल अर्की में हुआ कार्यक्रम, नियमों का पालन करने से बचा सकते हैं कई जिंदगियां


अर्की अस्पताल में वीरवार को जागरूक करते काउंसलर डा. विजय ● सौ. विभाग

**सड़क हादसे आज बन रहे मौत व दिव्यांगता का सबसे बड़ा कारण वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने की सलाह**

**संवाद सहयोगी जागरण ● अर्की** : सिविल अस्पताल अर्की में सड़क सुरक्षा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व खंड चिकित्सा अधिकारी डा. मुक्ता रस्तोगी ने किया। इसका उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम के दौरान काउंसलर डा. विजय कुमार शांडिल ने लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व की जानकारी दी। डा. विजय कुमार शांडिल ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। यदि सभी नियमों का पालन करें तो कई अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाएं आज मृत्यु और दिव्यांगता का बड़ा कारण बन रही हैं, जिनका मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी है।

उन्होंने हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नशे में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन से दूरी रखने, गति सीमा का पालन करने तथा पैदल यात्रियों और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। सभी ने यातायात नियमों के पालन और दूसरों को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मनीष कुमार, लैब तकनीशियन (आइसीटीसी) एवं काउंसलर, नई दिशा केंद्र सुरक्षा परमार ने कार्यक्रम के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



रामपुर के नए बस अड्डे में वीरवार को वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाते आरटीओ ● जागरण

## चालकों को सुरक्षित वाहन चलाने की दिलाई शपथ

**संवाद सहयोगी, जागरण ● रामपुर बुशहर** : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के शुभारंभ पर वीरवार को रामपुर के नए बस अड्डे पर आरटीओ न चालकों को सुरक्षित वाहन चलाने की शपथ दिलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। 31 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ आरटीओ रामपुर नरेश वर्मा ने किया। इस वर्ष की थीम सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा है। अभियान के तरत एक माह तक सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए कई जागरूकता कार्यक्रम होंगे। इस मौके पर आरएम रामपुर अतुल, पर्यवेक्षक जसपाल सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब कुमारसैन की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**संवाद सूत्र, जागरण ● कुमारसैन** : युवक मंडल मंगसू की वीरगढ़ स्टेडियम में शान-ए-कोटगढ़ क्रिकेट कप 2026 सीजन पांचप्रतियोगिता वीरवार को शुरू हुई। इसका शुभारंभ पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं समाजसेवी रीना ठाकुर ने किया। जबकि कुमारसैन के एसडीएम मुकेश शर्मा बतौर गेस्ट आफ आनर रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति चिंताजनक है और हमें समाज को नशामुक्त बनाने के लिए आगे आना होगा। इस दौरान एसडीएम कुमारसैन इलेवन और प्रेस क्लब कुमारसैन के बीच चिट्टा मुक्त हिमाचल थीम पर एक चैरिटी मैच भी खेला गया। इसमें प्रेस क्लब 11 की टीम विजेता बनी।

एसडीएम 11 की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 106 रन बनाए। दूसरी पारी में प्रेस क्लब की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए नौ ओवर में 107 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैच में सचिन मैन आफ द मैच रहे। प्रेस क्लब कुमारसैन के कप्तान अनिल कंवर व आयोजक कमेटी युवक मंडल मंगसू के प्रधान विपुल सिंघा ने बताया कि प्रतियोगिता में 48 टीमें भाग लेंगी।

## नियमित अध्ययन ही शिक्षा की सफलता का आधार : मनोरमा



लड़ोग विद्यालय में अध्यापकों व अभिभावकों के साथ मेधावी विद्यार्थी ● सौ. स्कूल प्रबंधन

**संवाद सहयोगी, जागरण ● अर्की** : राजकीय उच्च विद्यालय लड़ोग में शिक्षा संवाद कार्यक्रम मुख्याध्यापिका मनोरमा चड्ढा की अध्यक्षता में हुआ। इसमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा के साथ अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

उन्होंने नियमित अध्ययन, अनुशासन और अभिभावकों के सहयोग को शिक्षा की सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, उपस्थिति एवं शिक्षण गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। अभिभावकों ने भी अपने सुझाव रखे, जिन पर विद्यालय प्रशासन ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कक्षा पहली से आठवीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा और कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। मुख्याध्यापिका ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षकों और अभिभावकों की समान भूमिका होती है। उन्होंने नियमित अध्ययन, अनुशासन और अभिभावकों के सहयोग को शिक्षा की सफलता का आधार बताया।

## शिविर में 71 लोगों ने किया रक्तदान

**जागरण संवाददाता, शिमला** : गुरु तेग बहादुर की शहादत के 350 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नववर्ष के पहले दिन उमंग फाउंडेशन ने शिमला के विभिन्न गुरुद्वारा साहिब के सहयोग से रिज मैदान पर रक्तदान शिविर लगाया। इसमें 71 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर संयोजक एवं पीएचडी स्कालर रोहित डुगलेट और मुकेश कुमार ने बताया शिविर का उद्घाटन दृष्टिबाधित असिस्टेंट प्रोफेसर डा. मुस्कान नेगी और प्रतिभा ठाकुर ने स्वयं रक्तदान कर किया। शिविर की शुरुआत में ग्रंथी सरदार अवतार सिंह ने अरदास की। आइजीएमसी की ब्लड बैंक की टीम ने डा. आस्था पाल के नेतृत्व में रक्त एकत्रित किया।

उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि शिविर हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर की शहादत को नमन करने के लिए लगाया गया। शिविर संचालन में उमंग फाउंडेशन की ओर से डा. ऊषा ठाकुर, विजय सिंह, मीनाक्षी शबाब, शिवानी अत्री, अमित अत्री, ऋतु ठाकुर, विनोद योगाचार्य, नेहा चौहान, अभिषेक भागड़ा, मुकुल जिष्टू, रचना चंदेल, अंजना ठाकुर, वाणी भारद्वाज, अंजलि ,नवनीत वर्मा और भवनीश ठाकुर ने सहयोग दिया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब बालूगंज के अध्यक्ष गुरु सागर सिंह चौधरी, सरदार परमजीत सिंह पम्मी, सरदार राजिंदर सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सर्वजीत सिंह बाबी और अन्य मौजूद रहे।



शिमला के रिज पर वीरवार को उमंग फाउंडेशन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ● जागरण

## शीतकालीन छुट्टियों में हास्टल रहेंगे खुले

**जागरण संवाददाता, शिमला** : एचपीयू में शीतकालीन अवकाश के दौरान लड़कियों के तीन व लड़कों के दो छात्रावास खुले रहेंगे। इसमें 170 लड़कियों व 106 लड़कों को ठहरने की अनुमति होगा।

शीतकालीन अवकाश के दौरान पीएचडी स्कालरों के अलावा जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों और विभिन्न अकादमिक वर्क के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से अनुमति प्राप्त छात्रों को अवकाश के समय हास्टलों में ठहरने की अनुमति मिली है। लड़कियों के गार्गी, इरावती व विद्योत्तमा और लड़कों के टैगोर व एसबीएस ट्राइबल छात्रावास शामिल हैं। टैगोर छात्रावास में शोधार्थी, एसबीएस ट्राइबल छात्रावास में अन्य शेष विद्यार्थी ठहरेंगे। अवकाश के दौरान जिन छात्रों को छात्रावास में रहने की अनुमति मिली है उन्हें आवटित हास्टल में शिफ्ट रहना होगा। अन्य विश्वविद्यालय के हास्टल बंद रहेंगे। प्रशासन शीतकालीन अवकाश के दौरान हास्टलों का रखरखाव कार्य करेगा।छात्रावास में रहने वाले छात्रों को कमरे में खाना बनाने की अनुमति नहीं होगी।

## अनुशासन, टीम भावना के गुण विकसित करती हैं खेलें : सुरेश

- कहा, आर्थिक मोर्चे पर भारत ने मोदी के नेतृत्व में रचा कीर्तिमान
- रोजगार क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा

**जागरण संवाददाता, नाहन** : शिलाई विधानसभा क्षेत्र के चांदनी में आयोजित स्वर्गीय संजय ठाकुर मेमोरियल खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने भाग लिया। इसमें शिलाई के पूर्व विधायक बलदेव तोमर भी उपस्थित रहे। सुरेश कश्यप ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व के गुण विकसित करती हैं।


सुरेश कश्यप ● जागरण आर्काइव

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। सांसद सुरेश कश्यप ने देश की आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की आर्थिक विकास दर ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में देश की विकास दर 8.2 प्रतिशत रही, जो पिछली दो तिमाहियों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक है। उन्होंने बताया कि रोजगार के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। नवंबर 2025 में बेरोज़गारी दर घटकर 4.7 प्रतिशत रह गई, जो अक्टूबर 2025 के 5.2 प्रतिशत और अप्रैल 2025 के 5.1 प्रतिशत से भी कम है। यह मोदी सरकार की नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है।

जनवरी 2025 में 4.26 प्रतिशत रही सीपीआई मुद्रास्फीति नवंबर 2025 तक घटकर मात्र 0.71 प्रतिशत पर आ गई है, जिससे आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने आगे कहा कि देश का निर्यात लगातार मजबूत हो रहा है। नवंबर 2025 में मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट बढ़कर 38.13 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जबकि जनवरी 2025 में यह 36.43 बिलियन अमेरिकी डालर था।

## अंबुजा कंपनी ने सिंचाई व्यवस्था की पुनर्जीवित

**जागरण संवाददाता, शिमला** : अंबुजा सीमेंट अदाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा और दुनिया की नौवीं सबसे बड़ी निर्माण सामग्री समाधान प्रदाता कंपनी सीएसआर पहलों के तहत जलवायु अनुकूल जल प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा दे रही है। सोलन जिले के बरायली गांव में अंबुजा सीमेंट कंपनी ने नाबार्ड के साथ मिलकर पारंपरिक सिंचाई नहर को पुनर्जीवित किया है जो पिछले दो दशकों से निष्क्रिय थी। इस प्रयास ने तीन हेक्टेयर कृषि भूमि को सब्जियों, मसालों और फलों की खेती के लिए उपजाऊ भूमि में बदल दिया है। 550 आरएम लंबी पाइपलाइन, गैबियन, ट्रेंचिंग और खेतों की मेड़बंदी के माध्यम से कार्यान्वित परियोजना ने मिट्टी में नमी बनाए रखने की क्षमता को बढ़ाया है। इस हस्तक्षेप ने 22 किसान परिवारों को साल में तीन फसलें उगाने में सक्षम बनाया है।

परिवार अब मटर, टमाटर, अदरक, लहसुन और अन्य फसलें उगा रहे हैं जिससे स्थानीय बाजार में बिक्री के माध्यम से सालाना 20 से 25 हजार रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे हैं।

## एचएएस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मेघा व आंचल सम्मानित

- नौणी विश्वविद्यालय की छात्राओं को कुलपति प्रो. चंदेल ने दी बधाई
- मजबूत मूल्यों को बनाए रखने के लिए दी शुभकामना

**संवाद सहयोगी, जागरण ● सोलन** : डा. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी की पूर्व छात्राओं मेघा सिंह कंवर और आंचल कुमारी ने हिमाचल प्रशासनिक सेवा (एचएएस) परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। वीरवार को मेघा सिंह कंवर का विवि में कुलपति, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने उन्हें विद्यार्थियों और राज्य भर के अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनने पर सम्मानित किया।



नौणी विवि में मेघा सिंह कंवर को सम्मानित करते कुलपति प्रो. राजेश्वर चंदेल व अन्य (दायें) आंचल कुमारी ● सौ. विवि

उन्होंने मेघा को मजबूत मूल्यों को बनाए रखने, उच्चतम स्तर की ईमानदारी सुनिश्चित करने की सलाह दी व एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में उनके भावी दायित्वों के लिए शुभकामना दी। मेघा ने माता-पिता, मार्गदर्शकों व विवि के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का आभार जताया। उन्होंने नौणी को एक समग्र एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण देने के लिए श्रेय दिया। वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. चमनलाल ठाकुर, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भी पूर्व छात्राओं को बधाई दी। जिला सिरमौर के ग्राम खनिवर की निवासी मेघा सिंह कंवर ने एचएएस परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने 2022 में नौणी विश्वविद्यालय के वानिकी महाविद्यालय के सिल्वीकल्चर एवं एग्रोफोरेस्ट्री विभाग से एग्रोफोरेस्ट्री में मास्टर आफ साइंस (एमएससी) की डिग्री प्राप्त की, जहां वह 8.72/10 ओजीपीए के साथ विभागीय टापर रहीं। इसके अतिरिक्त उन्होंने विवि से बीएससी (आनर्स) वानिकी की डिग्री भी प्राप्त की है। जिला शिमला के नेरवा के ग्राम घोंटरी निवासी आंचल कुमारी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और उन्हें हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवा (एचपीपीएस) आवंटित की गई है। उन्होंने नौणी से बीएससी (आनर्स) वानिकी की डिग्री 2021 में 7.54/10 ओजीपीए के साथ पूर्ण की। अपने पूरे शैक्षणिक काल में आंचल ने निरंतर समर्पण, दृढ़ता की प्रबल प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया।

## सार संक्षेप

### दाड़गी स्कूल में स्नेहा चुनी सर्वश्रेष्ठ छात्रा



दाड़गी स्कूल में वीरवार को समारोह के दौरान मेधावी अध्यापकों के साथ ● जागरण

**जुन्गा** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़गी के वार्षिक समारोह में जमा दो की स्नेहा को सर्वश्रेष्ठ छात्रा चुना गया। सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बसंत वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपये विकास गतिविधियों के लिए दिए। प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर वार्षिक रिपोर्ट पेश की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। मन्नत कंवर और रिया ठाकुर के देशभक्ति गीत पर थिरकते पांवों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त इतिहास प्रवक्ता हेमंत कंवर, हिमाचल प्रदेश शिक्षा निदेशालय के अधीक्षक हेम प्रकाश भारद्वाज, समाजसेवी पारुल शर्मा, संतोष कुमार, बेसरदत्त शर्मा, गुरु राम, बीडीसी सदस्य मधु, कथावाचक साहिल शर्मा, मुख्य अध्यापिका राजकीय उच्च पाठशाला मांदरी अंजना शर्मा व अन्य मौजूद रहे। (संसू)

### प्री आरडी शिविर में कैडेट्स ने दिखाई प्रतिभा

**नाहन** : राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के तीन रोवर्स ने मंडी के रिवाल्सर में राज्य स्तरीय प्रीआरडी परेड चयन शिविर में भाग लिया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राजकीय प्रशिक्षण केंद्र रिवाल्सर के प्री आरडी चयन कैंप में बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र अंतरिक्ष व पीयूष और उज्जवल बीए द्वितीय वर्ष ने हिस्सा लिया। पांच दिवसीय शिविर में रोवर्स ने परेड, योगाभ्यास, मार्च पास्ट एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। रोवर्स यूनिट प्रभारी डा. अभिषेक कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि तीनों रोवर्स


प्री आरडी शिविर में भाग लेने वाले राजगढ़ कालेज के रोवर्स ● सौ. कालेज

ने प्री आरडी चयन शिविर में प्रशिक्षण ग्रहण किया और साथ ही में यह आशा जताई कि तीनों रोवर्स का का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए होगा। प्राचार्य डा. राजेंद्र वर्मा ने रोवर्स और रेंजर यूनिट को बधाई दी है। (जासं)

### रिश्वतखोरी का आरोपित बीओ निलंबित

**बिलासपुर** : बिलासपुर सदर की चलैहली क्षेत्र में खैर के पेड़ों की मार्किंग की एवज में 50 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपित बीओ समीर मोहम्मद को वन विभाग ने निलंबित कर दिया है। वहीं पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद न्यायालय से आरोपित को जमानत मिल गई है। जानकारी के मुताबिक सोमवार को विजिलेंस की कार्रवाई में पकड़े गए समीर मोहम्मद की सूचना मिलने के बाद वन विभाग ने बीओ की निलंबन की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। न्यायालय के आदेश पहुंचने के बाद विभाग ने बीओ को निलंबित कर दिया है। इससे पूर्व गिरफ्तारी के बाद आरोपित तीन दिन के पुलिस रिमांड पर था। वहीं सोमवार को उसके दोबारा न्यायालय में पेश किया था, जहां आरोपित को जमानत मिल गई है। (जासं)

### वाइस चेयरमैन विशाल ने वितरित किए फल

**शिमला** : राज्य खाद्य आपूर्ति निगम के वाइस चेयरमैन विशाल चंब्याल ने नववर्ष के पहले दिन बुधवार को आइजीएसमी में कैंसर रोगियों को फल बांटे। इस दौरान उन्होंने कैंसर रोगियों से बातीचत कर उनका कुशलक्षेम पूछा। वहीं आइजीएमसी में कैंसर रोगियों को मिल रही सुविधाओं के बारे में भी अस्पताल प्रशासन से जानकारी हासिल की। (जासं)


आइजीएमसी के कैंसर अस्पताल में मरीज का हालचाल पूछते वाइस चैयरमैन विशाल चंबयाल ● जागरण

### संगठन ने जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल


चंडीगढ़ में कंबल वितरित करने के दौरान संगठन के सदस्य ● सौ. संगठन

**बीबीएन** : सर्व सहायता संगठन ने 2014 से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी वार्षिक शीतकालीन सेवा अभियान शुरू कर दिया है। संगठन की विभिन्न टीमों ने बुधवार रात चंडीगढ़ के पीजीआइ अस्पताल, सेक्टर-16 एवं सेक्टर-32 अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, फुटपाथ क्षेत्रों तथा जीरकपुर मार्ग तक जरूरतमंदों को कंबल, गर्म चाय, नमकीन और बिस्कुट वितरित किए। इस सेवा कार्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल शर्मा, सोलन जोन अध्यक्ष मदन गोपाल गुप्ता, कांगड़ा जोन अध्यक्ष विवेक कुमार, रामशहर मंडल अध्यक्ष अमन गुप्ता, कोषाध्यक्ष विंध्याचल चौरसिया, मीडिया प्रभारी विश्वकर्मा, सदस्य कविराज अंकित परमार, पवन, आकाश, सुरज कौशल, रिषि कौशल, सौरव कुमार, मनु गुप्ता, विक्की जैन, दक्षराज, ओम प्रकाश, आकाश गुप्ता, चिंटू, मिंटू ने सहयोग दिया। (जासं)